राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 65
लखनऊ, रविवार 15 नवम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत 12

छठ पूजा की तैयारियों को लेकर डीएम ने किया निरीक्षण 10

संक्षिप्त समाचार

जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में होंगे शामिल पीएम

नई दिल्ली,एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 नवंबर को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में पूर्वाह्न 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम को प्रधानमंत्री संबोधित भी करेंगे। इस अवसर पर वह देशभर में जनजातीय समुदायों के सशक्तीकरण से जुड़ी करीब 3,000 करोड़ रुपये की 246 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार इन परियोजनाओं का उद्देश्य जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं, आजीविका के अवसरों और सामुदायिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है। इनके माध्यम से जनजातीय समुदायों के सामाजिक-आर्थिक विकास के साथ उनकी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण पर भी ध्यान दिया जाएगा। प्रधानमंत्री कुल 173 परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

आज से मिस्र के दौरे पर पीयूष गोयल



एजेंसी, नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 15 और 16 नवंबर को मिस्र के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह भारत-मिस्र संयुक्त व्यापार समिति की सातवीं बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश बढ़ाने के साथ औद्योगिक सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा होगी। उनके साथ 130 से अधिक उद्योग प्रमुखों और स्टार्टअप प्रतिनिधियों का उच्चस्तरीय भारतीय कारोबारी प्रतिनिधिमंडल भी मिस्र जाएगा। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार, काहिरा में 15 नवंबर को होने वाली संयुक्त व्यापार समिति की बैठक की सह-अध्यक्षता पीयूष गोयल और मिस्र के निवेश एवं विदेश व्यापार मंत्री डॉ. मोहम्मद फरीद सालेह करेंगे। बैठक में द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों की प्रगति की समीक्षा के साथ व्यापार के दायरे को बढ़ाने और विविधता लाने के उपायों पर चर्चा होगी।

दो थानाध्यक्षों समेत 31 उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र बदले


औरैया। जनपद में कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने और पुलिसिंग को प्रभावी करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती ने पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल किया है। दो थानाध्यक्षों समेत 31 उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। इसमें कई चौकी प्रभारी, वरिष्ठ उप निरीक्षक और थानों में तैनात उप निरीक्षक शामिल हैं। जारी स्थानांतरण आदेश के अनुसार, फफूंद के थानाध्यक्ष अजय कुमार को ऐरावाकटरा का थानाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं ऐरावाकटरा के थानाध्यक्ष गंगादास गौतम को पुलिस अधीक्षक का वाचक नियुक्त किया गया है। चौकी प्रभारियों में अभय प्रताप सिंह को अटसू से याकूबपुर, आनंद कुमार को हरचन्द्रपुर से बरौनाकला और योगेन्द्र सिंह को अनन्तराम से बदनपुर चौकी की जिम्मेदारी दी गई है। कुदरकोट में वरिष्ठ उप निरीक्षक रहे शम्भूनाथ को अयाना का वरिष्ठ उप निरीक्षक बनाया गया है। पूर्वासुजान चौकी प्रभारी संतोष कुमार को महिला थाना, ककोर चौकी प्रभारी आनंद कुमारी को ऐरावाकटरा और मेडिकल चौकी प्रभारी सोनी रावत को थाना सहार भेजा गया है।

जिला सैनिक कल्याण कार्यालयों का किया लोकार्पण

मुख्यमंत्री के हाथों पुस्तक 'शौर्य गाथा' का विमोचन, पुस्तक में सैनिकों की गौरवगाथाएं की गई शामिल

समृद्धि न्यूज, मेरठ।





मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को मेरठ जिले में आयोजित पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह में 27.50 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित आठ जनपदों के जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालयों तथा आवासीय सुविधाओं का लोकार्पण किया। इनमें औरैया, अमेठी, गोरखपुर, चंदौली, शामली, संत कबीर नगर, अंबेडकर नगर और सोनभद्र शामिल हैं। कार्यक्रम में बताया गया कि उत्तर प्रदेश के 75 जनपदों में से 64 में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालयों की सुविधाएं उपलब्ध हैं। स्वतंत्रता के बाद स्थापित 24 कार्यालयों में से 12 का निर्माण वर्ष 2017 के बाद हुआ है। इन नए भवनों और विश्राम गृहों से पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके परिवारों को स्थानीय स्तर पर बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विशेष पुस्तक 'शौर्य गाथा' का भी विमोचन किया। पुस्तक में भारतीय सशस्त्र सेनाओं में उत्तर प्रदेश के वीर सपूतों के अद्वितीय पराक्रम, वीरता और सर्वोच्च समर्पण का संकलन किया गया है। इसमें विभिन्न सैन्य अभियानों के परिचय के साथ वीरता पदक प्राप्त सैनिकों की गौरवगाथाएं शामिल हैं। पुस्तक में उत्तर प्रदेश के सात अशोक चक्र, 30 कीर्ति चक्र और 133 शौर्य चक्र से सम्मानित वीर सैनिकों की गाथाओं को स्थान दिया गया है।

इसका उद्देश्य नई पीढ़ी को देश के वीर नायकों के शौर्य, त्याग और राष्ट्रभक्ति से परिचित कराना है। समारोह में देश के लिए बलिदान देने वाले शूरवीरों की वीर नारियों, अर्चीं सिंह (पत्नी मेजर अमित शर्मा, सेना मेडल), उषा शर्मा (मां मेजर केतन शर्मा, सेना मेडल) और सुमन देवी (पत्नी नायक जितेंद्र सिंह) तथा भूतपूर्व सैनिकों लांस नायक प्रियपाल सिंह और राइफलमैन हरबीर सिंह को सम्मानित किया गया।

राष्ट्रपति ने सपनों को साकार करने के लिए बच्चों को किया प्रेरित



एजेंसी,नई दिल्ली।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शनिवार को बाल दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में विभिन्न स्कूलों और संगठनों के बच्चों से मुलाकात की और उनके साथ संवाद किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों को अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रतिबद्धता, समर्पण और दृढ़ता के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि उन्होंने बाल दिवस के अवसर पर विभिन्न स्कूलों और संगठनों के बच्चों से मुलाकात की और उनके साथ बातचीत की। उन्होंने बच्चों को अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्धता, लगन और दृढ़ संकल्प के साथ प्रयास करने का संदेश दिया।

भारत ने जीता अंडर-19 एशिया कप



- पाकिस्तान को एक विकेट से हराया
- मोहित उल्वा के 49 रन के बदौलत हुई रोमांचक जीत

एजेंसी,अल अमेरात ओमान।

भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम ने शनिवार को रोमांच की सारी हदें पार करते हुए चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को एक विकेट से हराकर 2026 एसीसी पुरुष अंडर-19 एशिया कप का खिताब जीत लिया। अल अमेरात क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए फाइनल में भारत ने 338 रन के विशाल लक्ष्य को आखिरी ओवर में हासिल किया। भारतीय टीम ने नौ विकेट पर 339 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। भारत की इस यादगार जीत में मोहित उल्वा और मनल चौहान ने अहम भूमिका निभाई। उल्वा ने दबाव के बीच 26 गेंदों पर पांच चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 49 रन बनाए और टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। उनके साथ चिगुरुपति वेंकट ने आठ गेंदों पर नाबाद 11 रन बनाकर महत्वपूर्ण सहयोग दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम ने निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट पर 337 रन बनाए। उस्मान खान ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 111 गेंदों पर 107 रन की शतकीय पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में 11 चौके और तीन छक्के लगाए। 338 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम को कप्तान लक्ष्य राजेश रायचंदानी ने संभली हुई शुरुआत दिलाई। उन्होंने 101 गेंदों पर 80 रन बनाए।

आर्यवीर सहवाग ने 61 गेंदों पर 58 रन का योगदान दिया। मनल चौहान ने 32 गेंदों पर आक्रामक 47 रन बनाकर भारत की जीत की उम्मीदें कायम रखीं। हालांकि, ऐसे मुश्किल समय में मोहित उल्वा ने तेज बल्लेबाजी करते हुए मुकाबले का रुख बदल दिया। उन्होंने नाबाद 49 रन की पारी खेलकर भारत को जीत की दहलीज तक पहुंचाया। पाकिस्तान की ओर से रिजवानुल्लाह ने तीन विकेट लिए, जबकि निकाब शफीक को दो विकेट मिले। इस जीत के साथ भारतीय युवा खिलाड़ियों ने बड़े दबाव वाले फाइनल में संयम और संघर्ष का शानदार प्रदर्शन करते हुए महाद्वीपीय खिताब अपने नाम कर लिया।

छठ पर्व पर लगायी गयी रोडवेज की 14 हजार से अधिक बसें



लखनऊ। योगी सरकार में कानून-व्यवस्था और परिवहन सुविधाओं में हुए बेहतर बदलाव का असर उत्तर प्रदेश में रात्रिकालीन आवागमन पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होने और सार्वजनिक परिवहन सेवाओं के विस्तार के कारण रात में सफर करने वाले यात्रियों का भरोसा बढ़ा है। नौकरीपेशा महिलाएं, छात्राएं और परिवारों के साथ यात्रा करने वाली महिलाएं भी रात में लंबी दूरी तय कर रही हैं। छठ पर्व पर रोडवेज की 14 हजार से अधिक बसें संचालित की जा रही हैं। इनमें 5 हजार बसें रात में यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचा रही हैं। वर्तमान समय में रात्रिकालीन सेवाओं में प्रतिदिन 2 लाख से अधिक यात्री सफर कर रहे हैं। दिल्ली से पूर्वांचल के प्रमुख शहरों के लिए करीब 550 बसों का संचालन हो रहा है। पर्व-त्योहारों पर रोडवेज की नाइट सर्विस में यात्रियों की भीड़ इस बदलाव को दर्शाती है।

चलती बस में लगी आग 40 यात्रियों ने कूदकर बचाई जान



समृद्धि न्यूज, मथुरा।

थाना राया क्षेत्र के अंतर्गत यमुना एक्सप्रेसवे स्थित राया कट पुल पर देर रात एक चलती स्लीपर बस में अचानक आग लगने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई दिल्ली से मध्य प्रदेश के छतरपुर जा रही इस बस में करीब 40 यात्री सवार थे। आग की लपटें उठती देख यात्रियों में चीख-पुकार मच गई, लेकिन समय रहते सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। दमकल की टीम ने करीब डेढ़ घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना देर रात की बताई जा रही है, दिल्ली से मध्य प्रदेश के छतरपुर जा रही प्राइवेट बस में अचानक आग की लपटें दिखाई दी। आग की लपटें उठती देख यात्रियों में चीख-पुकार मच गई, चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए बस को सड़क किनारे रोक दिया। बस में आग की लपटें देखकर हर कोई डर गया। बस में आग लगने की सूचना मिलते ही यमुना एक्सप्रेसवे की दमकल टीम मौके पर पहुंची और एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हादसे में यात्रियों का बस में रखा सामान जलकर राख हो गया। बस में सवार यात्रियों का आरोप है कि मौके पर पुलिस बहुत देर में पहुंची, जिससे राहत एवं बचाव कार्य काफी देर से हुआ। पुलिस के पहुंचने से पहले ही यात्रियों ने कूदकर अपनी जान बचाई।

महादेव ऐप मामले में छह राज्यों के 33 ठिकानों पर सीबीआई ने मारा छापा

एजेंसी, नई दिल्ली। महादेव ऑनलाइन बुक ऐप के अवैध सट्टेबाजी नेटवर्क के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने छह राज्यों में 33 ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया। पिछले कुछ दिनों के दौरान की गई इस कार्रवाई में सट्टेबाजी और जुआ खेलने के सक्रिय पैनल संचालित पाए गए, जिन्हें बंद करा दिया गया। तलाशी के दौरान म्यूल बैंक खातों और हवाला नेटवर्क के इस्तेमाल से जुड़े डिजिटल उपकरण, मोबाइल फोन और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए। सीबीआई के अनुसार, यह कार्रवाई महादेव ऐप के प्रमुख प्रवर्तकों में से एक और मुख्य आरोपित सौरभ चंद्राकर से पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर की गई। चंद्राकर को ओमान से प्रत्यर्पित किए जाने के बाद 01 नवंबर को गिरफ्तार किया गया था।

रायपुर की विशेष सीबीआई अदालत ने उसे आठ दिन की पुलिस हिरासत में सौंपा था। पूछताछ में प्लेटफॉर्म के संचालन और भारत में इसके पैनल संचालकों के नेटवर्क के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां मिलीं। सीबीआई ने अमृतसर, दिल्ली, धौलपुर, भोपाल, रायपुर, दुर्ग, इंदौर, अहमदाबाद, वडोदरा, सूरत, मुंबई और नागपुर में तलाशी ली।

डाक सेवाओं के दुरुपयोग की कोशिश नाकाम

विदेश से आए पार्सल से 10.8 किलो मादक पदार्थ जब्त

एजेंसी, नई दिल्ली।



राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने दिल्ली स्थित विदेशी डाकघर में एक यूरोपीय देश से आए संदिग्ध डाक पार्सल से 10.8 किलोग्राम एम्फेटामिन नामक प्रतिबंधित मादक पदार्थ जब्त किया है। डीआरआई के अनुसार इस कार्रवाई के जरिए अंतरराष्ट्रीय तस्करी सिंडिकेट द्वारा वैध डाक सेवाओं के दुरुपयोग की कोशिश को नाकाम किया गया है।

वित्त मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि डीआरआई के अधिकारियों को मिली विशेष सूचना के आधार पर संदिग्ध पार्सल की जांच की गई। पार्सल यूरोपीय देश से आया था और उसमें कपड़े (क्लेरन) होने की घोषणा की गई थी। शुरुआती जांच में डिब्बे के भीतर सामान्य घरेलू कपड़े मिले। हालांकि, पैकेजिंग की बारीकी से जांच करने पर डिब्बे की चारों तरफ की दीवारों में प्लास्टिक के दो-दो पाउच छिपे मिले। इस तरह कुल आठ पैकेट बरामद किए गए। इनमें गुलाबी रंग का पाउडर था, जिसकी जांच में एम्फेटामिन होने की पुष्टि हुई। डीआरआई ने स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस)-1985 के प्रावधानों के तहत सभी आठ पैकेट जब्त कर लिए हैं।

191 प्रदूषणकारी उद्योगों को सील करने का निर्देश

एजेंसी, नई दिल्ली। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए 191 प्रदूषणकारी उद्योगों को तत्काल सील करने का निर्देश दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि 30 नवंबर तक एएनपीआर कैमरे नहीं लगाने पर संबंधित परिवहन विभाग के अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की जाएगी। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से शनिवार को दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में प्रदूषण नियंत्रण उपायों की समीक्षा की गई। इस दौरान यादव ने राज्यों को योजनाओं से आगे बढ़कर समयबद्ध और समन्वित तरीके से जमीनी स्तर पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बैठक में हरियाणा के सात, उत्तर प्रदेश के चार और राजस्थान के चार शहरों के लिए सचिव स्तर के अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपने को कहा गया। ये अधिकारी मैदानी निरीक्षण कर हर सप्ताह वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को रिपोर्ट देंगे। आयोग से काम में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को नोटिस जारी करने को कहा गया है।

दुल्हन की तरह सजाये गये छठ घाट

- अर्घ्य के साथ सीएम योगी कार्यक्रम का करेंगे उद्घाटन
- 36 घंटे का होगा निर्जला व्रत

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



लोकआस्था का महापर्व छठ पूरी श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। चार दिवसीय पर्व शुक्रवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ। शनिवार को व्रती खरना कर रहे हैं। शहर के लक्ष्मण मेला मैदान और कुड़िया घाट पर छठ पूजा की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दोनों घाटों को आकर्षक रंगोलियों और सजावट से सजाया गया है।

छठ पर्व में खरना का विशेष महत्व है। शनिवार शाम पूजा के बाद व्रती प्रसाद ग्रहण करेंगे। इसके साथ ही उनका निर्जला व्रत शुरू हो जाएगा। व्रती पूरे दिन मन और शरीर की शुद्धता का पालन करते हैं। खरना का प्रसाद परिवार और आसपास के लोगों में बांटना शुभ माना जाता है। अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय ने बताया कि घाटों की पेंटिंग और सुंदरीकरण का काम लगभग पूरा हो गया है। गोमती नदी के पानी की सफाई भी कराई गई है। जिला प्रशासन, नगर निगम और एलडीए व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे हैं। अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले अर्घ्य के साथ करेंगे। इसमें केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, नगर विकास मंत्री एके शर्मा और महापौर सुषमा खर्कवाल समेत कई जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

मालिनी अवस्थी समेत 100 कलाकार देंगे प्रस्तुति



15 नवंबर को दोपहर 2 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। पद्मश्री मालिनी अवस्थी मुख्य कलाकार के रूप में प्रस्तुति देंगी। कार्यक्रम में 100 से अधिक कलाकार हिस्सा लेंगे। इस दौरान समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

गिग वर्कर्स बाइक रैली से राहुल ने किया सामाजिक सुरक्षा योजना का शुभारंभ



एजेंसी, हैदराबाद। कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शनिवार को हैदराबाद में गिग वर्कर्स की बाइक रैली में शामिल हुए। यह रैली तेलंगाना गिग वर्कर्स सामाजिक सुरक्षा और कल्याण योजना के शुभारंभ से पहले निकाली गई। इसमें तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी और कांग्रेस के अन्य नेता भी मौजूद रहे। रैली शिल्पारामम सभागार से शुरू होकर शहर के आईटी कॉरिडोर स्थित माधापुर के जयभेरी ग्राउंड में समाप्त हुई। इस दौरान राहुल गांधी बाइक पर पीछे बैठे नजर आए और गिग वर्कर्स के साथ रैली में शामिल हुए। योजना के शुभारंभ के अवसर पर गिग वर्कर्स को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस सरकार उनकी समस्याओं और चिंताओं को दूर करने के अपने वादे को पूरा कर रही है।

तैयारी

पहले के मुकाबले चीन के साथ भारत की सीमा हुई ज्यादा सक्रिय

सेना तैनात करने की हमारी क्षमता में हुआ सुधारः जयशंकर

एजेंसी, नई दिल्ली।



गलवान की हिंसक झड़प के बाद चीन सीमा पर हालात लगातार बदल रहे हैं और भारत ने भी अपनी सैन्य ताकत व तैयारियों को पहले से कहीं ज्यादा मजबूत कर लिया है।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि चीन के साथ भारत की सीमा अब पहले के मुकाबले ज्यादा सक्रिय हो गई है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सीमा पर किसी भी स्थिति से निपटने और लंबे समय तक सेना की तैनाती बनाए रखने की भारत की क्षमता में पिछले कुछ वर्षों के दौरान बड़ा सुधार हुआ है। जयशंकर ने 2020 के गलवान संघर्ष का जिक्र करते हुए कहा कि भारत ने सीमा पर अपनी तैयारियों और बुनियादी ढांचे को मजबूत किया है।

दिल्ली में शनिवार को आज एक कार्यक्रम में विदेश मंत्री ने कहा, उस सीमा पर खुद को बनाए रखने और सेना तैनात करने की हमारी क्षमता में सुधार हुआ है। मैं कहूंगा कि इसमें काफी महत्वपूर्ण सुधार आया है। उन्होंने माना कि सीमा की स्थिति अब पहले जैसी नहीं है और वहां गतिविधियां बढ़ी हैं। जून 2020 में गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हिंसक झड़प हुई थी। इस घटना में भारत के 20 सैनिक शहीद हुए थे। इसके बाद दोनों देशों के संबंधों में लंबे समय तक तनाव बना रहा। जयशंकर ने कहा कि सीमा पर भारत की तैयारियों को मजबूत करना जरूरी था, क्योंकि पहले इस क्षेत्र के बुनियादी ढांचे पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया था। जयशंकर ने कहा कि करीब एक दशक पहले तक भारत ने सीमावर्ती इलाकों के बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता नहीं दी थी। उन्होंने 1980 के दशक का उदाहरण देते हुए कहा कि उस समय भारत और चीन की अर्थव्यवस्थाओं का आकार लगभग बराबर था। लेकिन चीन ने आधुनिकीकरण और औद्योगीकरण पर तेजी से काम किया, जबकि भारत इस मौके का फायदा नहीं उठा पाया। उन्होंने 1988 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की चीन यात्रा का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाएं लगभग समान स्तर पर थीं। चीन ने इसके बाद औद्योगिक विकास पर जोर दिया और आर्थिक रूप से काफी आगे निकल गया। विदेश मंत्री ने उभरती वैश्विक व्यवस्था को भी भारत के लिए बड़ी चुनौती बताया। उनके मुताबिक, दुनिया का मौजूदा स्वरूप तेजी से बदल रहा है और आने वाले समय में देशों के बीच संबंध पहले से ज्यादा लेन-देन पर आधारित हो सकते हैं। ऐसे माहौल में भारत को अपनी आर्थिक और औद्योगिक क्षमता मजबूत करनी होगी, ताकि वह वैश्विक स्तर पर अपनी भूमिका प्रभावी ढंग से निभा सके।

उड़ानों पर लगी रोक आठ हजार उड़ानें रद्द, 15 लाख यात्री हुए प्रभावित



एजेंसी, वॉशिंगटन। अमेरिका में एयर ट्रैफिक कंट्रोल के कम्युनिकेशन सिस्टम में तकनीकी खराबी के कारण शुक्रवार को करीब चार घंटे देशभर में विमानों की उड़ान रोकनी पड़ीं। फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने सुरक्षा कारणों से देशभर के एयरपोर्ट पर उड़ानों को रोकने का आदेश दिया था। हालांकि चार घंटे बाद उड़ानों पर लगी रोक हटा दी गई। एफएए के इस आदेश इस दौरान 8,000 से ज्यादा उड़ानें रद्द हुईं और करीब 15 लाख यात्री प्रभावित हुए। सामान्य स्थिति बहाल होते-होते शनिवार को भी काफी संख्या में उड़ानों को रद्द करना पड़ा। ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों ने दावा किया है कि अबतक किसी साइबर हमले के संकेत नहीं हैं और यह स्थिति 9/11 जैसी नहीं है।

अपने गठबंधन को छोड़कर हम कहीं नहीं जाने वाले : अखिलेश

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।



यूपी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर सरगर्मियां तेज हैं। समाजवादी पार्टी अपनी तैयारियों को धार दे रही है। इस बीच, सपा मुखिया अखिलेश यादव का मायावती और इंडिया गठबंधन को लेकर बड़ा बयान सामने आया है। नई दिल्ली में चल रहे हिंदुस्तान टाइम्स लीडरशिप समिट 2026 में अखिलेश यादव शामिल हुए। उन्होंने मायावती की बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) से गठबंधन से इनकार किया। अखिलेश यादव ने कहा कि उनकी पार्टी सपा, कांग्रेस के साथ इंडिया गठबंधन में है। अपने गठबंधन को छोड़कर हम कहीं नहीं जाने वाले हैं। बसपा के साथ ऐसी कोई बातचीत नहीं है। जो गठबंधन कांग्रेस के साथ वही रहेगा। बस हमारा एक ही लक्ष्य है, भाजपा को हराना है।

अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव 2024 के हवाला देते हुए कहा कि यूपी में भाजपा की हार बहुत कुछ कहती है। 2014 में भाजपा सरकार बनवाई, लेकिन 2024 में यूपी हारे, तो अब गठबंधन की सरकार है। बसपा को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि वह बहुत कमजोर स्थिति में है। बहुजन समाज के लोग पीडीए के साथ हैं।

संक्षिप्त खबरें

थाना समाधान दिवस में एसपी ने सुनीं शिकायतें



बलरामपुर (अजय श्रीवास्तव)। शनिवार को थाना समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह ने कोतवाली नगर परिसर में पहुंचकर शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समाधान दिवस में मुख्य रूप से भूमि विवाद एवं पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें से कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया, जबकि शेष शिकायतों के समाधान के लिए राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीमें गठित कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने पूर्व में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की भी समीक्षा की। उन्होंने भूमि विवाद से जुड़े मामलों में राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करने तथा तथ्यों के आधार पर निष्पक्ष कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सोते रहे दम्पति,चोरो ने किया लाखों पर हाथ साफ

बहराइच समृद्धि न्यूज़ हुजूरपुर थाना क्षेत्र के नकहरा ग्राम पंचायत में प्रमोद श्रीवास्तव के यहां चोरों ने धावा बोलकर लाखों की चोरी करने में कामयाब हो गए।चोर घर के पीछे से छत पर चढ़कर अन्दर पहुंचे ।घर में सो रहे दम्पति के कमरे को बाहर से कुंडी लगाकर बन्द कर दिया। बाद में अन्य कमरे रखी आलमारी व बक्शे का ताला तोड़कर पन्द्रह अदद सोने चांदी के जेवरात तथा 32 हजार नगदी चोरी कर फरार हो गए। जिसमें हार 1 अंगूठी पांच ,झुमकी दो जोड़, माथ बिन्दी एक , कंगन दो जोड़,चैन सोने की दो, झाला तीन,नथुनी एक , सहित चांदी पायल पांच जोड़, बिछिया पांच,चाबी गुच्छा एक, पायजेब दो,कमर पेटी एक अदद चोर ले जाने में कामयाब हो गए। प्रभारी निरीक्षक बिपिन प्रकाश सिंह ने बताया कि चोरी सूचना मिली थी। मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। शीघ्र ही चोरी का खुलासा किया जायेगा।

डिपो में आयोजित हुआ स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम



बहराइच समृद्धि न्यूज़ यातायात माह के अंतर्गत शनिवार को बहराइच डिपो में स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य डिपो के कर्मचारियों एवं वाहन चालकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा सुरक्षित यातायात के लिए आवश्यक सावधानियों एवं यातायात नियमों की जानकारी देना रहा। कार्यक्रम के दौरान डॉ. पीयूष साहू ने कर्मचारियों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श प्रदान किया। वहीं नेत्र परीक्षण अधिकारी संजय श्रीवास्तव एवं फार्मासिस्ट अरुण कुमार यादव द्वारा उपस्थित कर्मचारियों एवं वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। तथा आवश्यक उपचार एवं दवाओं के संबंध में परामर्श दिया गया। इस अवसर पर जिला संक्रामक रोग प्रभारी आफाक अहमद की भी उपस्थिति रही। उन्होंने कर्मचारियों को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, आंखों की रोशनी का विशेष ध्यान रखने तथा वाहन चलाते समय यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर, बेहतर दृष्टि और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता सुरक्षित परिवहन व्यवस्था के महत्वपूर्ण आधार हैं।

नहाय खाय के साथ शुरू हुई छठ पूजा को कोतवाल ने किया घाटों का निरीक्षण

मसौली बाराबंकी। शनिवार से शुरु होने वाले नाह खाय छठ पूजा को लेकर प्रभारी निरीक्षक छोटेलाल ने छठ पूजा की तैयारियों के तहत धरौली स्थित नईबस्ती छठ घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने घाट की साफ-सफाई देखी और संबंधित लोगों को सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। प्रभारी निरीक्षक छोटेलाल ने कहा कि छठ पर्व पर घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। उन्होंने सुरक्षा, स्वच्छता और जरूरी व्यवस्थाओं का ध्यान रखने को कहा, ताकि व्रती महिलाओं और श्रद्धालुओं को परेशानी न हो।उन्होंने पर्व के दौरान शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

जंगली जानवर के हमले में बालिका समेत दो घायल

बहराइच समृद्धि न्यूज़ हरदी इलाके के नथुवापुर में शुक्रवार की देर रात जंगली जानवर के हमले में एक पांच वर्षीय बालिका समेत दो लोग घायल हो गए। घायल का सीएचसी रमपुरवा में उपचार कराया गया। वन विभाग ने सियार या कुत्ते की ओर से हमले की बात कही जा रही है। जानकारी के अनुसार नथुवापुर निवासी घर के पास खड़े 22 वर्षीय संजय पर जंगली जानवर ने हमला कर दिया।

आज मनेगा जनजातीय गौरव दिवस

समृद्धि न्यूज़

बलरामपुर (अजय श्रीवास्तव)। भगवान बिरसा मुंडा की 151वीं जयंती के अवसर पर 15 नवंबर को जनपद में जनजातीय गौरव दिवस भव्य रूप से मनाया जाएगा। इस अवसर पर पचपेड़वा क्षेत्र के इमिलिया कोडर स्थित थारू संग्रहालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित होगा। आयोजन के माध्यम से जनजातीय समाज की गौरवशाली विरासत, संस्कृति और परंपराओं को सम्मान देने के साथ ही उनके सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक विकास पर विशेष जोर दिया जाएगा।

कार्यक्रम की तैयारियों और जनजातीय परिवारों को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को विभागवार जिम्मेदारियां सौंपी हैं। उन्होंने जनजातीय ग्रामों में विशेष अभियान चलाकर पात्र परिवारों को सरकारी योजनाओं से शत-प्रतिशत जोड़ने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत आधार, आयुष्मान, राशन और श्रमिक पहचान पत्र, बैंक खाते, आवास, पेंशन, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं कृषि संबंधी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाया जाएगा।

वास्थ्य विभाग थारू संग्रहालय में स्वास्थ्य शिविर लगाकर लोगों की जांच करेगा तथा पात्र व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाएगा। गर्भवती महिलाओं और बच्चों का पंजीकरण, स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी।

बाल विकास विभाग आंगनबाड़ी सेवाओं, नए केंद्रों के निर्माण और पोषण वाटिका की स्थापना की दिशा में कार्य करेगा।

ग्राम्य विकास विभाग प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवासहीन पात्र परिवारों को लाभान्वित करेगा। पूर्ति विभाग राशन कार्ड बनाने और उज्ज्वला योजना के तहत पात्र परिवारों को गैस कनेक्शन दिलाने की कार्यवाही करेगा। समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक कल्याण और अन्य विभागों द्वारा छात्रवृत्ति, पेंशन, पारिवारिक लाभ एवं सामूहिक विवाह योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ आधार से खाते जोड़ने का कार्य किया जाएगा। दिव्यांगजन विभाग पात्र लोगों के दिव्यांगता प्रमाणपत्र और विशिष्ट पहचान पत्र बनवाएगा।

जनजातीय युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के लिए उद्योग विभाग प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना और एक जनपद एक उत्पाद योजना के तहत आवेदन एवं ऋण स्वीकृति की कार्यवाही करेगा। कौशल विकास मिशन के माध्यम से युवक-युवतियों को रोजगारपरक प्रशिक्षण दिया जाएगा, जबकि ग्रामीण आजीविका मिशन के जरिए स्वयं सहायता समूहों को स्वरोजगार और उद्यमिता से जोड़ा जाएगा।

ग्रामों में स्वच्छता, पेयजल, बिजली और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार पर भी जोर रहेगा। पंचायती राज विभाग साफ-सफाई, कूड़ा उठान और सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता सुनिश्चित करेगा। जल निगम हर घर जल योजना के तहत स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता और विद्युत विभाग पात्र परिवारों को निःशुल्क बिजली कनेक्शन दिलाने की कार्यवाही करेगा। शिक्षा विभाग विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान की जानकारी देगा।

कृषि विभाग जनजातीय किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा और अन्य कृषि योजनाओं से जोड़ेगा। पशुपालन विभाग पशुओं का टीकाकरण कराने के साथ पशुपालकों को विभागीय योजनाओं का लाभ दिलाएगा। वहीं मत्स्य विभाग पात्र लोगों को मत्स्य पालन से संबंधित योजनाओं से जोड़ने की कार्यवाही करेगा।

थारू संग्रहालय में आयोजित कार्यक्रम में भगवान बिरसा मुंडा के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान, जनजातीय समाज के अधिकारों के लिए उनके संघर्ष और उनके आदर्शों को प्रमुखता से प्रस्तुत किया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी अधिकारियों को समय से तैयारियां पूरी करने और जनजातीय ग्रामों में विशेष अभियान चलाकर पात्र परिवारों को योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश दिए हैं।

ग्राम प्रधानों और चौकीदारों को अपराध रोकने की जिम्मेदारी

समृद्धि न्यूज़

बलरामपुर (अजय श्रीवास्तव)। पुलिस अधीक्षक मार्तण्ड प्रकाश सिंह के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय के पर्यवेक्षण में शुक्रवार को थाना कोतवाली नगर परिसर में ग्राम प्रधानों और चौकीदारों की बैठक आयोजित की गई। क्षेत्राधिकारी नगर अभिषेक सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में गांवों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और अपराधों पर अंकुश लगाने को लेकर चर्चा की गई। इसमें प्रभारी निरीक्षक, थाने के उपनिरीक्षक और बीट आरक्षी भी मौजूद रहे।

बैठक में ग्राम सुरक्षा समितियों का गठन कर उनके सदस्यों को गांवों में नियमित रात्रि गश्त करने के निर्देश दिए गए। चोरी, लूट, छिनैती, पशु चोरी, अवैध शराब और जुआ जैसी गतिविधियों पर नजर रखने के साथ संदिग्ध व्यक्तियों, बाहरी लोगों, किरायेदारों और फेरी वालों की गतिविधियों की जानकारी रखने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए कहा गया।

ग्रामीणों को साइबर ठगी से बचाव के प्रति जागरूक करते हुए फर्जी फोन कॉल, एक बार इस्तेमाल होने वाला गुप्त अंक (ओटीपी), लॉटरी और आकर्षक प्रस्तावों के नाम पर होने वाली ठगी तथा क्यूआर कोड के माध्यम से की जाने वाली धोखाधड़ी से सतर्क रहने की सलाह दी गई। किसी अनजान कड़ी को न खोलने और बैंक संबंधी जानकारी या गुप्त अंक किसी अपरिचित व्यक्ति से साझा न करने की अपील की गई।

आगामी चुनाव के मद्देनजर गांवों में चल रहे विवादों की जानकारी पुलिस को देने को कहा गया, ताकि समय रहते उनका विधिक निस्तारण कराया जा सके और किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

बैठक का उद्देश्य गांवों में कानून-व्यवस्था मजबूत करना, अपराधों की रोकथाम करना तथा पुलिस और ग्रामीणों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर ग्राम प्रधानों एवं चौकीदारों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना रहा।

2027 में सपा को मिलेगी अजेय बढ़त: गोप

- गांधी भवन में आयोजित स्वाद एवं संवाद कार्यक्रम में पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप का स्वागत
- समरसता सहभोज में दिखी सामाजिक एकजुटता, विजय कुमार सिंह मुन्ना ने जताया आभार

समृद्धि न्यूज़



बाराबंकी। एमएलसी चुनाव में समाजवादी पार्टी की शानदार जीत के बाद जिला प्रभारी के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं सपा के राष्ट्रीय सचिव अरविन्द कुमार सिंह गोप का शनिवार को गांधी भवन में भव्य स्वागत कर बधाई दी गई। इस दौरान आयोजित 'स्वाद एवं संवाद' कार्यक्रम में उन्होंने समरसता सहभोज में भी सहभागिता की। कार्यक्रम में राजनीतिक चर्चा के साथ सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे का संदेश भी दिया गया। समाजसेवी विजय कुमार सिंह मुन्ना की ओर से आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता वयोवृद्ध समाजवादी चिंतक एवं गांधीवादी राजनाथ शर्मा ने की। इस अवसर पर अरविन्द कुमार सिंह गोप ने एमएलसी चुनाव में मिले अभूतपूर्व जनसमर्थन के प्रति आभार जताते हुए बाराबंकी की जनता का विशेष रूप से शुक्रिया अदा किया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वयोवृद्ध समाजवादी चिंतक एवं गांधीवादी राजनाथ शर्मा ने अरविन्द सिंह गोप के व्यक्तित्व, उनकी लोकप्रियता, जनसंपर्क और आम लोगों के प्रति आत्मीय व्यवहार की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने कहा कि गोप की लोकप्रियता पद की नहीं, बल्कि जनता के बीच बनाए गए आत्मीय रिश्तों और सहज व्यवहार की देन है। आज की राजनीति में जब जनप्रतिनिधियों और आम जनता के बीच दूरियां बढ़ रही हैं, ऐसे में अरविन्द सिंह गोप का जनसुलभ व्यक्तित्व और लोगों के सुख-दुख में सहभागी होने की प्रवृत्ति दूसरे राजनेताओं के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने गोप को स्नेहाशीष देते हुए उनके उज्ज्वल और यशस्वी राजनीतिक भविष्य की कामना की। नगर पालिका परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह वर्मा ने कहा कि अरविन्द सिंह गोप का राजनीतिक अनुभव और जनता से आत्मीय जुड़ाव उनकी पहचान है।

खेल महोत्सव में नन्हे खिलाड़ियों ने बिखेरी प्रतिभा

समृद्धि न्यूज़



मिहींपुरवा,बहराइच समृद्धि न्यूज़ बाल दिवस के अवसर पर लॉर्ड बुद्धा पब्लिक स्कूल, अटल चौक में शनिवार को 'लॉर्ड बुद्धा खेल महोत्सव एवं बाल मेला-2026' का भव्य आयोजन किया गया। उत्साह, उमंग और खेल भावना से सराबोर इस समारोह में विद्यालय की चारों शाखाओं के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बच्चों के उत्साह और रोमांचक खेल मुकाबलों ने पूरे विद्यालय परिसर को उत्सव के रंग में रंग दिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी मोनालिसा जौहरी ने दीप प्रज्ज्वलन के साथ समारोह का शुभारंभ किया। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेलकूद विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास के साथ उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

खेल प्रतियोगिताओं में प्राथमिक वर्ग के बच्चों के लिए म्यूजिकल चेयर और बॉटल चैलेंज आकर्षण का केंद्र रहे। वहीं वरिष्ठ वर्ग में कबड्डी, खो-खो, जूडो-कराटे और एथलेटिक्स की प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अपनी फुर्ती, कौशल और खेल भावना का परिचय दिया। अटल चौक मुख्य शाखा, गुरुद्वारा ब्रांच, हिंदी माध्यम शाखा और गायघाट ब्रांच के विद्यार्थियों की सहभागिता ने आयोजन को यादगार बना दिया। खेल प्रतियोगिताओं के साथ आयोजित बाल मेले में बच्चों ने खानपान और मनोरंजक खेलों के स्टॉल लगाकर अपनी रचनात्मकता एवं प्रबंधन क्षमता का परिचय दिया। अभिभावकों ने भी बच्चों के उत्साहवर्धन के साथ मेले का आनंद लिया। समारोह के समापन पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. जितेंद्र कुमार मौर्य ने कहा कि विद्यालय का ध्येय वाक्य 'वी बिलीव इन इनोवेशन' बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता और व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय के प्रबंधक एसके मौर्य ने मुख्य अतिथि, अभिभावकों, खेल प्रशिक्षकों और समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया।

छठ पूजा से पहले झिंगहा घाट पहुंचे डीएम-एसपी

- सुरक्षा, बैरिकेडिंग और भीड़ प्रबंधन के इंतजाम पूरे करने के निर्देश
- गहरे पानी वाले स्थानों पर लगेंगे एलर्ट बोर्ड

समृद्धि न्यूज़



बहराइच समृद्धि न्यूज़ शनिवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने छठ महापर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत संयुक्त रूप से झिंगहा घाट का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी नगर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।निरीक्षण के दौरान घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के दृष्टिगत साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पेयजल, आवागमन के मार्गों एवं पार्किंग व्यवस्था का जायजा लिया। साथ ही श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन एवं निगरानी के लिए किए गए प्रबंधों की समीक्षा की तथा संबंधित को निर्देशित किया कि सभी प्रमुख एवं संवेदनशील घाटों पर पर्याप्त पुलिस बल एवं महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती सुनिश्चित की जाए। घाटों पर प्रवेश एवं निकास की व्यवस्था सुव्यवस्थित रखी जाए तथा सुरक्षा एवं निगरानी हेतु राजस्व एवं अन्य संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित किया जाए। जलाशयों में गहरे पानी वाले स्थानों को चिन्हित कर वहां बैरिकेडिंग एवं चेतावनी संकेतक लगाए जाएं तथा आवश्यकतानुसार नाव, गोताखोर आदि की व्यवस्था सुनिश्चित रखी जाए। किसी भी आपात स्थिति से निपटने हेतु चिकित्सा सहायता एवं एंबुलेंस की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने हेतु निर्धारित मार्गों एवं पार्किंग स्थलों की समुचित व्यवस्था करने तथा वाहनों के आवागमन को नियंत्रित करने के निर्देश दिए गए, जिससे श्रद्धालुओं को आवागमन में असुविधा न हो और जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। इसके अतिरिक्त घाटों एवं आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, विद्युत सुरक्षा एवं स्वच्छता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर शेष तैयारियां समय से पूर्ण करने तथा पर्व के दौरान निरंतर भ्रमणशील रहकर व्यवस्थाओं की निगरानी करने हेतु निर्देशित किया गया, ताकि छठ महापर्व सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया जा सके। इस दौरान श्रद्धालुओं से अपील छठ महापर्व निर्धारित एवं सुरक्षित घाटों पर ही मनाने, जल में उतरते समय विशेष सावधानी बरतने तथा सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के संबंध में पुलिस-प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की।

अवैध प्लाटिंग की भेंट चढा जल निकासी नाला

समृद्धि न्यूज़



मसौली बाराबंकी। कस्बा शहाबपुर स्थित महातलियाँ तालाब से जलनिकासी के लिए निकला नाला अवैध प्लाटिंग कारोबारियों की भेट चढ़ जाने से कस्बे को जाने वाला मुख्य मार्ग पर जलभराव की स्थित बन गयी है पंचायत भवन के सामने पक्की सड़क पर बिन बरसात के भरा पानी राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन गया है।बताते चले कि कस्बा शहाबपुर का जाने वाली पक्की सड़क पर वर्तमान मे भारी जलभराव होने के कारण लोगो को आवगमन मे दिक्कते हो रही है पंचायत भवन के सामने सड़क पर भारी जलभराव की स्थित बनी हुई है लोगो के अनुसार बाजार के निकट स्थित

महातलियाँ तालाब से पानी जल निकासी के लिए नाला बना था जिसे अवैध प्लाटिंग करने वाले भूमाफियों ने नाले को कब्जे मे लेकर प्लाटिंग कर दी है जिससे तालाब का पानी नही निकल पा रहा है और तालाब का पानी सड़क तक पहुंच चुका है।उक्त स्थान के निकट उच्च प्राथमिक विद्यालय भी स्थित स्कूल जाने वाले बच्चे गंदे पानी से गुजर कर विद्यालय जाने को मजबूर है।कस्बा शहाबपुर निवासी गुलाम रसूल, बद्रदूजा,मो रफी,मो नफीस,मो शकील आदि ग्रामीणों ने जलनिकासी की मांग की है

बाल दिवस पर पुलिस परिवार के मेधावी बच्चे सम्मानित

समृद्धि न्यूज़



बलरामपुर (अजय श्रीवास्तव)। बाल दिवस के अवसर पर शनिवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स बलरामपुर में वामा सारथी, उत्तर प्रदेश पुलिस परिवार कल्याण एसोसिएशन के तत्वावधान में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पुलिस परिवार के तीन मेधावी बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में वामा सारथी की अध्यक्षा डॉ. कुमुद सिंह ने बच्चों को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सम्मानित होने वाले बच्चों में मुख्य आरक्षी चालक शरद कुमार के पुत्र देवांश, अनुचर सूर्यभान शर्मा की पुत्री श्रुति शर्मा तथा अनुचर घनश्याम कन्नौजिया के पुत्र अभिषेक कन्नौजिया शामिल रहे।

गौरतलब है कि वामा सारथी के निर्धारित कार्यक्रम के तहत जुलाई, अगस्त और सितंबर 2026 के दौरान पुलिस परिवार के कल्याण के लिए जनपद में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई थीं। इनमें पुलिस परिवार की महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श के लिए स्वास्थ्य शिविर, पुलिस लाइन व थानों में पौधरोपण एवं स्वच्छता अभियान, बच्चों और युवाओं के लिए भविष्य संबंधी मार्गदर्शन, स्वतंत्रता दिवस पर ध्वज निर्माण एवं खेल प्रतियोगिताएं शामिल रहीं। इसके अलावा महिलाओं के लिए तीज महोत्सव के अंतर्गत मेहंदी और लोकगीत प्रतियोगिताएं तथा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर बच्चों की वेशभूषा प्रतियोगिता आयोजित की गई थी।

इस अवसर पर डॉ. कुमुद सिंह ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। पुलिस परिवार के बच्चों में अनुशासन, संस्कार और देशभक्ति की भावना विकसित करना आवश्यक है। शिक्षा, खेल और संस्कारों के बीच संतुलन बनाकर ही बच्चे जीवन में आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को निखारने और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए ऐसे आयोजन आगे भी जारी रहेंगे।

उन्होंने सभी विजेता बच्चों को बधाई दी और प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले अन्य बच्चों के उत्साह एवं प्रतिभा की भी सराहना की। समारोह में पुलिस परिवार की महिलाओं, बच्चों और पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

अंत में बच्चों को मिठाई वितरित की गई। इस दौरान महिला थाना प्रभारी पूनम यादव सहित पुलिस परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

72 अंक पाकर ओवरऑल चैंपियनशिप पर जमाया कब्जा

समृद्धि न्यूज़



बाराबंकी। पुलिस लाइन परिसर में आयोजित दो दिवसीय जनपद स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शनिवार को हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में भव्य समापन हुआ। खेल मैदान पर अपनी प्रतिभा, कौशल, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय देते हुए सिरौलीगौसपुर ने 72 अंक पाकर ओवरऑल चैंपियनशिप का गौरव हासिल किया, जबकि 70 अंक लेकर पूरेडलई ने उपविजेता का खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि जिला पंचायत प्रशासक श्रीमती राजरानी रावत ने विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राजरानी रावत ने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं बच्चों की प्रतिभा को निखारने, उनमें आत्मविश्वास जगाने और जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देने का सशक्त माध्यम हैं। इस आयोजन के माध्यम से ग्रामीण अंचलों में छिपी प्रतिभाओं को जनपद स्तर पर अपनी क्षमता और कौशल प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चे मंडल स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे और वहां से चयनित होकर राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का परचम लहराते हुए जनपद का गौरव बढ़ाएंगे। उन्होंने प्रतिभागी बच्चों के उत्साह, लगन और परिश्रम की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की तथा शिक्षकों के प्रयासों की भी प्रशंसा की। इससे पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी बंकी चंद्रशेखर यादव ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए प्रतियोगिता की रूपरेखा एवं उपलब्धियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि दो दिवसीय आयोजन में जनपद के 15 विकास खंडों एवं नगर क्षेत्र को मिलाकर 700 से अधिक बच्चों ने विभिन्न खेलकूद एवं सांस्कृतिक स्पर्धाओं में पूरे उत्साह और उमंग के साथ प्रतिभाग किया। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का मूल उद्देश्य बच्चों में खेल भावना, अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता तथा परस्पर सहयोग की भावना का विकास करना है। खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियां बच्चों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और रचनात्मक विकास के साथ उनके सर्वांगीण व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ऐसी प्रतियोगिताएं ग्रामीण अंचलों की प्रतिभाओं को पहचान दिलाने और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करने का प्रभावी मंच प्रदान करती हैं। प्रतियोगिता के प्राथमिक स्तर पर सूरतगंज ने चैंपियनशिप पर कब्जा जमाया, जबकि सिरौलीगौसपुर उपविजेता रहा। उच्च प्राथमिक स्तर पर पूरेडलई ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप हासिल की और निंदूरा उपविजेता बना।

छठ पूजा पर 24 घंटे मिलेगी निर्बाध बिजली, घाट होंगे रोशन

- यूपीपीसीएल अध्यक्ष का कटौतीमुक्त बिजली आपूर्ति का फरमान
- पूर्वांचल, मध्यांचल और पश्चिमांचल समेत सभी डिस्कॉम में टीमें अलर्ट

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार दीपावली के बाद अब छठ पूजा पर भी 24 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय है। योगी सरकार की प्राथमिकता है कि त्योहार के दौरान गांव से लेकर शहर तक उपभोक्ताओं को सुचारु, सुरक्षित और भरोसेमंद बिजली मिले। पावर कारपोरेशन अलर्ट मोड पर हैं। छठ पूजा घाटों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था करने को कहा गया है, ताकि श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। प्रमुख सचिव ऊर्जा एवं यूपीपीसीएल के अध्यक्ष रणबीर प्रसाद ने छठ पूजा पर प्रदेशवासियों को अनवरत, सुचारु विद्युत आपूर्ति करने को कहा है। उन्होंने डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों, मुख्य अभियंताओं और अधिकारियों को कटौती मुक्त बिजली आपूर्ति बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। स्थानीय बिजली बाधाओं को तत्काल दूर करने, पर्याप्त मरम्मत गैंग, ट्रॉली ट्रांसफार्मर और जरूरी सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है। रणबीर प्रसाद ने अधिकारियों को नियमित पेट्रोलिंग, ट्रांसफार्मर व फीडर का लोड जांचने तथा ढीले तारों और झुके बिजली पोलों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि पूजा स्थलों पर किसी भी तरह की दुर्घटना से बचा जा सके।वहीं बिजली व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के लिए पूर्वांचल, मध्यांचल और पश्चिमांचल समेत सभी डिस्कॉम के जनपदों में विभागीय टीमें लगातार अनुरक्षण और मेंटेनेंस कार्य कर रही हैं। बिजली लाइनों, ट्रांसफॉर्मरों और अन्य विद्युत उपकरणों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। प्रदेश सरकार की ओर से उपभोक्ताओं को सुरक्षित और निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने में फील्ड पर तैनात बिजलीकर्मियों की भूमिका को भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

26,720 परिषदीय विद्यालयों में होगा सोशल ऑडिट

- प्रदेश के सभी 75 जनपदों के 20 प्रतिशत परिषदीय विद्यालयों का होगा सोशल ऑडिट
- सोशल ऑडिट निदेशालय और राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के बीच एमओयू हस्ताक्षरित

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। योगी सरकार प्रदेश की परिषदीय शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण पहल कर रही है। प्रदेश के सभी 75 जनपदों में संचालित परिषदीय विद्यालयों के 20 प्रतिशत विद्यालयों का सोशल ऑडिट कराया जाएगा। इसके लिए 26,720 परिषदीय विद्यालय चिह्नित किए गए हैं। सोशल ऑडिट की प्रक्रिया संपन्न कराने के लिए सोशल ऑडिट निदेशालय, ग्राम्य विकास विभाग और राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा के बीच समझौता ज्ञापन एमओयू हस्ताक्षरित किया गया है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा मोनिका रानी ने सोशल ऑडिट निदेशालय के निदेशक को एमओयू की हस्ताक्षरित प्रति भेजते हुए समझौते के अनुसार अग्रिम देय 50 प्रतिशत धनराशि के हस्तांतरण के लिए बैंक खाते का पूरा विवरण उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है, जिससे धनराशि हस्तांतरण की प्रक्रिया समय से पूरी की जा सके। इस पहल से परिषदीय विद्यालयों में संचालित योजनाओं के वित्तीय और भौतिक पक्षों का स्वतंत्र मूल्यांकन किया जा सकेगा। सोशल ऑडिट से प्राप्त निष्कर्षों और सुधार संबंधी सुझावों के आधार पर योजनाओं के क्रियान्वयन को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी।एमओयू का मुख्य उद्देश्य समग्र शिक्षा योजना की पारदर्शिता, निष्पक्षता और प्रभावशीलता का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करना है। इसके अंतर्गत योजना से संबंधित वित्तीय अभिलेखों, वाउचर, अनुदान वितरण और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की जाएगी। साथ ही योजना के भौतिक लक्ष्यों एवं उपलब्धियों का मूल्यांकन भी होगा। लाभार्थियों का फील्ड वेरिफिकेशन और सैंपल चेकिंग की जाएगी। सोशल ऑडिट निदेशालय की टीम योजना के क्रियान्वयन में सामने आने वाली कमियों, वित्तीय अनियमितताओं और सुधार संबंधी सुझावों को शामिल करते हुए विस्तृत सोशल ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।समझौते के अनुसार प्रथम पक्ष यानी समग्र शिक्षा की ओर से ऑडिट के लिए आवश्यक सभी फाइलें, रिकॉर्ड, डेटाबेस और दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएंगे। सोशल ऑडिट टीम के फील्ड विजिट एवं निरीक्षण के दौरान आवश्यक सहयोग भी प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही अनुमोदित शर्तों के अनुसार दूसरे पक्ष को भुगतान सुनिश्चित किया जाएगा। द्वितीय पक्ष यानी सोशल ऑडिट निदेशालय निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण एवं निष्पक्ष ऑडिट पूरा करेगा। एमओयू हस्ताक्षरित होने की तिथि से 15 दिनों के भीतर सोशल ऑडिट की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। सोशल ऑडिट के लिए कुल 20 करोड़ 93 लाख 30 हजार 947 रुपये की धनराशि निर्धारित की गई है। इसका भुगतान तीन चरणों में होगा।

गर्भावस्था में मधुमेह का खतरा, समय पर जांच ही बचाव

- एसजीपीजीआई में विश्व मधुमेह दिवस पर विशेष चिकित्सा संगोष्ठी आयोजित, मातृ और शिशु स्वास्थ्य की सुरक्षा पर दिया जोर

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। गर्भावस्था के दौरान मधुमेह की अनदेखी मां और होने वाले बच्चे, दोनों की सेहत पर भारी पड़ सकती है। इस खतरे को कम करने के लिए समय पर जांच, सही उपचार और नियमित निगरानी बेहद जरूरी है। इसी मकसद से विश्व मधुमेह दिवस 2026 के अवसर पर संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के एंडोक्रिनोलॉजी एवं पीडियाट्रिक एंडोक्रिनोलॉजी विभागों ने गर्भकालीन मधुमेह पर विशेष सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) का आयोजन किया। इस वर्ष की थीम 'मधुमेह में शीघ्र व त्वरित कार्रवाई' के अनुरूप आयोजित कार्यक्रम में गर्भावस्था के दौरान मधुमेह की पहचान, प्रभावी उपचार और मातृ-शिशु स्वास्थ्य की सुरक्षा पर चर्चा हुई। संस्थान के निदेशक पद्मश्री प्रो. आर.के. धीमन, कार्यवाहक डीन प्रो. आदित्य कपूर और कार्यकारी रजिस्ट्रार कर्नल वरुण बाजपेयी ने प्रारंभिक जांच और बेहतर उपचार के लिए विभिन्न चिकित्सा विभागों के बीच तालमेल को जरूरी बताया। आयोजन एंडोक्रिनोलॉजी विभाग के कार्यवाहक प्रमुख डॉ. रोहित ए. सिन्हा के मार्गदर्शन में हुआ।

वैज्ञानिक सत्र में डॉ. स्मृतिमयी पांडा ने गर्भकालीन मधुमेह की जांच और निदान के मानकों की जानकारी दी। डॉ. नचिकेता परमार ने दवाओं, संतुलित आहार और जीवनशैली में बदलाव के जरिए इसके प्रबंधन पर चर्चा की। वहीं डॉ. अर्चना हाजरा ने बच्चों पर इसके संभावित प्रभावों, दीर्घकालिक स्वास्थ्य जोखिमों और प्रसव के बाद देखभाल की रणनीतियों को समझाया। संस्थान में 13 से 15 नवंबर तक चल रहे जागरूकता कार्यक्रम के तहत मरीजों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और निरंतर ग्लूकोज निगरानी के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

सेवा और संवेदना के संकल्प के साथ नर्सिंग के नए सफर की शुरुआत

- एसजीपीजीआई में बीएससी नर्सिंग के 17वें बैच का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित, ई-न्यूजलेटर का हुआ विमोचन

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। मरीजों की तकलीफ को समझना, उनकी देखभाल करना और मुश्किल वक्त में उम्मीद बनकर खड़े रहना नर्सिंग पेशे की असल पहचान है। इसी जिम्मेदारी और मानवीय मूल्यों को आत्मसात करने के संकल्प के साथ संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के कॉलेज ऑफ नर्सिंग में बीएससी नर्सिंग के 17वें बैच का दीप प्रज्ज्वलन एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों ने पारंपरिक नर्स शपथ लेकर मरीजों की सेवा, करुणा और पेशेवर नैतिकता के प्रति समर्पण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्रोफेसर-सह-प्रधानाचार्य डॉ. राधा के. ने समारोह के शैक्षणिक और नैतिक महत्व पर प्रकाश डाला। संस्थान के निदेशक पद्मश्री प्रो. आर.के. धीमन ने विद्यार्थियों को माता-पिता और शिक्षकों के मार्गदर्शन का महत्व समझाते हुए कठिन परिश्रम, सकारात्मक सोच और निरंतरता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

विशिष्ट अतिथि कमांड हॉस्पिटल, लखनऊ के कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्रधानाचार्य कर्नल जीना एन.जी. ने नर्सिंग शिक्षा में अनुशासन, सहानुभूति और मरीजों की समर्पित देखभाल को अनिवार्य बताया। समारोह में संस्थान के वरिष्ठ अधिकारियों और चिकित्सा विशेषज्ञों ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर कॉलेज ऑफ नर्सिंग के ई-न्यूजलेटर का विमोचन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों की शैक्षणिक उपलब्धियों, व्यावसायिक गतिविधियों तथा पाठ्येतर कार्यक्रमों को जगह दी गई है। शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार और प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। समारोह का समापन एसोसिएट प्रोफेसर शबाना खातून के आभार व्यक्त करने के साथ हुआ।

भाषा विश्वविद्यालय में कल जुटेंगे जिले के बाल वैज्ञानिक

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। राजधानी के ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में 16 नवंबर को 32वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का जिला स्तरीय आयोजन होगा। इंडियन साइंस कम्युनिकेशन सोसाइटी और विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में होने वाले कार्यक्रम में लखनऊ जिले के विभिन्न विद्यालयों के बाल विज्ञानी अपनी शोध परियोजनाएं प्रस्तुत करेंगे।

चयनित प्रतिभागियों को एक दिसंबर को नोएडा में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. राजेंद्र प्रसाद होंगे, जबकि अध्यक्षता कुलपति प्रो. अजय तनेजा करेंगे। पूर्व निदेशक बेसिक शिक्षा डॉ. सर्वेंद्र विक्रम बहादुर सिंह, संयुक्त निदेशक शिक्षा डॉ. प्रदीप कुमार और बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. निमिष कपूर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे। इस वर्ष कांग्रेस का मुख्य विषय 'सतत विकास के लिए विज्ञान एवं नवाचार' रखा गया है।

इसके तहत विद्यार्थी अपशिष्ट प्रबंधन, ऊर्जा, जल, खाद्य एवं कृषि, स्वास्थ्य और सतत विकास में भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुप्रयोग पर शोध परियोजनाएं प्रस्तुत करेंगे।

जिला समन्वयक डॉ. सत्यम शिवम सुंदरम ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य बाल वैज्ञानिकों को अपनी वैज्ञानिक सोच, शोध और नवाचार प्रदर्शित करने का मंच देना है। इससे उनकी प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सकेगी।

छठ पूजा पर आज व कल बदली रहेगी ट्रैफिक व्यवस्था

- हजरतगंज-महानगर-चौक में डायवर्जन, कुडिय़ाघाट जाने वाले रास्तों पर प्रतिबंध

लखनऊ। राजधानी लखनऊ में छठ पूजा को देखते हुए राजधानी में 15 और 16 नवंबर को ट्रैफिक डायवर्जन लागू रहेगा। 15 नवंबर को सूर्यास्त अघ्य और कोसी भरने के कार्यक्रम के चलते दोपहर 12 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक कई रास्तों पर सामान्य वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। वहीं, 16 नवंबर को सूर्योदय अघ्य के लिए सुबह 3 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक डायवर्जन लागू रहेगा। ट्रैफिक पुलिस ने हजरतगंज, महानगर और चौक क्षेत्र में यातायात व्यवस्था में बदलाव किया है। कई प्रमुख रास्तों पर वाहन नहीं जा सकेंगे। वाहन चालकों को वैकल्पिक मार्गों से गुजरना होगा। चिरैयाझील तिराहे से लक्ष्मण मेला मैदान की ओर वाहन नहीं जा सकेंगे। वाहन सहारागंज, सिकंदरबाग, दैनिक जागरण, पीएनटी चौराहा और क्लार्क अवध तिराहे से जा सकेंगे। सिकंदरबाग से महानगर जाने वाले वाहन संकल्प वाटिका कटिंग से चिरैयाझील की ओर नहीं जाएंगे। इन्हें निशातगंज और महानगर होकर जाना होगा। 1090 चौराहे से पीएनटी, बैकुंठधाम और संकल्प वाटिका ओवरब्रिज होकर लक्ष्मण मेला मैदान की ओर सामान्य वाहन, रोडवेज और सिटी बसें प्रतिबंधित रहेंगी। इन्हें गोल्फ क्लब और बंदरियाबाग होकर जाना होगा। कैसरबाग बस अड्डे से चिरैयाझील और संकल्प वाटिका ओवरब्रिज होकर 1090 चौराहे की ओर रोडवेज बसें नहीं जा सकेंगी। बसें बर्लिंग्टन, केकेसी पेट्रोल पंप तिराहा और कुंवर जगदीश चौराहे से जाएंगी। समतामूलक चौराहे से बैकुंठधाम और लक्ष्मण मेला मैदान की ओर सामान्य वाहन, रोडवेज और सिटी बसें प्रतिबंधित रहेंगी। इन्हें 1090, गोल्फ क्लब, बंदरियाबाग और कैंट होकर जाना होगा। नदवा बंधा मोड़ से झूलेलाल पार्क की ओर वाहन नहीं जा सकेंगे। इन्हें आईटी चौराहा या सुभाष चौराहे से जाना होगा। इक्का-तांगा स्टैंड से झूलेलाल पार्क जाने वाले वाहन डालीगंज रेलवे क्रॉसिंग, आईटी चौराहा या डालीगंज चौराहे से जाएंगे। आईटी चौराहे से हनुमान सेतु मंदिर और सुभाष चौराहे की ओर वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। इन्हें डालीगंज रेलवे क्रॉसिंग और इक्का-तांगा स्टैंड होकर जाना होगा। नया पक्का पुल से बंधा मार्ग होते हुए बैरल नंबर-2 की ओर वाहन नहीं जा सकेंगे। इन्हें पुराने पक्के पुल और सीतापुर रोड से जाना होगा। खदरा और फैजुल्लागंज से नया पक्का पुल की ओर वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। इन्हें 60 फीटा सीतापुर रोड से जाना होगा। नदवा बंधा यू-टर्न और हनुमान सेतु मंदिर चौराहे से डालीगंज इक्का-तांगा चौराहे की ओर वाहन नहीं जा सकेंगे। इन्हें विश्वविद्यालय मार्ग और आईटी चौराहे से जाना होगा। रूमी गेट पुलिस चौकी चौराहे से कुडिय़ाघाट की ओर वाहन नहीं जा सकेंगे। इन्हें टीले वाली मस्जिद तिराहे से जाना होगा। नया पक्का पुल से कुडिय़ाघाट जाने वाले वाहनों को टीले वाली मस्जिद तिराहे से डायवर्ट किया जाएगा। कैसरबाग बस अड्डे से सीतापुर जाने वाली रोडवेज बसें कुडिय़ाघाट होकर नहीं जा सकेंगी।

मतदाता सूची से करोड़ों नाम गायब, कांग्रेस ने एसआईआर पर उठाए सवाल

- दलितों, पिछड़ों और महिलाओं को निशाना बनाने का लगाया आरोप, 26 नवंबर को लखनऊ में निकालेगी संविधान बचाओ मार्च

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। मतदाता सूची में नामों की कटौती को लेकर सियासी घमासान तेज होने लगा है। प्रदेश कांग्रेस ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया है कि इसके जरिए दलितों, पिछड़ों, गरीबों और महिलाओं को मतदान के अधिकार से वंचित करने की कोशिश हो रही है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में एआईसीसी के उत्तर प्रदेश प्रभारी राजेन्द्र पाल गौतम ने दावा किया कि प्रदेश की मतदाता सूची से करीब 3.31 करोड़ नाम गायब हैं।

उन्होंने अनुमानित 25.70 करोड़ आबादी के आधार पर प्रदेश में करीब 16.70 करोड़ मतदाता होने की बात कही, जबकि एसआईआर के बाद अंतिम सूची में 13.39 करोड़ नाम ही शेष रहने का दावा किया। गौतम के मुताबिक दस्तावेजों और पुराने रिकॉर्ड की शर्तों के चलते प्रवासी मजदूरों, गरीब परिवारों और महिलाओं को अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने चुनाव आयोग से विधानसभा और बूथवार आंकड़े सार्वजनिक करने तथा कटे नामों में अनुसूचित जाति, पिछड़े वर्ग और महिलाओं का विवरण देने की मांग की। साथ ही सभी 84 अनुसूचित जाति आरक्षित विधानसभा क्षेत्रों में विशेष सत्यापन कराने की बात कही।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा 'मोना' ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं को सभी जिलों और विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची के सत्यापन की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने कहा कि मताधिकार की रक्षा के लिए कांग्रेस अपना संघर्ष जारी रखेगी। मोना ने घोषणा की कि 26 नवंबर को संविधान दिवस के मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी नेहरू भवन से बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा तक 'संविधान बचाओ मार्च' निकालेगी। प्रेसवार्ता में राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे भी मौजूद रहे।

नेहरू जयंती पर बच्चों की प्रतिभा ने बिखेरे रचनात्मकता के रंग

- कांग्रेस मुख्यालय में बाल दिवस पर चित्रकला, रंगोली और पोस्टर प्रतियोगिताएं आयोजित, बड़ी संख्या में बच्चों ने लिया हिस्सा

समृद्धि न्यूज़



लखनऊ। बच्चों की कल्पनाओं को रंगों में ढालने और उनकी रचनात्मक प्रतिभा को मंच देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में पंडित जवाहरलाल नेहरू की 137वीं जयंती बाल दिवस के रूप में मनाई गई।

इस मौके पर बच्चों के लिए रचनात्मक मेले के साथ चित्रकला, रंगोली और पोस्टर बनाने की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें बड़ी संख्या में बच्चों ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश प्रभारी राजेन्द्र पाल गौतम, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा 'मोना', सह-प्रभारियों और वरिष्ठ नेताओं ने पंडित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया।

सभा को संबोधित करते हुए राजेन्द्र पाल गौतम ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने आधुनिक, वैज्ञानिक और समावेशी भारत की नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनका मानना था कि देश का भविष्य बच्चों की शिक्षा और संस्कारों पर निर्भर करता है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा 'मोना' ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नेहरू के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक और सामरिक क्षेत्रों में मजबूत आधार तैयार किया।

समारोह में बच्चों की भागीदारी और उनकी रचनात्मक गतिविधियां आकर्षण का केंद्र रहीं। कांग्रेस नेताओं ने नेहरू के विचारों और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के महत्व को याद किया।

आंख में मिर्च झोंककर चेन लूटने वाला दूसरा आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ। राजधानी के वजीरगंज में बुजुर्ग की आंखों में मिर्च झोंककर सोने की चेन लूटने के मामले में पुलिस ने दूसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी पहचान फैसल खान (19) निवासी जनता नगरी, जगत नारायण रोड, वजीरगंज के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे शुक्रवार रात करीब 10 बजे रिवर बैंक कॉलोनी कट के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक, जवाहर नगर निवासी आशीष कुमार वर्मा ने 26 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया था कि दो अज्ञात बदमाशों ने उनके पिता की आंखों में मिर्च झोंक दी। इसके बाद उनके गले से सोने की चेन छीनकर फरार हो गए। मामले में वजीरगंज थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। पुलिस ने जांच के दौरान एक आरोपी खुशहाल कश्यप उर्फ तुषार उर्फ शूटर (19) को 2 नवंबर को गिरफ्तार किया था।

साधन सहकारी समिति पर खाद लेने के लिए किसानों की लंबी कतार लगी

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। गेहूं की बुवाई का सीजन शुरू होते ही खाद की मांग बढ़ गई है। रहीमाबाद और माल क्षेत्र की साधन सहकारी समितियों पर किसानों को डीएपी नहीं मिल रही है। रहीमाबाद समिति में 11 नवंबर और नबीपनाह-टांडा समिति में 12 नवंबर से डीएपी का स्टॉक खत्म है। किसान एनपीके और पोटाश से काम चला रहे हैं। शनिवार सुबह से रहीमाबाद साधन सहकारी समिति पर खाद लेने के लिए किसानों की लंबी कतार लगी रही। किसानों को घंटों इंतजार के बाद टोकन के जरिए खाद वितरित की गई। गेहूं की बुवाई का समय होने के कारण किसान जल्द खाद मिलने की उम्मीद में समिति पहुंच रहे हैं। रहीमाबाद साधन सहकारी समिति के कोऑपरेटिव सचिव आसिफ ने बताया कि समिति में एनपीके की 450 बोरी, पोटाश की 73 बोरी और यूरिया की 12 बोरी उपलब्ध है। डीएपी का स्टॉक 11 नवंबर से खत्म है। किसानों को टोकन व्यवस्था के तहत खाद दी जा रही है, ताकि वितरण में अव्यवस्था न हो। माल क्षेत्र की नबीपनाह-टांडा साधन सहकारी समिति में भी डीएपी उपलब्ध नहीं है। समिति के कोऑपरेटिव सचिव सुरेंद्र सिंह ने बताया कि यहां एनपीके की 300 और पोटाश की 250 बोरी स्टॉक में है। डीएपी का स्टॉक 12 नवंबर से खत्म है। इसके लिए ऑर्डर भेजा जा चुका है। जल्द आपूर्ति होने की उम्मीद है। किसानों का कहना है कि गेहूं की बुवाई लगातार चल रही है। ऐसे में समय पर खाद मिलना जरूरी है।

दलितों के हक की लड़ाई को गांव-गांव तक ले जाएगी कांग्रेस

- अनुसूचित जाति विभाग की बैठक में संगठन मजबूत करने पर जोर, 2027 विधानसभा चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं को सौंपी जिम्मेदारी

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। दलित समाज को सामाजिक न्याय, शिक्षा और रोजगार में समान अवसर दिलाने की लड़ाई अब गांवों और गलियों तक पहुंचाने की तैयारी है। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में शनिवार को अनुसूचित जाति विभाग की प्रदेश कार्यकारिणी की समीक्षा बैठक में नेताओं ने संगठन को मजबूत करने के साथ वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया।

सांसद एवं विभाग के प्रदेश अध्यक्ष तनुज पुनिया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में एआईसीसी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी राजेन्द्र पाल गौतम ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने संविधान के माध्यम से सभी नागरिकों को समानता का अधिकार दिया।

उन्होंने कहा कि दलित, शोषित और वंचित वर्गों को शिक्षा, रोजगार तथा सामाजिक न्याय के समान अवसर दिलाने के लिए संगठित संघर्ष जरूरी है। गौतम ने भाजपा पर आरक्षण व्यवस्था को कमजोर करने के प्रयासों का आरोप लगाते हुए कहा कि देश को धर्म और जाति की राजनीति के बजाय भाईचारे और सद्भाव के रास्ते पर आगे बढ़ना चाहिए। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष आराधना मिश्रा 'मोना' ने संविधान की रक्षा में अनुसूचित जाति विभाग की भूमिका को अहम बताते हुए कार्यकर्ताओं से अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहने की अपील की। उन्होंने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों की जीत के लिए संगठन मजबूत करने पर जोर दिया।

विभाग के प्रदेश अध्यक्ष तनुज पुनिया ने कहा कि कार्यकर्ता गांवों, गलियों और मोहल्लों तक पहुंचकर लोगों की समस्याएं उठाएं और संविधान तथा लोकतंत्र की रक्षा का संदेश जन-जन तक पहुंचाएं। उन्होंने संगठन विस्तार और जनसंपर्क अभियान तेज करने की जरूरत बताई।

आम के बाग में पेड़ से लटका मिला किसान का शव

लखनऊ। माल थाना क्षेत्र में एक किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शनिवार सुबह उनका शव गांव से करीब 500 मीटर दूर आम के बाग में पेड़ से लटका मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाकर पंचनामा भरा और आगे की विधिक कार्रवाई शुरू की। पिपरी गांव निवासी आसाराम (40) शनिवार सुबह करीब 5 बजे घर से बिना बताए पैदल निकले थे। कुछ देर बाद ग्रामीण आम के बाग की ओर पहुंचे तो होरीलाल के बाग में उनका शव रस्सी के सहारे पेड़ से लटका मिला। ग्रामीणों ने परिजनों और पुलिस को सूचना दी। आसाराम खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते थे। परिवार में पत्नी गंगा देवी, दो बेटे अभिषेक और अमरदीप तथा बेटी अंजली हैं।

पंखे से लटका मिला वैन ड्राइवर का शव

समृद्धि न्यूज़

लखनऊ। राजधानी में वैन ड्राइवर ने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। सुबह देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुलने पर माता-पिता अंदर पहुंचे। वहां उन्हें बेटे का शव फंदे से लटका मिला।

इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वैन ड्राइवर मनजीत की पत्नी चार दिन पहले मायके गई थी। पुलिस के मुताबिक, पति-पत्नी के बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। घटना शनिवार को बिजनौर थाना क्षेत्र की है। रायसिंहखेड़ा का मनजीत निजी स्कूल में वैन चलाता था। वह पिता श्याम बिहारी, मां रुक्मणी, पत्नी नेहा और एक वर्षीय बेटे नितिन के साथ रहता था। करीब चार दिन पहले नेहा बेटे को लेकर सरोजनीनगर के मीरानपुर पिनवट स्थित मायके गई थी। शुक्रवार शाम मनजीत वैन चलाकर घर लौटा और खाना खाने के बाद कमरे में सोने चला गया। शनिवार सुबह करीब छह बजे श्याम बिहारी और रुक्मणी धान काटने खेत गए। सुबह करीब साढ़े नौ बजे लौटने पर रुक्मणी उसे जगाने कमरे में पहुंची, जहां वह गमछे के सहारे पंखे के हुक से लटका मिला। श्याम बिहारी ने उसे नीचे उतारा, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पड़ोसियों से सूचना मिलने पर नेहा मायके वालों के साथ ससुराल पहुंची। उसने जमीन विवाद को लेकर परिजनों पर पति की हत्या का आरोप लगाया।

प्रसव के बाद महिला की मौत नवजात सुरक्षित, अस्पताल सील

प्रसव के दो घंटे बाद बिगड़ी हालत, सुबह 6:30 बजे तोड़ा दम डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप

समृद्धि न्यूज, मदनापुर, शाहजहांपुर।



मदनापुर कस्बे के कटरा रोड स्थित एक निजी अस्पताल में प्रसव के बाद 25 वर्षीय महिला की मौत हो गई। महिला ने बेटे को जन्म दिया था, जो सुरक्षित है। मौत के बाद गुस्साए परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया और डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल को सील कर दिया। मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव ढुकुरी कला निवासी शीतल पत्नी अजय सिंह को शुक्रवार दोपहर प्रसव पीड़ा होने पर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। करीब दो घंटे बाद उन्होंने सामान्य प्रसव से बेटे को जन्म दिया। परिजनों के मुताबिक, प्रसव के बाद अचानक उनकी हालत बिगड़ने लगी। आरोप है कि हालत गंभीर होने पर अस्पताल के डॉक्टरों और स्टाफ ने उन्हें दूसरे अस्पताल ले जाने की सलाह दी, लेकिन शनिवार सुबह करीब 6:30 बजे शीतल ने दम तोड़ दिया। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों ने अस्पताल स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। बताया जा रहा है कि हंगामे के दौरान अस्पताल में भर्ती अन्य मरीजों को भी वहां से ले जाया गया। शीतल अपने पीछे तीन वर्षीय बेटे शिवांश और नवजात बेटे को छोड़ गई हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को समझाने का प्रयास किया। करीब सात घंटे तक चले हंगामे के बाद परिजन पोस्टमार्टम कराने के लिए राजी हुए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं सीओ सदर शुभम वर्मा और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की और निजी अस्पताल को सील कर दिया। फिलहाल महिला की मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट और स्वास्थ्य विभाग की जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन, 47 मोतियाबिंद मरीज ऑपरेशन के लिए चयनित



सेहरामऊ दक्षिणी, शाहजहाँपुर।

जय बाबा कालसेन चैरिटेवल ट्रस्ट के तत्वावधान में शनिवार को ग्राम अकबरपुर स्थित नर्मदेश्वर मंदिर प्रांगण में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ ट्रस्ट के अध्यक्ष सुनील कुमार तिवारी की अध्यक्षता में क्षेत्रीय विधायक अरविंद सिंह ने फीता काटकर किया। शिविर में डॉक्टर श्रॉफ चैरिटी आई हॉस्पिटल की विशेषज्ञ टीम ने 94 मरीजों की आँखों की जांच की। जांच में मोतियाबिंद से पीड़ित 47 मरीजों को चिन्हित कर ऑपरेशन के लिए अस्पताल भेजा गया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष भरत सिंह, निलय सिंह, हरजीत सिंह, आनंद कुमार मिश्र, विपिन मिश्र, ऋषिकांत मिश्र, गौरव शुक्ला, प्रधान भानु प्रताप सिंह, पूर्व प्रधान पवन सिंह यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व ट्रस्ट के पदाधिकारी मौजूद रहे।

एक सप्ताह बाद भी नहीं सुलझी मौत की गुत्थी 35 किलोमीटर दूर कैसे पहुंचे उमाकांत?

परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग मोबाइल सीडीआर खंगाल रही पुलिस

अमरदीप रस्तोगी

रोजा, शाहजहांपुर। घटना को एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी बर्तन व्यापारी उमाकांत मिश्रा की मौत की गुत्थी नहीं सुलझ पाई है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि मदनापुर स्थित अपने घर से निकले उमाकांत आखिर करीब 35 किलोमीटर दूर चकभिटारा के पास कैसे पहुंच गए? वह जमुका की ओर जाने के बाद चकभिटारा तक किसके साथ और किन परिस्थितियों में पहुंचे, यह अब भी रहस्य बना हुआ है। उनका मोबाइल फोन भी बरामद नहीं हुआ है। परिजन शुरू से ही घटना को संदिग्ध मानते हुए हत्या की आशंका जता रहे हैं। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण पानी में डूबना बताया गया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल की सीडीआर के जरिए मामले की कड़ियां जोड़ने में जुटी है। एक सप्ताह बीतने के बाद भी घटना का खुलासा न होने से परिजनों के मन में कई सवाल उठ रहे हैं। अब देखना यह है कि पुलिस जांच में उमाकांत की मौत से जुड़े इन अनसुलझे सवालों के जवाब कब तक सामने आते हैं।

रोजा क्षेत्र में चकभिटारा के पास सीतापुर-बरेली राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे पानी से भरी खाई में मिले बर्तन व्यापारी के शव के मामले में परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। परिजनों ने पुलिस के आला अधिकारियों से मामले की रिपोर्ट दर्ज कर निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में व्यापारी की मौत का कारण पानी में डूबना बताया गया है। पुलिस मोबाइल की कॉल डिटेल (सीडीआर) के आधार पर मामले की जांच में जुटी है।



थाना मदनापुर क्षेत्र के निवासी बर्तन व्यापारी उमाकांत मिश्रा (35) रविवार शाम से लापता थे। सोमवार सुबह उनका शव रोजा क्षेत्र में चकभिटारा के पास हाईवे किनारे पानी से भरी खाई में पड़ा मिला था। शव मिलने की सूचना सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद परिजन रोजा थाने पहुंचे। वहां पुलिस द्वारा दिखाए गए सामान में उमाकांत की चप्पल देखकर पिता ने शव की शिनाख्त की थी।

रविवार शाम घर से निकले थे उमाकांत: मृतक के पिता रामदेव ने बताया कि रविवार शाम करीब चार बजे उमाकांत बिना बताए घर से कहीं चले गए थे। रात करीब दस बजे पत्नी पारूल ने फोन कर घर आने के बारे में पूछा तो उन्होंने कुछ देर में घर पहुंचने की बात कही थी। लेकिन देर रात तक घर नहीं लौटे। परिजनों ने कई बार फोन किया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं की। रातभर परिवार के लोग उनकी तलाश करते रहे।

फेसबुक पोस्ट देखकर थाने पहुंचे परिजन: सोमवार सुबह तक उमाकांत का कोई पता नहीं चला। इसी दौरान परिजनों ने फेसबुक पर चकभिटारा के पास खाई में अज्ञात युवक का शव मिलने की पोस्ट देखी। अनहोनी की आशंका में वे रोजा थाने पहुंचे। वहां उमाकांत की चप्पल देखकर पिता ने अपने बेटे की पहचान की। इसके बाद परिवार में कोहराम मच गया।

शराब के ठेके पर अकेले देखे गए थे व्यापारी: रोजा थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने पर जानकारी मिली है कि रविवार शाम उमाकांत कांट और देर शाम रोजा के निवाजपुर स्थित शराब के ठेके पर पौवा लेते दिखाई दिए थे। इसके बाद वह अकेले ई-रिक्शा में बैठकर जमुका की ओर चले गए थे। उनका मोबाइल फोन अभी बरामद नहीं हुआ है। पुलिस मोबाइल की सीडीआर निकलवाकर जांच कर रही है। उधर, परिजन घटना को संदिग्ध मानते हुए हत्या की आशंका जता रहे हैं और मुकदमा दर्ज कराने की मांग कर रहे हैं।

कारागार में हर्षोल्लास से मनाया गया बाल दिवस, शिक्षा व कौशल विकास को मिला बढ़ावा

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



जिला कारागार में प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर बाल दिवस गरिमामय माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम में जनपद एवं सत्र न्यायाधीश धर्मेंद्र कुमार पांडेय मुख्य अतिथि तथा उद्योगपति अशोक कुमार अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान शिव नाडर फाउंडेशन के शिक्षा प्लस कार्यक्रम के तृतीय बैच के 30 निरक्षर बंदियों को शिक्षण किट वितरित की गई, जिसका शिक्षण सोमवार से शुरू होगा। बागवानी, सिलाई, वॉल पेंटिंग, चित्रकारी व गमला निर्माण में प्रशिक्षित 25 बंदियों को कौशल प्रमाणपत्र तथा NIOS की अप्रैल 2026 हाईस्कूल-इंटर परीक्षा में उत्तीर्ण दो बंदियों को अंकपत्र प्रदान किए गए। न्यायाधीश ने कहा कि अपराध कम करने के लिए दंड के साथ शिक्षा और कौशल विकास जरूरी है। उद्योगपति अशोक अग्रवाल ने आत्मसम्मान के महत्व पर जोर दिया। इस मौके पर जनपद न्यायाधीश ने रुद्राक्ष का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। जेल अधीक्षक जितेंद्र प्रताप तिवारी ने शैक्षिक गतिविधियों की जानकारी दी व अतिथियों का आभार जताया। इस अवसर पर कारापाल रामनरेश गौतम, उपकारापाल बांकेलाल, पूनम तिवारी, मनोज कुमार शुक्ला, मयंक चतुर्वेदी सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

वृद्ध विधवा महिला से मारपीट कर घर से निकाला

बंडा, शाहजहांपुर। थाना क्षेत्र गांव पिपरिया हरिश्चंद्र में एक विधवा महिला के साथ उसके ससुरालियों द्वारा मारपीट और जान से मारने की धमकी देने और घर से बाहर निकाल देने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने शनिवार को थाने पहुंचकर पुलिस को नावजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। गांव पिपरिया हरिश्चंद्र निवासी बेलावती पत्नी संकटेलाल थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पति का निधन हो चुका है आरोफ है उसके पति की मृत्यु के बाद से ही उसका देवर सास और नंद उसके साथ आए दिन मारपीट और प्रताड़ित करते हैं और उसे घर में रहने नहीं दे रहे हैं पीड़िता के अनुसार शाम शुक्रवार और शाम को उक्त लोग गंदी गंदी गालियां देने लगे जब उसका उसने विरोध किया तो उसे ला गंदी गंदी गालियां देते हुए लात घूसों से पिटा और उसे घर में नहीं रहने दे रहे हैं पीड़िता के अनुसार शुक्रवार 13 नवंबर की शाम उसे सभी लोग गंदी गंदी गालियां देने लगे जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसे लात घुसो से मारा पीटा घर से निकाल दिया पीड़िता महिला ने प्रभारी निरीक्षक से आरोपियों की जांच कर सख्त कानून कारवाई की मांग की है इस संबंध में थाना प्रभारी बृजेश सिंह ने बताया जांच करा कर कार्रवाई की जाएगी।

दहेज लोभियों ने सोने की चेन के खातिर तोड़ा रिश्ता

बंडा, शाहजहांपुर। गोद भराई होने के बाद मैरिज लॉन हलवाई की बुकिंग होने के साथ कार्ड भी वितरित हो चुके थे अचानक दहेज लोभियों ने सोने की चेन की मांग कर दी असमर्थता जताने पर रिश्ता ठुकरा दिया पीड़ित भाई ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। गांव नबीनगर के मुकेश कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने अपनी बहन शीतल देवी की शादी बिलसंडा थाना क्षेत्र के गांव पिसहा मैं तय की थी उसने गोद भराई होने के बाद रोक में 50 हजार नगद दिए शादी में एक बाइक और घरेलू सामान दहेज में देने की बात पर रिश्ता तय हुआ 9 दिसंबर को शादी होनी थी मैरिज लॉन और हलवाई समेत सभी चीजों की बुकिंग होने के साथ कार्ड भी वितरित हो चुके थे अचानक ससुराल वाले सोने की चेन की मांग करने लगे असमर्थता जताने पर 14 नवंबर को फोन पर पति सास ससुर ने रिश्ता तोड़ने की बात कही जिससे मेरी बहन और घर वालों का दिमागी संतुलन बिगड़ गया थाना प्रभारी बृजेश सिंह ने बताया तहरीर मिली है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वांछित गिरफ्तार



तिलहर-शाहजहांपुर। किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में वांछित फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गौरतलब है कि बीती 23 सितंबर को एक व्यक्ति ने कोतवाली में तहरीर देकर उसकी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने विवेचना के दौरान मामले में बीएनएस की धारा 69 की बढ़ोतरी की। कोतवाल प्रभाष चंद्र ने बताया कि शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने मामले में वांछित आरोपी अंकित पुत्र नरेश निवासी ग्राम गोपालपुर को वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज के पास से गिरफ्तार कर शनिवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

बच्चों के बीच युवा कांग्रेस ने धूमधाम से मनाया बाल दिवस, बच्चों को बांटी खुशियां

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



जिला युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राम जी अवस्थी के नेतृत्व में महानगर के मोहल्ला बिजलीपुरा में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस को बाल दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने गरीब और जरूरतमंद बच्चों के बीच पहुंचकर उनके साथ खुशियां साझा कीं तथा बच्चों को उपहार एवं खाद्य सामग्री वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता मुन्ना ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं। पंडित जवाहरलाल नेहरू का बच्चों के प्रति विशेष स्नेह था, इसी कारण बच्चे उन्हें चाचा नेहरू के नाम से पुकारते थे। समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह जरूरतमंद बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाने और उनके बेहतर भविष्य के लिए आगे आए। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राम जी अवस्थी ने कहा कि बाल दिवस केवल उत्सव मनाने का दिन नहीं, बल्कि समाज के उन बच्चों तक खुशियां और अवसर पहुंचाने का दिन है, जो आर्थिक अभाव के कारण अपनी खुशियों से वंचित रह जाते हैं। युवा कांग्रेस का प्रयास है कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े बच्चों को भी सम्मान, शिक्षा और खुशियों का समान अधिकार मिले। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाना ही इस आयोजन का सबसे बड़ा उद्देश्य है।एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रफी उल हसन ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने हमेशा बच्चों को देश की सबसे बड़ी पूंजी माना। आज आवश्यकता है कि प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और आगे बढ़ने के समान अवसर मिलें। युवा पीढ़ी को बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए।इस अवसर पर प्रमुख रूप से युवा जिला उपाध्यक्ष सोभित मिश्रा, जिला महासचिव फरमान खान, याकूब खान, अनिल श्रीवास्तव, अयान खान, नितिन तिवारी, केशव मिश्रा, रवि नंदन, शिवांश मिश्रा, मो.निहाल आदि लोग मौजूद रहे।

कुंडा प्रतापगढ़ कथा श्रवण जाएंगे शाहजहांपुर से श्रद्धालु



जनसत्ता दल लोकतांत्रिक जिलाध्यक्ष ने प्रेसवार्ता कर दी जानकारी

शाहजहांपुर। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक की बैठक पार्टी जिला सचिव राजीव सिंह के आवास मोहल्ला गोविंदगंज सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष श्री प्रताप सिंह ने कहा कि जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भाईयां द्वारा आयोजित कराई जाने वाली श्री राम कथा में शाहजहांपुर से लगकग 500 पदाधिकारी व कार्यकर्ता व अन्य श्रद्धालू कुंडि प्रतापगढ़ कथा श्रवण करने जाएंगे। उन्होंने बताया कि सभी श्रध्दालुओ को ले जाने के लिए पूर्ण व्यवस्था की गई है।बैठक में जिला प्रधान महासचिव विवेक सिंह चौहान एडवोकेट, बीवी. सिंह चंदेल, अंकित सिंह, त्रिवेंद्र विक्रम सिंह, अभिषेक सिंह, शिवसरन सिंह, गजेंद्र बहादुर शर्मा, विजय प्रकाश शर्मा आदि मौजूद रहे।

सेंट मैरीज़ कॉन्वेंट स्कूल में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस



तिलहर - शाहजहांपुर। नगर के सेंट मैरीज़ कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बाल दिवस बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। शनिवार को स्कूल के प्रबंधक रेव फादर लाइजू एंटोनी, प्रधानाचार्या रेव सिस्टर पुनीता, रेव फादर विनीत और रेव फादर मंगल के सानिध्य में बाल दिवस मनाया गया। जिसमें शिक्षकों द्वारा विभिन्न मनोरंजक प्रस्तुतियाँ दी गईं। शिक्षकों के नृत्य, गीत और नाटक ने बच्चों का खूब मनोरंजन किया। इस अवसर पर आयोजित फ़न फेयर में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाये और खेलों का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम में अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया था। प्रबंधक रेव फादर लाइजू एंटोनी ने विचार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया।

चाचा नेहरू का जन्मदिन बाल दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया

समृद्धि न्यूज, सिंधौली, शाहजहांपुर।



कस्बे के मुड़िया मोड़ स्थित एम ए पब्लिक स्कूल जीएम पब्लिक स्कूल लिटिल स्कॉलर्स कान्वेंट स्कूल में आज भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन बाल दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि स्कूल के प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने स्कूल में लगे मेले का फीता काटकर उद्घाटन किया उसके बाद चाचा नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए एवं नमन किया प्रबंधक मंसूरी ने बच्चों को बाल दिवस की बधाई देते हुए कहा कि यह दिन देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस के रूप में मनाया जाता है चाचा नेहरू को बच्चों से बेहद लगाव था इसलिए बच्चे उन्हें प्यार से चाचा नेहरू कहकर पुकारते थे बाल दिवस का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अधिकारों उनकी शिक्षा एवं उनके बेहतर भविष्य के लिए समाज में जागरूकता बढ़ाना है आजकल बच्चे मोबाइल और रील्स की दुनिया में खोए हुए हैं खेलो और बच्चों की पारंपरिक गतिविधियों से दूर हो रहे हैं अतः बाल दिवस के मौके पर हम सबको उनके अधिकारों और उन्हें स्नेह, प्रेम के लिए जागरूक करना चाहिए इस मौके पर जीएम पब्लिक स्कूल की प्रधानाध्यापिका इरम मंसूरी कृष्ण पाल उमा वर्मा आसना चौहान सोनम मिश्रा रोमाना खान जोया मंसूरी निदा अंसारी तारा कादरी शोएब खान ऋषभ सक्सेना ओमवीर यादव रुचि सिंह रीता चौहान पल्लवी राठौर शिखा वर्मा अब्दुल रहमान खान जितेंद्र कुशवाहा करुणा शंकर पांडे आन्या शुक्ला ज्योति यादव आदित्य सिंह जैद मंसूरी गुलफिजा मंसूरी आदि मौजूद रहे।

गोल्डन फ्लॉवर पब्लिक स्कूल में शिक्षकों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों का बढ़ाया उत्साह

चाचा नेहरू के जन्मदिवस पर हुआ आयोजन, बच्चों को शिक्षा और संस्कारों का महत्व बताया

समृद्धि न्यूज, खुटार, शाहजहांपुर।



बाल दिवस के अवसर पर शनिवार को गोल्डन फ्लॉवर पब्लिक स्कूल में विभिन्न सांस्कृतिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यालय परिसर पूरे दिन उमंग और उल्लास से सराबोर रहा।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रबंधक हरदेव सिंह सिद्धू ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प अर्पित करके की। उन्होंने विद्यार्थियों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए उनके बेहतर भविष्य की कामना की। इस मौके पर शिक्षकों और शिक्षिकाओं ने बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न गतिविधियां एवं आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। शिक्षकों की ओर से आयोजित कार्यक्रमों का विद्यार्थियों ने खूब आनंद उठाया। विद्यालय के निदेशक नवदीप सिंह सिद्धू, प्रधानाचार्य राजकुमार साहू और उपप्रधानाचार्य ममता राजपूत ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे में अलग-अलग प्रतिभाएं छिपी होती हैं। उन्हें सही शिक्षा, मार्गदर्शन और संस्कार देकर निखारने की जरूरत है। बच्चे ही आने वाले समय में देश की जिम्मेदारी संभालेंगे और अपनी प्रतिभा से परिवार व समाज का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने कहा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू बच्चों को बेहद स्नेह करते थे। इसी कारण बच्चे उन्हें चाचा नेहरू के नाम से पुकारते थे। बाल दिवस बच्चों के अधिकारों, बेहतर शिक्षा और उनके सर्वांगीण विकास के प्रति समाज को अपनी जिम्मेदारी याद दिलाता है। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी विद्यार्थियों को बाल दिवस की बधाई दी गई और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

प्रेम सागर मेमोरियल इंटर कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस, बच्चों ने लगाईं व्यंजनों की दुकानें

समृद्धि न्यूज, कांट, शाहजहांपुर।



क्षेत्र के प्रेम सागर मेमोरियल इंटर कॉलेज में शुक्रवार, 14 नवंबर को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती के अवसर पर बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय में बच्चों के लिए विशेष आयोजन किया गया।कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने अपने हाथों से विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन तैयार कर आकर्षक दुकानें सजाईं। विद्यालय परिसर में बाजार जैसा माहौल देखने को मिला। बच्चों ने दुकानों पर खरीदारी करने के साथ ही खेलकूद और अन्य मनोरंजक गतिविधियों का आनंद लिया। इस आयोजन के माध्यम से बच्चों को रचनात्मकता के साथ-साथ व्यापार और खरीद-बिक्री का व्यावहारिक अनुभव भी मिला।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अनूप शुक्ला सहित समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

बचपन एकेडमी में केक काटकर मनाया चाचा नेहरू का जन्मदिन

सिंधौली, शाहजहांपुर। क्षेत्र के बचपन इंटरनेशनल एकेडमी बाजपुर में बच्चों ने केक काटकर चाचा नेहरू का जन्मदिन मनाया।कार्यक्रम में बच्चों ने बाल मेला लगाया बाल मेले में बच्चों ने विभिन्न प्रकार की दुकानें लगाई। बाल मेले का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक विमल शुक्ला ने किया।भारत के प्रथम प्रधानमंत्री ब बच्चों के प्यारे चाचा नेहरू के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पंडित जवाहर लाल नेहरू हमारे देश के प्रथम प्रधानमंत्री थे और वह बच्चों से बहुत प्यार करते थे। और बच्चे उन्हें प्यार से चाचा नेहरू कहकर पुकारते थे। इसीलिए उनका जन्मदिवस बालदिवस के रूप में मनाया जाता है विद्यालय के बच्चों द्वारा आयोजित बाल मेले में सभी अध्यापकों ने खरीददारी की।कार्यक्रम में अरविंद वर्मा, सौरभ दीक्षित,अनुष्का गुप्ता,सविता यादव, फिजा, अंशिका, प्रियांशी, दिव्यांशी आदि अध्यापक का सहयोग रहा।

चोरी के तारों की खरीद-फरोख्त व डकैती योजना के आरोपी की अग्रिम जमानत खारिज

शाहजहांपुर। चोरी के बिजली तारों की खरीद-फरोख्त और आगे डकैती की योजना बनाने के मामले में नामजद आरोपी को अदालत से राहत नहीं मिली। जिला जज धर्मेंद्र कुमार पांडेय ने आरोपी सुनील की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी। अभियोजन के अनुसार 12 मई 2026 को जलालाबाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हीरानगर स्थित पाल धर्मकांटा के गोदाम में छापा मारा था। पुलिस को वहां चोरी के बिजली तारों की खरीद-फरोख्त और डकैती की योजना बनाने का मामला सामने आया। कार्रवाई के दौरान 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था, जबकि सुनील और कुंदन कार से फरार हो गए थे। मौके से करीब छह क्विंटल बिजली के तार, दो लाख रुपये नकद, मोबाइल फोन, तमंचे और वाहन बरामद हुए थे। सुनील की ओर से झूठा फंसाने का तर्क दिया गया। हालांकि अदालत ने अपराध की गंभीरता और विवेचना में सामने आए साक्ष्यों को देखते हुए 12 नवंबर को अग्रिम जमानत अर्जी निरस्त कर दी।

थाना दिवस में सीओ ने दिए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

शाहजहांपुर। थाना परशुरामपुरी में शनिवार को थाना दिवस के अवसर पर जनसुनवाई का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में सीओ परशुरामपुरी ने स्वयं फरियादियों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट सहित विभिन्न मामलों से जुड़ी शिकायतें आईं। सीओ ने सभी प्रार्थना पत्रों पर गंभीरता से सुनवाई करते हुए राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर निष्पक्ष जांच व तय समय में निस्तारण के निर्देश दिए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कई मामलों का मौके पर ही आपसी सहमति से समाधान कराया गया, जिससे फरियादियों ने राहत की सांस ली।

छोटी सब्जी मंडी में निशुल्क चिकित्सा शिविर



शाहजहांपुर। लायंस क्लब शाहजहांपुर शक्ति के द्वारा डायबिटीज सर्विस वीक के अंतर्गत छोटी सब्जी मंडी में डायबिटीज चेक अप कैंप लगाया गया। अध्यक्ष लायन ललिता यादव ने बताया 13 नवंबर से 22 नवंबर तक चलने वाले डायबिटीज सर्विस वीक के अंतर्गत आज विश्व डायबिटीज दिवस पर लगभग 60 लोगों का डायबिटीज बीपी चेकअप कराया गया। जिसमें कुछ ब्लड सैंपल लिए गए और कुछ की रेंडम जांच कराई गई। जिसमें कई लोगों की डायबिटीज और बीपी बड़ी हुई निकली। डॉक्टर से परामर्श लेने को कहा गया कि अध्यक्ष लायन ललिता यादव ने लोगों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि डायबिटीज से बचने के लिए हमें संतुलित आहार नियमित व्यायाम बजन नियंत्रित रखना तथा नियमित जांच करानी चाहिए। अगर हमारे शरीर में कुछ लक्षण दिखाई देते हैं जैसे बार-बार पेशाब आना वजन कम होना या बढ़ाना नींद न आना थकान लगना बहुत अधिक प्यास लगना धुंधला दिखना तो हमें तुरंत डॉक्टर से परामर्श करना चाहिए। डायबिटीज से बचने के लिए हमें संतुलित आहार मोटा अनाज का प्रयोग करना चाहिए तथा चीनी चावल का प्रयोग कम करना चाहिए। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष लायन ललिता यादव, सचिव प्रियंका बियानी, कोषाध्यक्ष लायन शुभांगी गुप्ता, लायन सोनिया व क्लब के सदस्य और बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

आलू निकासी की अन्तिम तिथि 30 नवम्बर निर्धारितः पाठक

शाहजहांपुर। आलू फसल की बुवाई का अन्तिम समय चल रहा है, जिसके कारण शासन द्वारा निजी शीतगृहों मे भण्डारित आलू बीज, आलू के निकासी की अन्तिम तिथि 30 नवम्बर निर्धारित की है। जिला उद्यान अधिकारी पुनीत कुमार पाठक ने जनपद केयर आलू उत्पादक कृषकों व निजी शीतगृह स्वामियों से अपेक्षा की है कि आलू निकासी की गति को बढाते शत-प्रतिशत निकासी उक्त निर्धारित तिथि तक कराना सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी अवगत कराया है कि उद्यान विभाग में संचालित निजी शीतगृहों में भण्डारित आलू के भण्डारण प्रभार पर अनुदान योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए उक्त निर्धारित तिथि 30 नवम्बर तक ही आवेदन कर अनुदान का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद पोर्टल पर कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। इच्छुक किसान निजी शीतगृहों में भण्डारित आलू के भण्डारण प्रभार पर अनुदान योजना का लाभ प्राप्त किए जाने हेतु विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कर लाभ प्राप्त कर सकते है। ऑनलाइन आवेदन हेतु आधार कार्ड, बैंक पासबुक, भू अभिलेख खतौनी, की छायाप्रति, पासपोर्ट फोटोग्राफ, आमद रसीद, निकासी रसीद, गेट पास एवं शपथ-पत्र एवं मोबाइल नंबर होना आवश्यक है।

पुलिस को सूचना देने की रंजिश में युवक को पीटा, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

खुटार, शाहजहांपुर। पुलिस को सूचना देने से नाराज चार लोगों पर एक युवक के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है। मामले में पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। क्षेत्र के गांव मुरादपुर निविया खेड़ा निवासी सादिक पुत्र जाकिर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आठ नवंबर की शाम करीब पांच बजे पुलिस गांव में गश्त कर रही थी। इसी दौरान गांव में ताश खेल रहे जब्बार, छोटा, वारिस और शाहिद उर्फ कार्टून पुलिस को देखकर वहां से भाग निकले थे।आरोप है कि पुलिस को सूचना देने की आशंका में चारों उससे रंजिश मानने लगे। अगले दिन नौ नवंबर की सुबह करीब नौ बजे आरोपियों ने रास्ते में उसे रोक लिया और अभद्रता करते हुए गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर सभी ने एकजुट होकर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में उसे अंदरूनी चोटें आईं। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पुलिस ने शुक्रवार देर रात नामजद चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

800 बोरी आई खाद, पुलिस की मौजूदगी में वितरण, फिर भी कई किसान खाली हाथ लौटे

समृद्धि न्यूज, कांट, शाहजहाँपुर।



कस्बा स्थित बी-पैक्स एवं सहकारी संघ पर शनिवार को 800 डीएपी खाद का वितरण किया गया। सुबह ट्रक से खाद पहुंचते ही समिति पर किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिसके चलते पुलिस फोर्स की मौजूदगी में वितरण करना पड़ा। किसान एक सप्ताह से डीएपी के लिए भटक रहे थे और उम्मीद लगाए थे कि गेहूं की बुवाई से पहले खाद मिल जाएगी। लेकिन स्टॉक आते ही खत्म हो गया। आरोप है कि चुनिंदा लोगों को ही खाद मिल पाई, जबकि कमजोर और जरूरतमंद किसानों को हर बार की तरह मायूसी हाथ लगी। उन्हें अगली खेप आने पर खाद मिलने का आश्वासन देकर लौटा दिया गया। दूर-दराज गांवों से आए किसान कहते सुने गए कि लगता है इस बार बिना डीएपी के ही गेहूं बोना पड़ेगा। सचिव सर्वेश यादव ने बताया कि बी-पैक्स कांट पर 400 बोरी और सहकारी संघ पर 400 बोरी डीएपी वितरित की गई है।

सिरफ़िरे ने युवक के पेट में चाकू घोंपकर किया मरणासन्न

- बरेली के निजी अस्पताल में कराया गया भर्ती, हत्या के प्रयास की नामजद रिपोर्ट दर्ज

समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहाँपुर।

घर से खाना खाकर टहलने गए ने युवक ने एक सरफिरे द्वारा एलानिया गाली देने का विरोध क्या किया कि सरफिरे ग्रामीण ने उसके पेट में चाकू घोंप दिया। जिसकी चीख सुनकर पहुंचे घायल के चाचा को देख सरफिरा मौके से फरार हो गया। मामले में हत्या के प्रयास की नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव विट्ठलपुर प्रहलादपुर निवासी जगपाल पुत्र बृजपाल ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती 11 नवंबर की रात करीब नौ बजे उनका बेटा विवेक वर्मा खाना खाकर टहलने निकला था। आरोप की गांव का ही कालीचरन पुत्र प्रभूदयाल एलानिया गाली दे रहा था। जिससे टोकने पर कालीचरण ने जन से मारने की नीयत से विवेक पर चाकू से प्रहार कर पेट में चाकू घोंप दिया। विवेक की चीख सुनकर उनका भाई अजय मौके पर पहुंचा तो कालीचरण विवेक के पेट से चाकू निकालकर फरार हो गया। घायल विवेक को तत्काल शाहजहांपुर अस्पताल ले जाया गया। जहां जबाव देने पर उसे बरेली के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत स्थित बनी हुई है। कोतवाल प्रभाष चंद्र ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

दहेज हत्या के मामले में पति व सास-ससुर गिरफ्तार



रोजा, शाहजहांपुर। थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती रेती में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस ने पति समेत सास और ससुर को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दहेज हत्या और दहेज उत्पीड़न समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पीलीभीत जनपद के बरखेड़ा थाना क्षेत्र के कुन्दनपुर गौटिया निवासी उमेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने अपनी पुत्री भावना का विवाह 25 फरवरी 2026 को शाहजहांपुर के थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के मोहल्ला रेती निवासी पवन पुत्र छोटे लाल के साथ किया था। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर भावना को प्रताड़ित करते थे और उसके साथ मारपीट भी करते थे। शुक्रवार 13 नवंबर को भावना का शव घर के कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिलने की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर बेटी को प्रताड़ित कर आत्महत्या के लिए मजबूर करने तथा उसकी हत्या कर शव को फांसी के फंदे पर लटकाने का संदेह जताया। पिता की तहरीर के आधार पर थाना रामचंद्र मिशन पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 211/26 के तहत बीएनएस की धारा 85, 80(2) और दहेज प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3/4 में मुकदमा दर्ज किया। शनिवार को पुलिस टीम ने मामले में वांछित पति पवन, उसके पिता छोटे लाल और मां राजकुमारी निवासी मोहल्ला रेती, थाना रामचंद्र मिशन को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार तीनों को दोपहर में गिरफ्तार किया गया। मामले में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

छठ महापर्वः खरना के साथ शुरू हुआ 36 घंटे का निर्जला उपवास

- महिलाओं ने घरों पर मिट्टी के चूल्हे पर बनाई गुड़ की खीर

समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।



लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व छठ पूजा के दूसरे दिन खरना के साथ ही व्रतियों की कठिन तपस्या शुरू हो गई। सूर्योपासना और लोक आस्था के इस अद्भुत संगम को लेकर महिलाओं में उत्साह देखा गया। खरना के दिन व्रती महिलाओं ने पूरे दिन उपवास रखने के बाद शाम को विधि-विधान से पूजा की और

मिट्टी के चूल्हे पर आम की लकड़ी से गुड़ की खीर और रोटी का विशेष प्रसाद तैयार किया। छठी मैया को भोग लगाने के बाद व्रती और परिवार के सदस्यों ने प्रसाद ग्रहण किया। खरना प्रसाद ग्रहण करने के बाद व्रतियों का कठिन 36 घंटे का निर्जला बिना पानी के व्रत शुरू हो गया। आज रविवार 15 नवंबर को अस्ताचलगामी डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा। कल सोमवार 16 नवंबर को उदीयमान उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ इस महापर्व का समापन हो जाएगा।

पूर्वांचल महासभा सेवा समिति अध्यक्ष सतीश चंद्र मिश्र ने सभी श्रद्धालुओं को खरना की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व केवल व्रत नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, पवित्रता और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का अनुपम पर्व है। खरना के दिन व्रती दिनभर निर्जला उपवास रखते हैं और शाम को विधि-विधान से भगवान भास्कर और छठी मइया की पूजा करते हैं। गुड़ की खीर, रोटी का प्रसाद बनाकर भोग लगाया जाता है। साथ 36 घंटे के महाव्रत का संकल्प लिया जाता है। श्री मिश्र ने कहा कि छठ पर्व सामाजिक समरसता, स्वच्छता और अनुशासन का प्रतीक है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से छठ घाटों पर स्वच्छता बनाए रखने और पर्व को आपसी सहयोग व सौहार्द के साथ मनाने की अपील की।





602 किलो से अधिक भांग का चूरा बरामद, दो सगे भाई गिरफ्तार

- मिश्रीपुर गांव में 30 बोरों में भरा मिला भांग की पत्तियों का चूरा, बाहर ले जाने की थी तैयारी

समृद्धि न्यूज, रोजा, शाहजहांपुर।



थाना रामचंद्र मिशन पुलिस ने नशीले पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मिश्रीपुर गांव से भांग की पत्तियों के 602.330 किलोग्राम चूरे के साथ दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से भांग का चूरा भरे प्लास्टिक के 30 बोरे बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार 13 नवंबर की रात थाना रामचंद्र मिशन पुलिस टीम क्षेत्र में शांति व्यवस्था और वांछित अपराधियों की तलाश में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मिश्रीपुर चौराहे पर मुखबिर से सूचना मिली कि गांव में टावर वाले रास्ते पर नीरज के मकान के सामने गली में भांग की पत्तियों का चूरा भरे कई बोरे रखे हैं। इन्हें कहीं बाहर ले जाने की तैयारी की जा रही है। सूचना पर पुलिस टीम आबकारी सिपाही के साथ मौके पर पहुंची। वहां मकान से निकलकर दो व्यक्ति बोरों के पास खड़े होकर उन्हें ले जाने के संबंध में बातचीत करते मिले। पुलिस ने दोनों को पकड़कर पूछताछ की। उनकी पहचान मिश्रीपुर निवासी नीरज (29) और राजकुमार (40) पुत्र स्वर्गीय सियाराम के रूप में हुई। पुलिस ने मौके पर रखे 30 प्लास्टिक के बोरों की जांच कराई। साथ मौजूद आबकारी सिपाही धर्मेंद्र सिंह ने भी बरामद सामग्री को भांग की पत्तियों का चूरा बताया। इलेक्ट्रिक कांटे से तौल करने पर कुल वजन 602.330 किलोग्राम निकला। पुलिस ने दोनों आरोपियों को शुक्रवार रात करीब 10:30 बजे हिरासत में ले लिया। बरामदगी के आधार पर थाना रामचंद्र मिशन में मुकदमा अपराध संख्या 213/26 धारा 60(1)(सी) आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की अग्रिम विवेचनात्मक कार्रवाई में जुटी है।

एमए, जीएम व लिटिल स्कॉलर्स स्कूल में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस, बच्चों ने मेले में उठाया आनंद

समृद्धि न्यूज, सिंधौली शाहजहांपुर।



कस्बे के मुड़िया मोड़ स्थित एमए पब्लिक स्कूल, जीएम पब्लिक स्कूल एवं लिटिल स्कॉलर्स कॉन्वेंट स्कूल में शनिवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन बाल दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में बाल मेले का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं विद्यालय प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने मेले का फीता काटकर किया। इसके बाद उन्होंने चाचा नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और उन्हें नमन किया। इस मौके पर प्रबंधक मोहम्मद आसिफ अली मंसूरी ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू को बच्चों से बेहद लगाव था। बच्चे भी उन्हें प्यार से चाचा नेहरू कहकर पुकारते थे। बाल दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अधिकारों, शिक्षा और उनके उज्ज्वल भविष्य के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि आजकल बच्चे मोबाइल और रील्स की दुनिया में अधिक समय बिता रहे हैं तथा पारंपरिक खेलों और गतिविधियों से दूर होते जा रहे हैं। ऐसे में जरूरी है कि बच्चों को मोबाइल से दूर रखकर खेलकूद, रचनात्मक गतिविधियों और आपसी मेलजोल के लिए प्रोत्साहित किया जाए। बच्चों को उचित स्नेह, प्रेम और शिक्षा देना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका इरम मंसूरी सहित कृष्ण पाल, उमा वर्मा, आसना चौहान, सोनम मिश्रा, रोमाना खान, जोया मंसूरी, निदा अंसारी, तारा कादरी, शोएब खान, ऋषभ सक्सेना, ओमवीर यादव, रुचि सिंह, रीता चौहान, पल्लवी राठौर, शिखा वर्मा, अब्दुल रहमान खान, जितेंद्र कुशवाहा, करुणा शंकर पांडे, आन्या शुक्ला, ज्योति यादव, आदित्य सिंह, जैद मंसूरी और गुलफिजा मंसूरी सहित विद्यालय परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

हर कुमार पाठक कन्या इंटर कॉलेज में हुए प्रेरणादायक कार्यक्रम

शाहजहांपुर। महानगर क्षेत्र के श्री हर कुमार पाठक कन्या इंटर कॉलेज में बाल दिवस के अवसर पर मॉर्निंग असेंबली में चाचा नेहरू के जीवन और बच्चों के प्रति उनके प्रेम को याद करते हुए प्रेरणादायक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कॉलेज के नियुक्ति प्राधिकारी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव शुक्ला ने कहा कि छात्राएं देश की उज्जवल भविष्य हैंद्य उन्होंने शिक्षा संस्कार मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने तथा देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया तथा अभावग्रस्त बच्चों को निशुल्क और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। शिक्षिकाओ ने अध्यनरत छात्राओं को शैक्षणिक सामग्री वितरित किए जाने का संकल्प लिया एवं कॉलेज में प्रेरणादायक कार्यक्रमों का आयोजन किया। मुख्य रूप से छात्राओं ने जेम्स आफ इंडिया द लीजेंडरी पर्सनैलिटी थीम पर प्रस्तुति दी। छात्राओं ने खान-पान और रचनात्मक आकर्षक स्टॉल लगाकर व्यावसायिक कौशल लेनदेन और आत्मनिर्भर को सीखा विभिन्न प्रतियोगिताओं में बच्चों की खिलखिलाहट रंग-बिरंगे कार्यक्रम से रौनक छायी रही। साथ ही मासूमियत उत्साह और सीख का सुंदर संगम दिखा। कॉलेज प्रधानाचार्य ब्यूटी ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास और व्यावहारिक सीख बढ़ती है। बाल मेले में प्रवक्ता नाईमा शकील, शिक्षिकाएं मीना, अंजुम, दीपशिखा, अंजू, अनीता, रजनी आदि उपस्थित रही।



घर की छत पर निकला जहरीला किंग कोबरा, मचा हड़कंप

- वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद पकड़कर जंगल में छोड़ा

समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।

गोला वन रेंज के रजानगर पूर्वी बीट के मोहल्ला लक्ष्मीनगर कॉलोनी निवासी अश्वनी बाजपेई के घर में सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब घर की छत पर जहरीला विशाल किंग कोबरा निकल आया। बताया जा रहा है कि सामने वाले घर के लोग सुबह छत पर कपड़े सुखाने गए थे, तभी उन्हें अश्वनी बाजपेई की छत पर किंग कोबरा दिखाई दिया। तब उन्होंने इसकी सूचना घर वालों को दी। जानकारी होने पर मोहल्ले वासी भी एकत्रित होने लगे,घर वालों ने वन विभाग को सूचना दी। डिप्टी रेंजर अंकित बाबू के निर्देशन में फॉरेस्टर नैमिष वर्मा, सुरेश चन्द्र, गोविंद सिंह वाचर के साथ वन विभाग की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंची। और बड़ी सावधानी से सांप को पकड़ने का काम शुरू किया कड़ी मशक्कत के बाद टीम ने किंग कोबरा को सुरक्षित पकड़कर बोरे में बंद कर जंगल में ले जाकर सुरक्षित छोड़ दिया। सांप के जंगल में छोड़े जाने के बाद परिवार ने राहत की सांस ली। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि सांप दिखने पर उसे मारने के बजाय तुरंत विभाग को सूचना दें। सांप को पकड़ने का प्रयास खुद न करें, यह खतरनाक हो सकता है।



पुवायां के राना पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस

- बाल मेले में बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत कर बिखेरी प्रतिभा की छटा

समृद्धि न्यूज, पुवायां, शाहजहांपुर।

नगर के खुटार रोड स्थित राना पब्लिक स्कूल में 14 नवंबर को बाल दिवस के उपलक्ष्य में भव्य बाल मेले और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, कला, रचनात्मकता एवं आत्मविश्वास का ऐसा शानदार प्रदर्शन किया कि उपस्थित अभिभावक एवं अतिथिगण मंत्रमुग्ध हो गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। बाल मेले में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों के फूड स्टॉल लगाए गए। इन स्टॉलों पर बच्चों ने अपनी मेहनत, सूझबूझ एवं प्रबंधन क्षमता का परिचय दिया। मेले में बड़ी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों के साथ पहुंचे और उन्होंने विभिन्न स्टॉलों, खेलों तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भरपूर आनंद लिया।

बाल मेले में बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के झूलों एवं खेलों की व्यवस्था की गई थी। बच्चों ने झूलों का आनंद लिया, गेम्स खेले और पूरे उत्साह के साथ मेले में भाग लिया। विद्यालय परिसर में चारों ओर उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखते ही बन रहा था। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर सभी का दिल जीत लिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत हॉरर डांस, गुजराती नृत्य, कव्वाली एवं अन्य रंगारंग कार्यक्रम विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। प्रत्येक प्रस्तुति में विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और अभ्यास साफ दिखाई दे रहा था। अभिभावकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ बच्चों का उत्साहवर्धन किया। बच्चों ने साबित कर दिया कि यदि उन्हें उचित मंच और अवसर मिले तो वे अपनी प्रतिभा से किसी भी क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना सकते हैं। स्कूल



के निदेशक अवतार सिंह राना ने बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को देखकर अत्यंत प्रसन्नता होती है। इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने, आत्मविश्वास बढ़ाने और उन्हें मंच पर अपनी कला प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रबंधक प्रदीप पांडेय ने अपने संबोधन में कहा कि 14 नवंबर का दिन हम सभी के लिए विशेष महत्व रखता है। इस दिन देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी का जन्मदिवस होता है, जिसे पूरे देश में बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। पंडित नेहरू जी बच्चों से अत्यंत स्नेह करते थे और बच्चों को देश का भविष्य मानते थे। बाल दिवस हमें बच्चों की खुशियों, शिक्षा, अधिकारों और उनके सर्वांगीण विकास के महत्व की याद दिलाता है। प्रधानाचार्य सत्येंद्र सिंह चौहान ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बच्चों की प्रतिभा को मंच प्रदान करना और उनके अंदर आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करना शिक्षा का महत्वपूर्ण उद्देश्य है। उन्होंने बाल मेले को सफल बनाने के लिए विद्यार्थियों द्वारा की गई मेहनत, फूड स्टॉल लगाने में दिखाई गई रचनात्मकता तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तैयारी में उनके समर्पण की विशेष रूप से सराहना की। साथ ही उन्होंने अभिभावकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि उनकी उपस्थिति और सहयोग से बच्चों का उत्साह कई गुना बढ़ जाता है। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता में योगदान देने वाले समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों की भी प्रशंसा की। उपप्रधानाचार्य रुद्रेंद्र पटेल ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने विद्यार्थियों की तैयारियों से लेकर कार्यक्रमों के संचालन तक सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएं एवं शिक्षक मनप्रीत, प्रियंका सक्सेना, लखविंदर सिंह, प्रिंसी गोस्वामी, फराह, अंशिका सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल एवं यादगार बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह, उमंग, खुशियों और तालियों की गूंज सुनाई देती रही। अभिभावकों ने भी बच्चों की प्रतिभा की सराहना की और विद्यालय द्वारा इस प्रकार के रचनात्मक एवं मनोरंजक आयोजन कराने की प्रशंसा की। राना पब्लिक स्कूल का यह बाल दिवस समारोह केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं रहा, बल्कि बच्चों को अपनी प्रतिभा पहचानने, आत्मविश्वास बढ़ाने, टीम भावना विकसित करने और जीवन के नए अनुभव प्राप्त करने का एक सुंदर अवसर भी बना। अंत में विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए संदेश दिया कि बच्चे ही देश का भविष्य हैं और उनकी मुस्कान, शिक्षा एवं प्रतिभा को प्रोत्साहित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

सूचना

मैं CHAMPESHWARI DEVI मेरे पुत्र TEJPAL SINGH आर्मी नं.-4577551M रैंक-HAV के सैन्य दस्तावेज में मेरा नाम CHAMPESWARI NEGI व जन्मतिथि-05.02.1962 त्रुटिवश गलत अंकित हो गयी है, जबकि वास्तविक सही नाम CHAMPESHWARI DEVI व सही जन्मतिथि-18.04.1962 है। भविष्य में इसी नाम व जन्मतिथि से जाना व पहचाना जाये।

भाईचारा बढ़ाने वाली दिवाली

बाबा मायाराम

हाल ही में दीपावली का त्योहार मनाया गया। इस मौके पर शहरों में दुकानें सजीं, पटाखे छोड़े, रोशनी हुई, आतिशबाजी हुई, शोर-गुल हुआ, मिठाई और पकवान बने। दीपावली का यह एक पहलू है। दिवाली का दूसरा पहलू है गाय, बैल, भैंस और जानवरों को सजाया जाता है, कृषि औजारों की पूजा की जाती है। यह वह समय होता है, जब खरीफ की फसलों की कटाई होती है। छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश में इस समय धान कटाई हो रही है। धान, ज्वार, मक्का घर में आ जाता है। आज इसी पर बात करना चाहूंगा, जिससे हम त्योहारों को उनकी समग्रता में समझ सकें। इसी संदर्भ में मुझे याद आ रही है, हमारे गांव की याद, जो हमेशा ही स्मृति में बना रहता है, बल्कि साथ-साथ चलता है। जब मुझे शहरों और महानगरों में दीपावली देखने-समझने का मौका मिला तो उसमें बाजार हावी दिखा, औद्योगिक सभ्यता हावी दिखी। यह भागती हुई सभ्यता है। यहां खुशियां मनाई जाती हैं, पटाखे छोड़े जाते हैं, रोशनियां बिखेरी जाती हैं, लेकिन इसमें भाईचारा नहीं दिखता। दूसरी दिवाली हमारी गांव की थी, जिसमें ठहरी हुई कृषि सभ्यता थी। वह ठहरी दिखाई देती है, पर है वही टिकाऊ। मिट्टी के दीये जलाए जाते थे, गाय-बैल और खेती के औजारों की पूजा होती थी। मड़ई मेला होता था। जहां गांव और आसपास के लोग मिलते-जुलते थे। भाईचारा और उत्साह का माहौल होता था। यहां मैं एक मड़ई मेला की याद करना चाहूंगा, जहां मैं अक्सर जाया करता था। वह है नर्मदापुरम जिले के एक आदिवासी इलाके के मटकुली गांव की मड़ई मेले की। पिछले वर्ष वहां के मेले में गया था। वहां हम अपने मित्र से गांव और कृषि संस्कृति की बातें कर रहे थे। वे बता रहे थे कि पहले गांव में पैसा (मुद्रा) का ज्यादा चलन नहीं था, वस्तु विनिमय था। अगर सब्जी लेना है तो अनाज के बदले सब्जी ली जाती थी। गांव एक तरह से स्वावलंबी हुआ करते थे। वहां कई तरह की जातियां होती थी। वहां कुछ लोग खेती के औजार बनाते थे। किसानों के हल-बक्खर, हंसिया, कुल्हाड़ी इत्यादि। कुछ लकड़ी का सामान बनाते थे। किसान खेतों में अनाज उगाते थे, जो काम करवाते थे उसके बदले उनको अनाज मिलता था। वहां मिट्टी के दीये बनाए जाते थे। दीपावली में चाहे कितनी ही बल्बों की रोशनी हो, दीयों के बिना दिवाली नहीं होती। लक्ष्मी जी की मूर्तियां भी मिट्टी से बनती हैं। बातचीत करते हुए हमने मेले का एक चक्कर लगाया। मड़ई मेले में मिठाईयों की दुकान में रंग-बिरंगी बरफी, गुड़ की जलेबी, नमकीन, खोए के लड्डू बिक रहे थे। मड़ई में सिंघाड़े, पीठे, रतालू, फुटाने (भुने चने), मूंगफली बिक रही थीं। मेरा ध्यान कागज की फिरकनी (चकरी) ने खींचा। पहले हम लोग खुद ही कागज से बना लिया करते थे। गांगो माई और चंडी देवी की मड़िया में पूजन हो रहा था। ढालें गाजे-बाजे और देवताओं के साथ आ रही थी। उनके पीछे लोगों का हुजूम चल रहा था। हमने सिंघाड़े लिए, रतालू चखे और मटकुली के प्रसिद्ध बड़ों का स्वाद लिया। इस सब के बीच मैं याद कर रहा था, अपने बचपन को जब मेले में झूला, हिंडोलना आते थे। गन्ने बिकते थे, नृत्य होता था। जाम, सिंघाड़े, पेड़े, भुने चना, लाई, राजगीर और तिल के लड्डू बिकते थे। यह सब छोटी-छोटी दुकानें टोकरियों में सजाकर लगती थीं। छत्तीसगढ़ में तो कला-संस्कृति रची-बसी है। यहां दिवाली बहुत ही महत्वपूर्ण त्योहार है। इस मौके पर दूर-दूर से लोग उनके गांव आते हैं। त्योहार की खुशी के मौके पर परिवारजनों के साथ होते हैं। घरों की साफ सफाई, रंग-रोगन किया जाता है। यहां दिवाली खेती-किसानी, पशुधन, लोक संस्कृति सभी से जुड़ी है। लक्ष्मी पूजन होता है। यहां राम से जुड़ा रिश्ता दिवाली को खास बनाता है।

दिवाली के बाद राउत नाचा का सिलसिला शुरू हो जाता है। पारंपरिक वेश-भूषा में यह नाचा बहुत ही आकर्षक होता है। इसमें महिला- पुरूष दोनों मिलकर नाचते हैं। इस बार मुझे इसे देखने का मौका मिला। यहां भी अब गांव-गांव में मड़ई मेले होंगे। लेकिन आज खेती और किसानों की कई समस्याएं हैं। कुछ जलवायु बदलाव से जुड़ी हैं तो कुछ बाजार से। यानी कुछ मानवनिर्मित है तो कुछ प्रकृतिजन्य। कुछ लोग इसे प्रकृति की देन बताकर पल्ला झाड़ लेते हैं। लेकिन यह पूरा सच नहीं है। हम आज ऐसे आधुनिक समय में जी रहे हैं, जहां सब कुछ देखकर भी अनदेखा कर देते हैं। किसान और किसान की पीड़ा हमारी आंखों से ओझल हो रही है। हमारे देश में पूंजी की कमी है और श्रम की बहुतायत है। खेती में अब भी बड़ी आबादी लगी है। किसान अपनी मेहनत के बल पर पूरी अर्थनीति बदलने की क्षमता रखते हैं। खेती के पक्ष में दो-तीन बातें महत्वपूर्ण हैं। एक, मनुष्य का पेट अनाज से ही भर सकता है, किसी और चीज से नहीं और अनाज खेत में पैदा होता है। दूसरा, खेती में वास्तव में उत्पादन होता है, एक दाना बोओ, पच्चीस दाने पाओ। ऐसा किसी और माध्यम से संभव नहीं है। उद्योगों में कच्चा माल डालने से उसमें रूप परिवर्तन होता है। इसलिए खेती का महत्व हमेशा बना रहने वाला है। भारत का भविष्य खेती-किसानी और उससे जुड़े लघु कुटीरों में है। हमें ऐसे लोगों के रोजगार बढ़ाने और बचाने की जरूरत है। गांवों को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने में मदद करते हैं। हमारी देश की जलवायु, जैव विविधता और पर्यावरण खेती के लिए अनुकूल है। यह हमारी भाईचारा बढ़ाने वाली व प्रकृति के साथ समन्वय करने वाली कृषि परंपरा और संस्कृति भी है। कुल मिलाकर, खेती-किसानी, पशुधन और गांव, इन सबका संरक्षण करने की जरूरत है। आज हमारी खेती पर संकट है, गांव उजड़ रहे हैं, और पशुधन सड़कों पर मारा-मारा फिर रहा है। दिवाली ऐसा मौका है, जब हम रूककर सोचें। हमारी संस्कृति और सभ्यता की जड़ों को याद कर अच्छी परंपराएं प्राचीन काल से चली आ रही है, उन्हें पर विचार करें, उन्हें अपनाएं। जो लोगों की एकरस जिंदगी में उल्लास का संचार करती थीं, एक दूसरी को जोड़ती थी, भाईचारा बढ़ाती थीं। खेती-किसानी जो न केवल मनुष्य का बल्कि समस्त जीव-जगत का पालन करती थी। पशुधन जो हमारे खेतों को उर्वर बनाते थे, पोषण देते थे, मंडई मेला जैसी अच्छी परंपराएं हमें आपस में जोड़ती थी, भाईचारा की मिसाल थीं। यह सब पहले से ज्यादा प्रासंगिक और उपयोगी है।

हाईवे व एक्सप्रेस-वे पर काल क्यों बन रहे डिवाइडर और अवरोधक?



ओ.पी. पाल



दुनियाभर में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली असामयिक मौतों के मामले में भारत आज भी शीर्ष पर बना हुआ है। इस भयावह वास्तविकता पर अंकुश लगाने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों ने यातायात नियमों में व्यापक संशोधन किए और नियम तोड़ने वालों पर जुर्माने व दंड का दायरा भी कई गुना बढ़ाया। यही नहीं, पिछले करीब डेढ़ दशक में देशभर में नागरिकों को कम समय में सुरक्षित और सुविधाजनक तरीके से उनके गंतव्य तक पहुंचाने की दिशा में सड़कों के निर्माण, चौड़ीकरण और दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर उन्हें दुरुस्त करने का सिलसिला लगातार जारी है। राष्ट्रीय राजमार्गों, राज्य राजमार्गों और ग्रामीण संपर्क मार्गों के साथ-साथ लंबी दूरियों के लिए देश में चार से छह लेन और कई स्थानों पर आठ लेन तक के आधुनिक एक्सप्रेस-वे और हाइवे का जाल बिछाया गया है। इस आधुनिक सड़क परिवहन नीति का बड़ा सकारात्मक परिणाम यह रहा है कि अब दोतरफा यातायात वाले संकरे मार्गों की तुलना में वाहनों की आमने-सामने की टक्कर (हेड-ऑन कोलिजन) की घटनाओं में काफी कमी आई है। लेकिन, सिक्के का दूसरा पहलू बेहद डरावना है? मसलन सवालिया तथ्य यह है कि एक्सप्रेस-वे और हाइवे पर बने डिवाइडर और किनारों पर लगे अवरोधक ही असामयिक मौतों का सबब और वाहनों में आग क्यों लग रही है? क्या इसके पीछे वाहनों की बढ़ती रफ्तार और चालकों की मानवीय लापरवाही है अथवा कोई अन्य कारण?

पिछले एक दशक में आए चौंकाने वाले आंकड़े यदि पिछले एक दशक (लगभग 2015 से 2025-26 तक) के सड़क दुर्घटनाओं के रुझानों और सरकारी रिपोर्टों का विश्लेषण किया जाए तो एक गंभीर विरोधाभास उभरकर सामने आता है। भारत में प्रतिवर्ष औसतन साढ़े चार से पौने पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की जाती हैं, जिनमें हर साल लगभग डेढ़ लाख से अधिक लोग अपनी जान गंवा देते हैं, जबकि चार लाख से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल या स्थायी रूप से दिव्यांग हो जाते हैं। पिछले दस वर्षों में ही भारत की सड़कों पर 15 लाख से अधिक लोगों की असमय मृत्यु हुई है, जो किसी भी महामारी या युद्ध से होने वाली क्षति से कम नहीं है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के आंकड़ों पर गौर करें तो देश के कुल सड़क नेटवर्क में राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेस-वे की हिस्सेदारी महज 2 से 3 प्रतिशत के आसपास है, लेकिन देश में होने वाली कुल सड़क दुर्घटनाओं में से लगभग 30 से 32 प्रतिशत हादसे और कुल मौतों में से करीब 35 से 37 प्रतिशत मौत इन्हीं राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेस-वे पर होती हैं। पिछले एक दशक में जैसे-जैसे एक्सप्रेस-वे की लंबाई बढ़ी है, वैसे-वैसे रन-ऑफ-रोड (सड़क से उतरकर डिवाइडर या बैरियर से टकराने) और पीछे से वाहनों के टकराने (रियर-एंड कोलिजन) की घटनाओं में तेजी से इजाफा हुआ है। आंकड़े बताते हैं कि कुल सड़क हादसों में से लगभग 70 प्रतिशत से अधिक दुर्घटनाओं के पीछे केवल ओवरस्पीडिंग यानी निर्धारित गति सीमा से अधिक तेज वाहन चलाना मुख्य कारण रहा है। हाल ही में दीपावली के पर्व पर उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान सहित देश के कई हिस्सों में अपने निजी वाहनों से परिवार संग त्योहार मनाने जा रहे लोग इन रफ्तार भरी सड़कों पर काल का ग्रास बन गए। दीपावली की रात उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में पानीपत-खटीमा हाइवे पर हरियाणा के हांसी जिले से हरिद्वार गंगा स्नान के लिए जा रहे छह युवा दोस्त भीषण हादसे का शिकार हो गये। कार डिवाइडर के बिजली से टकराकर आग का गोला बन गई और उसमें सवार सभी जिंदा जल गए। इसी तरह, उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में गंगा एक्सप्रेस-वे पर नोएडा की एक सॉफ्टवेयर कंपनी के संचालक इंजीनियर, उनकी पत्नी और दो मासूम बच्चों का पूरा परिवार कार के डिवाइडर से टकराने के कारण मौत के मुंह में समा गया। देशभर में ऐसे सैकड़ों हृदयविदारक हादसे घटित हो चुके हैं, जिन्होंने पलभर में हंसते-खेलते परिवारों को उजाड़ दिया। इसी तरह देश में ऐसे कई हादसे हुए, जिनमें एक्सप्रेस वे व हाइवे पर सड़क के किनारे बेतरतीब खड़े ट्रक या कैंटर जैसे वाहनों में तेज रफ?तार कारे व दुपहिया वाहन पीछे से घुसने के कारण गंतव्य से पहले ही जान गंवा चुके हैं।

आधुनिक एक्सप्रेस-वे और हाइवे पर वाहनों को विपरीत दिशा के यातायात से बचाने के लिए कंक्रीट के ऊंचे डिवाइडर या स्टील के क्रैश बैरियर बनाए जाते हैं। जब कोई वाहन 100 से 140 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से अनियंत्रित होकर सीधे इन ठोस कंक्रीट के डिवाइडरों से टकराता है तो टकराव की ऊर्जा (काइनेटिक एनर्जी) इतनी अधिक होती है कि आधुनिक से आधुनिक कार का ढांचा भी उसे पूरी तरह सोख नहीं पाता। इस भीषण टक्कर के कारण इंजन के हिस्से, ईंधन की पाइपलाइन और बैटरी के तार क्षतिग्रस्त हो जाते हैं, जिससे शॉर्ट-सर्किट या ईंधन रिसाव के कारण चंद सेकंड में वाहन आग के गोले में तब्दील हो जाता है। इसके अतिरिक्त, पिछले कुछ वर्षों में हाइवे पर बिना किसी टकराव के भी चलती गाड़ियों में अचानक आग लगने की घटनाएं बढ़ी हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, इसके पीछे सीएनजी किट का अनधिकृत या घटिया तरीके से लगवाना, समय पर सिलेंडर और वाल्व की हाइड्रो-टेस्टिंग न कराना तथा गाड़ी में आफ्टर-मार्केट सस्ती वायरिंग और अतिरिक्त एक्सेसरीज लगवाना प्रमुख कारण हैं। तेज रफ्तार में लगातार चलने से इंजन का तापमान अत्यधिक बढ़ जाता है और मामूली चिंगारी या गैस रिसाव भी भयानक अग्निकांड का रूप ले लेता है।

एक्सप्रेस-वे पर होने वाले हादसों के लिए केवल सड़कों की बनावट को दोष देना उचित नहीं होगा। इसके पीछे कई जटिल मानवीय, यांत्रिक और पर्यावरणीय कारण जिम्मेदार हैं? दरअसल एक्सप्रेस-वे एकदम सीधे, समतल और अवरोध-मुक्त होते हैं। लगातार एक ही गति और एक जैसे दृश्य को देखते हुए वाहन चलाने से चालक का मस्तिष्क एक प्रकार की तंद्रा या %हाइवे हिप्नोसिस% में चला जाता है। विशेष रूप से रात 12 बजे से सुबह 5 बजे के बीच चालक को पलक झपकते ही नींद की झपकी आ जाती है और 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पर महज दो सेकंड की झपकी वाहन को 50-60 मीटर दूर डिवाइडर से टकराने के लिए पर्याप्त होती है। रफ्तार की अंधी होड़ और लेन अनुशासन की कमी की वजह से चिकनी सड़कों को देखते ही कई चालक अपनी गाड़ी की क्षमता और सड़क की गति सीमा को भूलकर रफ्तार की प्रतिस्पर्धा करने लगते हैं। भारत में लेन ड्राइविंग के प्रति जागरूकता का घोर अभाव है। यही नहीं लंबे समय तक उच्च गति पर चलने से टायरों के भीतर की हवा गर्म होकर फैलती है।

पुराने, घिसे हुए टायर या कम/अधिक हवा का दबाव होने पर तेज रफ्तार में टायर फट जाता है, जिससे चालक का वाहन पर से नियंत्रण पूरी तरह समाप्त हो जाता है। कई हाइवे पर ढाबों के सामने या सड़क के किनारे बिना इंडिकेटर या रिफ्लेक्टर के भारी ट्रक खड़े रहते हैं। रात के अंधेरे या कोहरे में तेज रफ्तार कारें इन खड़े वाहनों में पीछे से जा घुसती हैं। इसके अलावा, फेंसिंग टूटने के कारण एक्सप्रेस-वे पर अचानक नीलगाय या आवारा पशुओं का आ जाना भी बड़े हादसों को जन्म देता है। इंजीनियरिंग और आधुनिक तकनीक से संभव है बचाव सड़क हादसों को कम करने के लिए केवल चालान काटना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्नत सड़क इंजीनियरिंग और ऑटोमोबाइल तकनीक का समन्वय आवश्यक है।

घुसपैठियों के निष्कासन का ठंडे बस्ते में पड़ा कानून

प्रमोद भार्गव



यह अच्छी बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह जिस तरह कांग्रेस और राहुल गांधी पर तीखे हमले बोल रहे हैं, उससे साफ है कि सत्तारुढ़ दल किसी भी प्रकार के मनगढ़ंत नैरेटिव के दबाव में नहीं है। यह मानसिकता देशहित के लिए इस संक्रमण काल में अत्यंत जरूरी है क्योंकि भारत ही नहीं अनेक यूरोपीय देश मुसलमानों के बढ़ते जनसंख्यात्मक घनत्व और इस्लामिक कट्टरता से जूझ रहे हैं। इसीलिए कुछ दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आव्रजन को लेकर तीखा बयान देकर कहा था कि फ्रांस की राजधानी पेरिस जल्दी ही 'मुस्लिम नगर' बन जाएगा। क्योंकि फ्रांस ने देश की सीमाओं पर पर्याप्त नियंत्रण नहीं किया, जिसका दंड अब पूरा फ्रांस भुगत रहा है। ब्रिटेन भी फ्रांस जैसी स्थिति से दो-चार हो रहा है। ऐसे में भारत को जरूरी हो गया है कि वह अब अतिरिक्ति सतर्कता एवं कठोरता बरतते हुए मुस्लिम घुसपैठियों को अपने देश की सीमाओं से खदेड़ने का काम करे। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए भारतीय संसद द्वारा विभाजन के तत्काल बाद 'इमिग्रेंट्स एक्सपल्शन फ्रॉम असम एक्ट, 1950 यानी असम अप्रवासी निष्कासन अधिनियम 1950 अस्तित्व में लाया गया था, उसका पालन देश करे। यह कानून तात्कालिक घुसपैठियों को निष्कासन करने की दृष्टि से 1 मार्च 1950 को बना था। इसका बनाया जाना इसलिए भी जरूरी था क्योंकि भारत विभाजन 1947 से 1950 के बीच तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान में बांग्लादेश) से बहुत बड़ी संख्या में लोग असम में घुस रहे थे। इस कारण असम के स्थानीय समुदायों, जनजातियों और वहां के संसाधनों पर अतिरिक्त दबाव बढ़ने लगा था। स्थानीय समुदाय जनजातीय संस्कृति, जनसांख्यिकी और लोकहित के संरक्षण की दृष्टि से अस्तित्व में लाया गया था। इस कानून का मुख्य लक्ष्य असम से अवैध प्रवासियों को बाहर निकालना था। किंतु इसी समय प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री लियाकत अली खान के बीच एक समझौता हो गया। इसके तहत अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा का वादा किया गया था। इस वादे के पालन में नेहरू ने इसके क्रियान्वयन को कुछ समय के लिए टाल दिया। इस कारण यह अहम कानून दशकों तक ठंडे बस्ते में पड़ा रहा।

असम में भाजपा की सरकार बनने के बाद करीब 75 साल बाद 2025-26 में असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा शर्मा ने इस ठंडे बस्ते में पड़े कानून की धूल झाड़ी और असम सरकार ने ट्रिब्यूनल द्वारा विदेशी घोषित किए गए अवैध घुसपैठियों को बहुत ही कम समय, मात्र 24 घंटे के नोटिस पर देश से बाहर निकालने के लिए इसे पुनर्जीवित कर इसका कारगर इस्तेमाल शुरू कर दिया है। इस कानून की धाराओं में घुसपैठियों के निष्कासन की ऐसी शक्तियां अधिकारियों को दी गई हैं कि वे 24 घंटे के नोटिस पर ऐसे व्यक्ति और समूहों को देश से बाहर कर सकते हैं, जो अनुसूचित जनजातियों के हितों पर कुठाराघात करने में लगे हैं। इसी कानून के अनुसार प्रशासन घुसपैठियों को खदेड़ने के लिए पुलिस को बल प्रयोग का अधिकार भी देता है। यदि असम का कोई मूल नागरिक घुसपैठियों को संरक्षण देता है तो ऐसे व्यक्ति पर कानूनी प्रतिक्रिया के तहत 3 वर्ष की जेल और जुर्माने की सजा हो सकती है। इस कानून में ऐसे अधिकारियों को पूरा संरक्षण दिया गया है, जो घुसपैठियों को बाहर करने का आदेश देते हैं। इन अधिकारियों के विरुद्ध न तो कोई कानूनी मामला चलेगा और न ही किसी भी प्रकार की कार्यवाही की जा सकेगी। सीधे-सीधे कहें तो यह कानून न्यायालय या ट्रिब्यूनल की लंबी कानूनी प्रक्रियाओं के बिना अवैध विदेशी प्रवासियों को असम से बाहर करने की ताकत देता है।

घुसपैठियों को बाहर करने की दृष्टि से इस कानून को पूरे देश में लागू किया जाना चाहिए क्योंकि जिन राज्यों में घुसपैठियों को मतदाता का हक देकर कांग्रेस व अन्य दलों की सरकारें बनी हैं, वहां इनके संरक्षण के उपाय करके देश की अखंडता व संप्रभुता को चुनौतियां दी जा रही हैं। राहुल गांधी वोटचोरी के बहाने इन्हीं घुसपैठियों के संरक्षण में लगे हैं। जबकि हकीकत यह है कि जिन 13 करोड़ मतदाताओं को मतदाता सूचियों से बाहर किया गया है, उनमें 6.30 करोड़ वे मतदाता हैं, जो स्थायी रूप से दूसरी जगह चले गए हैं और वहां के मतदाता भी बन गए हैं। करीब 2.80 करोड़ वे हैं, जिनकी मृत्यु हो चुकी है। 1 करोड़ से अधिक मतदाताओं के नाम दो या तीन जगह दर्ज थे, इन्हें सूची से विलोपित कर दिया गया है, लगभग 3 करोड़ मतदाता ऐसे हैं, जो सत्यापन के समय मतदाता पहचान पत्र पर दिए पते पर उपस्थित नहीं मिले। इस परिप्रेक्ष्य में गृहमंत्री अमित शाह ने दो टूक कह दिया है कि ये तीन करोड़ मतदाता वास्तव में घुसपैठिए हैं, अतएव इनके मतदाता सूची से नाम हर हाल में बाहर किए जाएंगे। ये घुसपैठिये इसलिए है क्योंकि इनकी जानकारी पड़ोसियों को भी नहीं है। दरअसल असम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल के ये घुसपैठिये मतदाता राज्य सरकारों की सख्ती के चलते अन्यत्र पलायन करने को मजबूर हो गए हैं। बंगाल, असम, त्रिपुरा और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों में बांग्लादेशी और म्यांमार के रोहिंग्या घुसपैठियों के चलते स्थानीय बनाम विदेशी नागरिकों का मसला एक बड़ी समस्या बन गया है। जो यहां के सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक जीवन को लंबे समय से झकझोर रहा है। असम के लोगों की शिकायत है कि बांग्लादेश म्यांमार से बड़ी संख्या में घुसपैठ करके आए मुस्लिमों ने उनके न केवल आजीविका के संसाधनों को हथिया लिया है बल्कि कृषि भूमि पर भी काबिज हो गए हैं। इस कारण राज्य का जनसंख्यात्मक घनत्व बिगड़ रहा है। लिहाजा यहां के मूल निवासी बोडो आदिवासी और घुसपैठियों के बीच जानलेवा हिंसक झड़पें भी होती रहती हैं। कांग्रेस, वामदल, सपा और तृणमूल कांग्रेस भली-भांति जानते हैं कि इन घुसपैठियों ने छल-छदम् से हर तरह के पहचान पत्र प्राप्त करके स्वयं को भारतीय नागरिक बना लिया है क्योंकि इन दलों की राष्ट्र सुरक्षा से कहीं अधिक मजबूत इच्छा ऐन-केन-प्रकारेण राज्य की सत्ता हासिल करने की रही है। इस संकीर्ण राजनीतिक कारण के चलते घुसपैठिये इनके हित संरक्षक इसलिए हो गए क्योंकि ये दल अपना निजी वोट बैंक बनाने में सर्वथा नाकाम हो गए हैं। इसीलिए कांग्रेस जैसी महत्वपूर्ण पार्टी पश्चिम बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश से लगातार चार दशक से सत्ता से बाहर खड़ी है। दरअसल, बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठिये एक मर्तबा शरणार्थी बने रहते, तब तक तो ठीक था लेकिन भारतीय गुप्तचर संस्थाओं को जो जानकारियां मिल रही हैं, उनके मुताबिक, पाकिस्तानी गुप्तचर संस्था इन्हें प्रोत्साहित कर भारत के विरुद्ध उकसा रही है। सऊदी अरब से धन की आमद इन्हें धार्मिक कट्टरपंथ का पाठ पढ़ाकर आत्मघाती जिहादियों की नस्ल बनाने में लगी है। बांग्लादेश इन्हें हाथियारों का जखीरा उपलब्ध करा रहा है। जाहिर है, ये जिहादी उपाय भारत के लिए किसी भी दृष्टि से शुभ नहीं हैं। लिहाजा समय आ गया है कि जो आतंकवादी और घुसपैठिए देश की एकता अखंडता और संप्रभुता को सांगठनिक चुनौती के रूप में पेश आ रहे हैं, उन्हें देश से बेदखल किया जाए।

ट्रंप और नेतन्याहू दोनों को मिली है शर्मिंदगी, अब कर रहे विकल्पों की तलाश

असद मिर्जा

न्यूयॉर्क में इजरायली और अमेरिकी नेताओं के बयानों से संकेत मिलता है कि वे अपनी तैयारियों और प्रतिरोध क्षमता पर जोर दे रहे हैं, न कि ईरान पर हमले के किसी सार्वजनिक फैसले पर। इन बातों को एक साथ देखें तो पता चलता है कि सैन्य तैयारी, कूटनीतिक दबाव और क्षेत्रीय जोखिम का एक जटिल मिश्रण बन रहा है। इसके परिणाम मध्य पूर्व से आगे बढ़कर ऊर्जा सुरक्षा, शिपिंग और भारत के रणनीतिक संतुलन तक असर डाल सकते हैं। ईरान के साथ संभावित नए युद्ध के लिए इजरायल और अमेरिका की तैयारियां तेज हो रही हैं। खबरों के अनुसार, बेंजामिन नेतन्याहू ने हाल के दिनों में डोनाल्ड ट्रंप को रोज फोन कर के ईरान पर फिर से हमले करने का आग्रह किया है, जबकि वाशिंगटन अभी कूटनीति और दबाव बनाने के विकल्पों पर विचार कर रहा है। न्यूयॉर्क में इजराइल हायोम समिट में दिए गए बयानों से तैयारियों का पता तो चलता है, लेकिन इससे किसी तुरंत होने वाले हमले की पुष्टि नहीं होती। इजराइल हायोम समिटश् एक अखबार द्वारा आयोजित सम्मेलन है, न कि कोई सरकारी या सैन्य योजना मंच। इसका दूसरा न्यूयॉर्क संस्करण 11 नवंबर को मैनहट्टन में आयोजित किया गया था, जिसमें इजराइल और अमेरिका के राजनीतिक, सुरक्षा और सामाजिक क्षेत्रों के लोग शामिल हुए। यहां द्विपक्षीय संबंधों, क्षेत्रीय सुरक्षा और कूटनीति पर चर्चा की गई। इजराइल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष बोआजलेवी ने इजराइल हायोम अखबार को दिए एक साक्षात्कार में अपनी राय रखी। यह उनका अपना आकलन है, न कि इजरायल सरकार का कोई आधिकारिक फैसला कि वे फिर से युद्ध शुरू करने जा रहे हैं। द टाइम्स ऑफ इजराइल और एक्सिओस ने अलग-अलग रिपोर्ट दी है कि नेतन्याहू ने हाल ही में ट्रंप को फोन करके ईरान पर जल्द हमला करने का दबाव डाला है। इन रिपोर्टों में इजरायली और अमेरिकी सूत्रों का हवाला दिया गया है। इस बीच, इजरायल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष बोआजलेवी ने 11 नवंबर को इजराइल हायोम समिट में कहा कि इजराइल को ईरान के साथ एक और युद्ध के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि सवाल यह नहीं है कि क्या युद्ध होगा, बल्कि यह है कि कबज्ज् होगा। लेवी ने ईरानी हमलों के खिलाफ ऐरो मिसाइल-डिफेंस सिस्टम के प्रदर्शन का जिक्र किया और दावा किया कि इसने 92 प्रतिशत हमलों को सफलतापूर्वक रोका। उन्होंने बताया कि इजरायल और अमेरिका अब इंटरसेप्टर मिसाइलों का उत्पादन बढ़ा रहे हैं और अधिक ऊंचाई पर हमलों को रोकने की क्षमता विकसित करने की कोशिश कर रहे हैं। लेवी ने एक इजरायली उपग्रह क ा उदाहरण भी दिया, जो एक फाइटर पायलट को रियल-टाइम में दिशा-निर्देश दे रहा था। इससे पता चलता है कि सैन्य अभियानों में अंतरिक्ष-आधारित प्रणालियों का महत्व लगातार बढ़ रहा है। उनकी टिप्पणियां महत्वपूर्ण हैं, लेकिन ये रक्षा-उद्योग के एक नेता की बातें हैं, न कि इजरायली सरकार की ओर से किसी हमले की योजना की आधिकारिक घोषणा। उसी शिखर सम्मेलन में अमेरिकी पक्ष की टिप्पणियां अधिक राजनीतिक थीं। श्इजरायल हायोम्य की रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज ने ईरान की सत्ता को पहले से कहीं अधिक कमजोर बताया और कहा कि श्अब्राहम समझौतेश्य का विस्तार हो रहा है। सितंबर में श्अल-मॉनिटर्य को दिए एक अलग साक्षात्कार में, वाल्ट्ज ने कहा कि ईरान के लिए बातचीत में लौटने के रास्ते अभी भी खुले हैं और तर्क दिया कि समय वाशिंगटन के पक्ष में है। कुल मिलाकर, ये टिप्पणियां दबाव और कूटनीति को एक साथ चलने वाली रणनीतियों के रूप में पेश करती हैं परन्तु इनका मतलब यह नहीं है कि अमेरिका ने कोई नया हमला करने की सार्वजनिक रूप से प्रतिबद्धता जताई है। सैन्य तैयारियों की खबरों के बीच, इन दोनों बातों के बीच का अंतर महत्वपूर्ण है। अक्टूबर में एनपीआर ने अमेरिका-इजरायल युद्ध योजना की जानकारी रखने वाले एक व्यक्ति के हवाले से बताया कि दोनों देश अमेरिकी मध्यावधि चुनावों के बाद एक संभावित हमले की तैयारी कर रहे थे। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि सैन्य ताकत बढ़ाने का मकसद तेहरान पर किसी समझौते के लिए दबाव डालना हो सकता है। यह दावा एक अज्ञात सूत्र की ओर से आया था, न कि किसी आधिकारिक नीति के रूप में घोषित किया गया था। लेवी की टिप्पणियां दीर्घकालिक तैयारियों की ओर इशारा करती हैं, लेकिन इनसे किसी आसन्न सैन्य अभियान की पुष्टि नहीं होती और न ही इसके उद्देश्यों का पता चलता है। क्षेत्रीय



स्तर पर इसका पहला असर यह है कि मिसाइल रक्षा को एक अस्थायी प्रतिक्रिया के बजाय एक स्थायी जरूरत के रूप में देखा जा रहा है। लेवी द्वारा इंटरसेप्टर (मिसाइल रोकने वाले हथियार) के उत्पादन और अपग्रेड का जिक्र यह बताता है कि इजरायल को उम्मीद है कि ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल दागने की क्षमता भविष्य की सुरक्षा योजनाओं का एक मुख्य हिस्सा बनी रहेगी। मिसाइलों को रोकने की बेहतर क्षमता, हमले से होने वाले संभावित नुकसान को कम करके, ईरान को हमले से रोकने में मदद कर सकती है। इससे भी बड़ा खतरा एक सुरक्षा दुविधा का है। इजरायल जिन तैयारियों को रक्षात्मक बताता हैकृजैसे कि ज्यादा इंटरसेप्टर, बेहतर सेंसर और अंतरिक्ष-आधारित समन्वयकृउन्हें तेहरान में एक नए हमले की तैयारी के रूप में देखा जा सकता है। ऐसे में, ईरान भी अपनी सैन्य तैयारियों के जरिए या क्षेत्रीय शिपिंग और बुनियादी ढांचे पर दबाव डालकर, इजरायल को रोकने की अपनी क्षमता को फिर से बहाल करने की कोशिश कर सकता है। इसका नतीजा एक ऐसे चक्र के रूप में निकल सकता है, जहां दोनों पक्ष यह दावा करें कि वे अगले हमले को रोकने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि असल में वे दूसरे पक्ष के मन में यह डर और बढ़ा रहे हैं कि उन पर पहले हमला हो सकता है। वाल्ट्ज की यह टिप्पणी कि ईरान कमजोर हो गया है, एक जोखिम भी पैदा कर सकती हैकृअगर इसे इस सुबूत के तौर पर देखा जाए कि दबाव काम कर रहा है और इसे और तेज किया जाना चाहिए। दूसरी ओर, बातचीत के लिए दिखाई गई तत्परता कूटनीति की गुंजाइश बनाए रखती है। रणनीतिक विकल्प केवल श्हमला या बातचीतश् तक सीमित नहीं हैं,सैन्य तैयारी बातचीत को मजबूत कर सकती है, लेकिन अगर नेता सार्वजनिक रूप से यह कहें कि युद्ध होना तय है, तो इससे समझौते की संभावना कम हो सकती है। किसी भी नए टकराव में इजरायल और ईरान से कहीं अधिक देश शामिल हो सकते हैं। एनपीआर ने रिपोर्ट किया कि ईरानी अधिकारियों ने संघर्ष में शामिल देशों में अमेरिकी हितों और बुनियादी ढांचे के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की चेतावनी दी है। इस तरह की धमकियों से अमेरिकी सेनाओं की मेजबानी करने वाले खाड़ी देशों के साथ-साथ वाणिज्यिक जहाजरानी और ऊर्जा बुनियादी ढांचे की सुरक्षा खतरे में पड़ जाती है। शिखर सम्मेलन में अमेरिकी गोल्डन डोम पहल पर हुई चर्चा ने इजरायली प्रणालियों को मिसाइल रक्षा सहयोग के व्यापक दायरे में ला खड़ा किया है, हालांकि लेवी के बयानों से किसी विशिष्ट समझौते या तैनाती की पुष्टि न

खबरें एक नजर में

जनगणना के लिए 2175 प्रगणक व 362 पर्यवेक्षक नियुक्त

हमीरपुर। जनगणना-2027 की तैयारियां तेज हो गई हैं। जनपद की चार तहसीलों और सात नगर निकायों को मिलाकर 11 चार्ज बनाए गए हैं। इसके लिए 2175 प्रगणक और 362 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। सभी को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। जिलाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि 16 से 30 नवंबर तक स्व-गणना अभियान चलेगा। नागरिक पोर्टल पर परिवार का विवरण ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। इसके बाद मिलने वाली SE ID सुरक्षित रखनी होगी। एक दिसंबर से चार जनवरी तक प्रगणक घर-घर जाकर 40 प्रश्नों के माध्यम से जानकारी जुटाएंगे। जिलाधिकारी ने नागरिकों से स्व-गणना में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है।

30 नवंबर तक घर बैठे करें परिवार की स्व-गणना

हमीरपुर। जनगणना-2027 के तहत 16 से 30 नवंबर तक स्व-गणना अभियान चलाया जाएगा। नागरिक अपने परिवार का विवरण ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। प्रक्रिया पूरी होने पर मिलने वाली SE ID सुरक्षित रखनी होगी। जिलाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए 15 दिवसीय कार्ययोजना बनाई गई है। इसमें प्रशासन, युवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, महिला समूह, डिजिटल सहायता और किसानों सहित विभिन्न वर्गों के लिए अलग-अलग दिवस निर्धारित किए गए हैं। एक दिसंबर से चार जनवरी तक प्रगणक घर-घर जाकर 40 प्रश्नों के जरिए जानकारी एकत्र करेंगे। जिलाधिकारी ने नागरिकों से सही जानकारी दर्ज कर अभियान में सहयोग करने की अपील की है।

बाल मेले में बच्चों ने लगाईं दुकानें

कुरारा। पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय कुसमरा (कंपोजिट) में समर्थ इंडिया के सहयोग से बाल दिवस पर बाल मेला एवं माता सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान/प्रशासक अरुण कुमार सिंह यादव ने की। उन्होंने कहा कि यह आयोजन बच्चों की प्रतिभा निखारने के साथ माताओं के योगदान को सम्मान देने की सराहनीय पहल है। प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार ने बताया कि वर्ष 2011 से लगातार यह आयोजन किया जा रहा है। कक्षा एक से आठ तक प्रत्येक कक्षा के सर्वाधिक उपस्थित तीन बच्चों और उनकी माताओं को प्रमाणपत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मेले में बच्चों ने एक दर्जन से अधिक दुकानें लगाईं। सब्जी, चाट, भेलपुरी, इमली और बेर सहित कई खाद्य पदार्थों की बिक्री हुई। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

बाल दिवस पर स्कूलों में सजे बाजार, बच्चों ने सीखा व्यापार का हुनर

कुरारा। कस्बे के विभिन्न विद्यालयों में बाल दिवस पर बाल मेलों का आयोजन किया गया। आरआर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर, सरस्वती विद्या मंदिर, एसएच कॉन्वेंट और गुरुकुलम विद्यालय में बच्चों ने आकर्षक दुकानें सजाईं। स्टॉलों पर चाट, बताशे, मोमोज, फिंगर और भेलपुरी सहित विभिन्न खाद्य पदार्थ उपलब्ध रहे। अभिभावकों ने बच्चों की दुकानों पर खरीदारी कर उनका उत्साह बढ़ाया। विद्यालय प्रबंधक डॉ. राहुल प्रजापति ने बताया कि बच्चों को केवल नौकरी के लिए तैयार करना ही शिक्षा का उद्देश्य नहीं है, बल्कि उनमें व्यापार और स्वरोजगार की क्षमता विकसित करना भी जरूरी है। इसी उद्देश्य से बाल मेले का आयोजन किया गया, ताकि बच्चे खरीद-बिक्री और व्यापार की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त कर सकें।

मनीष सिंह बने करणी सेना भारत के झांसी ग्रामीण युवा जिलाध्यक्ष



गरौठा (झांसी)। करणी सेना भारत ने संगठनात्मक विस्तार के तहत गरौठा निवासी मनीष सिंह को एक वर्ष के लिए झांसी ग्रामीण युवा जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। उनका मनोनयन राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह वीरू भैया एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व बुंदेलखंड प्रभारी सौमेश जादौन की संस्तुति पर किया गया।संगठन ने उनसे जिम्मेदारी का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए संगठन को मजबूत बनाने में सक्रिय योगदान देने की अपेक्षा जताई। नई जिम्मेदारी मिलने पर समर्थकों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी।

भैंस चोरी के मामले में कार्रवाई न होने का आरोप, पीड़िता ने सीओ से लगाई गुहार



गरौठा (झांसी)। थाना ककरबई क्षेत्र के ग्राम प्रतापपुरा निवासी पूजा पत्नी भानु ने भैंस चोरी के मामले में सुनवाई न होने का आरोप लगाते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी गरौठा से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता के अनुसार, 20 अगस्त 2026 को उसकी भैंस चोरी हो गई थी। उसने 25 और 31 अगस्त को बबलू पुत्र जगदेव सिंह के खिलाफ थाने में शिकायत दी, लेकिन आरोप है कि कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता ने आरोपी पर अभद्रता, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है। उसका कहना है कि बातचीत की वीडियो रिकॉर्डिंग उसके पास मौजूद है।पीड़िता ने सीओ को वीडियो दिखाकर कार्रवाई की मांग की। बताया गया कि सीओ ने गाली-गलौज के मामले में मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए हैं, लेकिन भैंस चोरी के मामले में कार्रवाई न होने से पीड़िता असंतुष्ट है। उसने पूरे मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है।

एसपी ने साइबर व महिला हेल्प डेस्क की कार्य प्रणाली परखी

समृद्धि न्यूज़, हमीरपुर।



पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर पाठक ने शनिवार को थाना समाधान दिवस के बाद थाना बिवांर का निरीक्षण किया। इस दौरान साइबर और महिला हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली देखी तथा शिकायतों के निस्तारण की जानकारी ली। उन्होंने साइबर अपराध की शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई कर पीड़ितों को मदद देने और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। महिला हेल्प डेस्क पर पीड़िताओं की शिकायतें संवेदनशीलता से सुनने, शालीन व्यवहार करने और उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने को कहा। साथ ही महिला सुरक्षा योजनाओं की जानकारी देने के निर्देश दिए।

बाल दिवस पर फन-फेयर में बच्चों ने की मस्ती, खिलौनों की दुकान रही आकर्षण



सुमेरपुर। लिटिल फ्लावर किड्स गार्डन स्कूल में शुक्रवार को बाल दिवस पर रंगारंग फन-फेयर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के डायरेक्टर आदर्श गुप्ता ने किया। उन्होंने बच्चों और अभिभावकों को बाल दिवस का महत्व बताया। मेले में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों के स्टॉल लगाए और खेल गतिविधियों में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। खिलौनों की दुकान बच्चों के आकर्षण का केंद्र रही। स्टॉल सजाने और व्यवस्था संभालने में अभिभावकों ने भी सहयोग किया। विद्यालय की ओर से बच्चों के साथ अभिभावकों के लिए भी क्विज और मनोरंजक खेल आयोजित किए गए। अभिभावकों ने प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और आयोजन की सराहना की।

रेलवे ट्रैक किनारे मिला लहूलुहान युवक का शव परिजनों में मचा कोहराम



मौदहा। सिजनौड़ा-करहिया रेलवे अंडरब्रिज के ऊपर रेलवे ट्रैक किनारे शनिवार को एक युवक का लहूलुहान शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान सिचौली पुरवा निवासी भगत वर्मा (35) पुत्र भगवानदीन के रूप में हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी। मृतक के बड़े भाई शिवदास गौतम ने बताया कि भगत चार भाइयों में सबसे छोटा था और राजकीय आईटीआई कॉलेज में अंतिम वर्ष का छात्र था। उसने कई प्रतियोगी परीक्षाएं भी दी थीं। शुक्रवार शाम वह पिता से बड़े चौराहे तक जाने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। सुबह घटना की जानकारी मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया।

युवती से छेड़खानी के बाद बहनों से अभद्रता, तीन युवकों पर मुकदमा

सुमेरपुर। खेत से घर लौट रही युवती के साथ रास्ते में छेड़खानी और अभद्र टिप्पणी करने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर आरोपी ने अपने दो साथियों के साथ युवती और उसकी बड़ी बहन से गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। कस्बे की युवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शुक्रवार देर शाम वार्ड संख्या 16 में धर्मेंद्र ने उसे रास्ते में रोककर छेड़खानी की और भद्दी टिप्पणियां कीं। घर पहुंचकर उसने बड़ी बहन को जानकारी दी। इसके बाद दोनों बहनें आरोपी के घर उलाहना देने पहुंचीं तो धर्मेंद्र ने दो अज्ञात साथियों के साथ उनसे अभद्रता की और धमकी देकर भगा दिया। थानाध्यक्ष पवन पटेल ने बताया कि तीनों युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। धर्मेंद्र को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को किया पुरस्कृत



समृद्धि न्यूज़, झांसी।

विवेक निरंजन मेमोरियल फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित विवेक निरंजन स्मृति महोत्सव का पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह पं. दीनदयाल सभागार में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश सह प्रभारी जगदीश भाई पटेल, नगर विधायक रवि शर्मा सहित अन्य अतिथियों ने विजेताओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू ने की। महोत्सव में सामान्य ज्ञान, निबंध, चित्रकला, मेहंदी, रंगोली, विज्ञान प्रश्न मंच, फैंसी ड्रेस और वॉलीबॉल सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं, जिनमें 980 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विजेताओं को ट्रॉफी तथा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और मेडल प्रदान किए गए। इस अवसर पर फाउंडेशन अध्यक्ष पवन सरावगी, रामकिशन निरंजन, अवधेश निरंजन, राजेश पटेल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। संचालन रामकिशन निरंजन और संजीव दुबे ने किया।

बाल मेले में बच्चों ने सजाए स्टॉल विजेताओं को मिला पुरस्कार



मौदहा। सरस्वती पब्लिक स्कूल में शनिवार को बाल मेले का आयोजन किया गया। विद्यालय अध्यक्ष शिवकुमार पांडेय ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजन किया और मेले का शुभारंभ किया। आयोजन में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाकर अपनी प्रतिभा दिखाई। मेले के माध्यम से बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिला। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास, व्यवहारिक ज्ञान और सामाजिक कौशल का विकास करना है। मेले में बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विभिन्न गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार पांडेय, बीना पांडेय, प्रबंधक सिद्धांत पांडेय, प्रधानाचार्य पंकज श्रीवास्तव सहित शिक्षक मौजूद रहे।

बाल मेले के साथ मनाया बाल दिवस



गुरसराय (झांसी)। श्री कल्याण बाल विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में चाचा नेहरू का जन्मदिन बाल दिवस के रूप में बाल मेले का आयोजन कर मनाया गया। प्रधानाचार्य सत्यप्रकाश दुबे ने फीता काटकर मेले का शुभारंभ किया तथा मां सरस्वती और पं. जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया।मेले में विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी दुकानें सजाईं। अतिथियों, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने खरीदारी का आनंद लिया। आयोजन में हरी बाबू शर्मा, प्रमोद सिंह, रमाकांत त्रिपाठी, सरोज अरजरिया, हरिकांत नायक सहित विद्यालय के शिक्षक और अन्य लोगों ने सहयोग किया।

बाल मेले में नन्हे बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

- शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने किया स्टॉलों का संचालन

समृद्धि न्यूज़, उरई(जालौन)।



दिशा दर्शन स्मार्ट स्कूल में शनिवार को बाल मेले का आयोजन उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। मेले का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक डॉ. श्रीराम तिवारी, राहुल शुक्ला, नेहा द्विवेदी, प्रधानाचार्य अनुपम द्विवेदी और प्राथमिक विभाग की प्रधानाचार्या सावित्री देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इससे पहले विद्यालय में पूजन-अर्चन किया गया। अतिथियों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये।

बाल मेले में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के खानपान के स्टॉल लगाकर अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। बच्चों ने स्वयं दुकानदार की भूमिका निभाते हुए ग्राहकों का स्वागत किया और खाद्य सामग्री की बिक्री की। मेले में चिप्स, बिस्कुट, पेटीज, मोमोज, सैंडविच, मंचूरियन, गोलगप्पे, गुलाब जामुन, ढोकला और पाव भाजी के स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे। इसके अलावा पानी, कोल्ड ड्रिंक और कोल्ड कॉफी के स्टॉल भी लगाए गए। कक्षा तीन के बच्चों ने शिक्षिका अर्पिता, कक्षा चार के विद्यार्थियों ने शिक्षक शशांक श्रीवास्तव, कक्षा पांच के बच्चों ने शिक्षिका पूनम द्विवेदी के मार्गदर्शन में स्टॉल लगाए। वहीं कक्षा छह ए में विकास सर और छह बी में अश्मिता द्विवेदी के निर्देशन में बच्चों ने विभिन्न खाद्य पदार्थों की दुकानें सजाईं। कक्षा सात की शिक्षिका अंजलि और कक्षा आठ के शिक्षक विनीत सहाय के मार्गदर्शन में भी स्टॉल लगाए गए। इस अवसर पर पंकज शुक्ला, विनीत सहाय, अश्मिता द्विवेदी, पूनम, दीक्षा, अंजलि, निधि, अर्पिता, महिमा, शशांक, विकास, आनंद चतुर्वेदी, प्रवीण, अनीता और रमा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार बाल मेले का उद्देश्य बच्चों को किताबी शिक्षा के साथ व्यावहारिक ज्ञान देना है। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना, व्यवहार कुशलता और समय प्रबंधन जैसे गुण विकसित होते हैं। मेले में बच्चों का उत्साह देखते ही बना।

देश के पहले प्रधानमंत्री की जयंती पर बच्चों ने की जमकर मौज-मस्ती



बांदा। आजादी के बाद देश के पहले प्रधानमंत्री पं.जवाहर लाल नेहरू को जयंती पर कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें याद किया। उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। जिलाध्यक्ष ने पंडित जवाहर लाल नेहरू की जीवनी और संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए दूरदर्शी प्रधानमंत्री बताया। उधर, जिले के तमाम स्कूलों और कालेजों में पूर्व प्रधानमंत्री की जयंती बाल दिवस के रूप में धूमधाम से मनाई गई। स्टेशन रोड अवस्थी धर्मशाला स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में शनिवार को देश के पहले प्रधानमंत्री को जयंती पर याद करते हुए कांग्रेसियों ने श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि आजादी की लड़ाई में पंडित जवाहर लाल नेहरू नौ बार जेल गए। सबको साथ लेकर चलने वाले देश के पहले दूरदर्शी प्रधानमंत्री थे। उन्होंने करीब 14 साल तक इस देश का नेतृत्व करके भारत की विश्व में एक पहचान बनाई। उन्होंने तमाम चुनौतियों का सामना करते हुए अपने कार्यकाल के दौरान ही तरक्की के अहम द्वार खोले। उन्हें आधुनिक भारत का निर्माता भी कहा जाता है। कांग्रेसियों ने खुटला स्थित डा.लोहिया बाल विद्या मंदिर में बच्चों को फल व टॉफी वितरित की। इस मौके पर शहर अध्यक्ष अफसाना शाह, शिवबली सिंह, सत्यप्रकाश द्विवेदी, शोएब रिजवी, कालीचरण निगम, अमित तिवारी, हेमंत वर्मा, बी.लाल, संतोष द्विवेदी, शिवपूजन तिवारी, पूर्व चेयरमैन संजय गुप्ता, लालबाबू राजपूत, बल्देव प्रसाद वर्मा, केपी सेन, छेदीलाल धुरिया, शब्बीर सौदागर, सैय्यद वारिस अली, अली बख्श आदि उपस्थित रहे।

समस्या का स्थाई समाधान करें, ताकि फरियादी को भटकना न पड़ेः मंडलायुक्त

- अचानक समाधान दिवस में पहुंचे मंडलायुक्त, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

समृद्धि न्यूज़, कालपी (जालौन)।



कोतवाली में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत, न्यायिक एडीएम शत्रुघ्न पाठक, एसडीएम विनय कुमार मौर्य और सीओ सदानंद सिंह ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। इसी दौरान करीब 1:30 बजे झांसी मंडल के मंडलायुक्त श्रवण कुमार ने समाधान दिवस का औचक निरीक्षण कर शिकायतों की स्थिति जानी। इस दौरान राम चबूतरा निवासी पुष्पा देवी पत्नी भगवानदास खटीक ने शिकायत करते हुए बताया कि विपक्षी ने उनके दरवाजे पर अवैध कब्जा कर रखा है। उन्होंने कब्जा हटवाने की मांग की। इसके अलावा करीब एक दर्जन शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन्हें मंडलायुक्त ने एसडीएम और सीओ को सौंपते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मौके पर एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं हो सका। पत्रकारों द्वारा उठाई गई समस्याओं को भी उन्होंने गंभीरता से सुना और समाधान का आश्वासन दिया। प्रेस वार्ता में मंडलायुक्त ने ओवरलोडिंग ट्रकों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा नगर और हाईवे किनारे सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम विनय उपाध्याय, तहसीलदार श्रीश कुमार मिश्रा, नायब तहसीलदार मुकेश कुमार, बीडीओ कदौरा संदीप मिश्रा, ईओ राम अचल कुरील, प्रभारी निरीक्षक राजेश सिंह, अतिरिक्त निरीक्षक अवनीश कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक नन्हेलाल सिंह सहित राजस्व विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और लेखपाल मौजूद रहे।

एनआर पालीवाल पब्लिक स्कूल में बाल मेले का आयोजन, बच्चों ने लगाए आकर्षक स्टॉल

समृद्धि न्यूज़, महोबा।



एन आर पालीवाल पब्लिक स्कूल में आज बाल मेले का उत्साहपूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर बच्चों की रचनात्मकता, उत्साह और उमंग से सराबोर नजर आया। बाल मेले में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के खान-पान के आकर्षक स्टॉल लगाए। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ अपने-अपने स्टॉलों का संचालन किया और अभिभावकों को विभिन्न व्यंजनों का स्वाद चखाया। अभिभावकों ने भी बच्चों के स्टॉलों पर पहुंचकर खाने-पीने की चीजों का आनंद लिया तथा बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष संजय मिश्रा, राजेश चतुर्वेदी, सुमित तिवारी, विद्यालय प्रबंधक देवेश कुमार पालीवाल, निदेशक प्रवीण पालीवाल, प्रधानाचार्या रश्मि चौरसिया, को-ऑर्डिनेटर्स गिरजेश तिवारी, काजल गुप्ता, आशीष तिवारी एवं सौम्या गोस्वामी सहित समस्त शिक्षक उपस्थित रहे। बाल मेले के माध्यम से बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने, आत्मविश्वास बढ़ाने तथा व्यवहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिला। कार्यक्रम ने विद्यालय और अभिभावकों के बीच सहभागिता एवं आपसी जुड़ाव को भी मजबूत किया।

शिकायत पर आयुक्त ने बीज गोदाम प्रभारी से मांगा स्पष्टीकरण

- केंद्र प्रभारियों को खाद व बीज उपलब्ध कराने के दिए निर्देश
- खाद वितरण केंद्र व राजकीय बीज भंडार का किया औचक निरीक्षण

समृद्धि न्यूज़, बांदा।



नरैनी कोतवाली में आयोजित थाना समाधान दिवस के बाद आयुक्त ने क्रय-विक्रय सहकारी समिति केंद्र का औचक निरीक्षण करते हुए खाद की उपलब्धता व वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान डीएपी और यूरिया खाद मांग के सापेक्ष बहुत कम मिलने पर उपलब्धता बढ़ाने को उच्च स्तर पर मांग के लिए प्रभावी प्रयास करने को कहा। राजकीय बीज भंडार निरीक्षण के दौरान शिकायतें मिलने पर नाराजगी जताते हुए बीज गोदाम प्रभारी से स्पष्टीकरण मांगने व जांच के निर्देश दिए। जांच में दोषी मिलने पर बीज गोदाम प्रभारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

नरैनी कोतवाली में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस के बाद आयुक्त अजीत कुमार ने क्रय-विक्रय सहकारी समिति केंद्र का औचक निरीक्षण करते हुए खाद की उपलब्धता व वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। केंद्र प्रभारी ने बताया कि केंद्र पर डीएपी एवं यूरिया की लगभग 10 से 15 बोरियां उपलब्ध हैं। यह मांग के सापेक्ष बहुत कम है। मांग उच्च स्तर पर भेजी गई है। एनपीके खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। आयुक्त ने निर्देश दिए कि डीएपी व यूरिया की उपलब्धता बढ़ाने के लिए उच्च स्तर पर की गई मांग के लिए लगातार प्रभावी प्रयास किए जाएं। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता केंद्र पर खाद उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। कहा कि किसी भी किसान को खाद के लिए परेशान न होना पड़े। केंद्र पर उपलब्ध खाद के स्टॉक व निर्धारित बिक्री दरों का स्पष्ट प्रदर्शन किया जाए। खाद की कालाबाजारी, जमाखोरी, निर्धारित मूल्य से अधिक वसूली व अनिवार्य टैगिंग अनियमितताओं पर निगरानी रखी जाए। राजकीय बीज भंडार निरीक्षण के दौरान उपस्थित किसानों ने शिकायत की कि ऑनलाइन बुकिंग कराने के बाद भी उन्हें समय से बीज उपलब्ध नहीं कराया जा रहा। सर्वर न चलने का हवाला देकर उन्हें बार-बार वापस कर दिया जाता है। किसानों की शिकायत पर आयुक्त ने नाराजगी जताई। बीज गोदाम प्रभारी से स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश दिए। चेतावनी दी कि किसानों को परेशान करना व शासन की किसान हितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। जांच में दोषी पाए जाने पर संबंधित बीज गोदाम प्रभारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। कहा कि ऑनलाइन बुकिंग कराने वाले किसानों को समय पर बीज उपलब्ध कराए जाएं।

बाल दिवसः स्कूलों के बाल मेले में बच्चों ने लगाए स्टॉल

- केक काटकर मनाया चाचा नेहरू का जन्मदिन

समृद्धि न्यूज़, पनवाड़ी (महोबा)।



पनवाड़ी विकासखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में शनिवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन बाल दिवस के रूप में उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालयों में बाल मेलों का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। बच्चों ने तरह-तरह के व्यंजनों और आकर्षक वस्तुओं के स्टॉल लगाए। कहीं बच्चों ने केक काटकर चाचा नेहरू का जन्मदिन मनाया तो कहीं खेलकूद और झूलों का आनंद लेकर खूब मस्ती की। भरवारा गांव स्थित स्वामी निर्गुणानंद जूनियर हाईस्कूल में प्रबंधक जयचंद्र राजपूत आचार्य की ओर से बाल मेले को खास बनाने के लिए मिक्की माउस और जंपिंग झूले की व्यवस्था की गई। बच्चों ने विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल लगाए और मेले में खरीदारी के साथ झूलों का आनंद लिया। वहीं भरवारा स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं कंपोजिट कन्या प्राथमिक विद्यालय में भी बाल मेले का आयोजन हुआ। प्रधानाध्यापक कृष्णचंद्र तिवारी और प्रधानाध्यापिका बेबी निरोफर ने बच्चों को नेहरू जी के जीवन, विचारों और देश के विकास में उनके योगदान की जानकारी दी। रिछा गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय में बच्चों ने केक काटकर चाचा नेहरू का जन्मदिन मनाया। इसके बाद विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए गए। इंचार्ज प्रधानाध्यापक रविकांत चतुर्वेदी ने बच्चों को नेहरू जी के व्यक्तित्व और उनके योगदान के बारे में बताया। वहीं पनवाड़ी स्थित चंद्रभान सिंह कान्वेंट स्कूल में भी बाल मेले का आयोजन किया गया। यहां बच्चों ने विभिन्न प्रकार के स्टॉल सजाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधक जितेंद्र सिंह राजपूत ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के जीवन परिचय और उनके जन्मदिन के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालयों में आयोजित बाल मेलों के दौरान बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला।

खेल प्रतियोगिताएं ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने का बेहतर माध्यमः अखिलेश आर. पांडेय



समृद्धि न्यूज़

नसीराबाद-रायबरेली। क्षेत्र के बाबा परमान तिवारी बभनपुर धाम में गुरुवार को प्रथम वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में रायबरेली, सुल्तानपुर, बाराबंकी, लखनऊ, इलाहाबाद समेत विभिन्न जिलों की टीमों ने प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबलों को देखने के लिए बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों और ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही।

प्रतियोगिता का शुभारंभ श्रीमती शिवपती देवी शिवदर्शन पांडेय सेवा समिति ट्रस्ट के संस्थापक अखिलेश आर. पांडेय ने फीता काटकर किया। इसके बाद उन्होंने मैदान में पहुंचकर खिलाड़ियों से हाथ मिलाया और परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। इससे पूर्व प्रतियोगिता के आयोजक प्रधान प्रतिनिधि भूपेंद्र विक्रम सिंह एवं प्रधान पति राधेश्याम यादव ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुकाबला कांटा और अकैसन की टीमों के बीच खेला गया। इसमें कांटा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 25 अंक हासिल किए, जबकि अकैसन की टीम 11 अंक ही बना सकी। इस तरह कांटा की टीम ने उद्घाटन मुकाबला अपने नाम किया। इसके बाद रायबरेली, रोखा, बाराबंकी, सुल्तानपुर, पूरे शिवा, टिकरा, अठेहा और लखनऊ सहित कई टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए। खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। समापन समारोह में मुख्य अतिथि अखिलेश आर. पांडेय ने विजेता इलाहाबाद टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी के साथ 25 हजार रुपये की नकद धनराशि प्रदान की।

सटीक जनगणना के आंकड़े ही भविष्य की विकास योजनाओं एवं जनकल्याणकारी नीतियों के है मजबूत आधारः- जिलाधिकारी

- 16 से 30 नवंबर तक स्वगणना का विशेष अभियान, नागरिक स्वयं मोबाइल, टैबलेट, लैपटॉप अथवा कंप्यूटर से दर्ज कर सकेंगे परिवार का विवरण।
- पहली बार डिजिटल जनगणना के साथ स्वगणना की सुविधा, व्यक्तिगत जानकारी रहेगी पूर्णतः गोपनीय एवं आरटीआई के दायरे से बाहर।
- जनपद में 7,840 एन्यूमरेशन ब्लॉक, 6,822 प्रगणक एवं 1,021 सुपरवाइजरों की गई है तैनाती।
- 01 दिसंबर से 04 जनवरी तक घर-घर जनसंख्या गणना तथा 05 से 09 जनवरी तक होगा पुनरीक्षण कार्य।

समृद्धि न्यूज़

कुशीनगर। जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि किसी भी योजना के प्रभावी निर्माण, बेहतर प्रबंधन एवं सफल क्रियान्वयन के लिए सटीक और अद्यतन आंकड़ों की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक है। यदि आंकड़े अपूर्ण अथवा त्रुटिपूर्ण हों तो योजनाओं की सही रूपरेखा तैयार करने और उनका अपेक्षित लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने में कठिनाई होती है। भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की सफलता भी काफी हद तक नागरिकों, परिवारों एवं परिवार के मुखिया से संबंधित सटीक आंकड़ों पर निर्भर करती है।

उक्त बातें जिलाधिकारी श्री चौहान शनिवार 14 नवम्बर को जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के संबंध मे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने बताया कि जनगणना की प्रक्रिया को अधिक सुगम, पारदर्शी एवं सटीक बनाने के उद्देश्य से इस बार डिजिटल जनगणना के साथ पहली बार स्वगणना की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है। कुशीनगर जनपद में 16 नवंबर से आगामी 30 नवंबर तक स्वगणना का विशेष अभियान संचालित होगा। इस दौरान जनपदवासी अपने मोबाइल, टैबलेट, लैपटॉप अथवा कंप्यूटर के माध्यम से स्वयं अपने परिवार की जनगणना संबंधी जानकारी निर्धारित पोर्टल पर दर्ज कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि स्वगणना के लिए नागरिक आधिकारिक वेबसाइट https://se.census.gov.in पर जाकर सर्वप्रथम उत्तर प्रदेश का चयन करेंगे तथा कैप्चा भरकर पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी करेंगे। इसके अंतर्गत परिवार के मुखिया का नाम एवं मोबाइल नंबर दर्ज कर ओटीपी के माध्यम से सत्यापन करना होगा। इसके बाद अपनी सुविधानुसार भाषा का चयन कर राज्य, जनपद एवं गांव अथवा शहर से संबंधित पता दर्ज करना होगा। पोर्टल पर उपलब्ध मैप के माध्यम से अपने घर को भी टैग करना होगा। इसके पश्चात परिवार के सदस्यों से संबंधित निर्धारित लगभग 40 सरल प्रश्नों के उत्तर भरकर विवरण की जांच करने के बाद फॉर्म सबमिट करना होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वगणना की प्रक्रिया पूरी होने पर प्रत्येक परिवार को एक विशिष्ट सेल्फ एन्यूमरेशन आईडी प्राप्त होगी, जिसे सुरक्षित रखना आवश्यक है।

जब जनगणना प्रगणक घर पहुंचेगा तो परिवार को केवल यह आईडी उपलब्ध करानी होगी। इसके माध्यम से पहले से दर्ज जानकारी प्रगणक के पोर्टल अथवा सॉफ्टवेयर पर उपलब्ध हो जाएगी और नागरिकों को दोबारा पूरा विवरण देने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इससे नागरिकों का समय बचेगा और जनगणना कार्य में लगे कार्मिकों को भी सुविधा होगी। उन्होंने विशेष रूप से स्पष्ट किया कि स्वगणना के दौरान नागरिकों द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली व्यक्तिगत जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी तथा व्यक्तिगत विवरण सूचना का अधिकार अधिनियम (आरटीआई) के दायरे से बाहर हैं। इसलिए किसी भी नागरिक को अपनी व्यक्तिगत जानकारी की गोपनीयता अथवा उसके दुरुपयोग को लेकर आशंकित होने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील किया कि वे अपनी सभी जानकारियां पूरी सावधानी एवं शुद्धता के साथ दर्ज करें।

जनगणना की समय-सारिणी की जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि 16 नवंबर से 30 नवंबर तक स्वगणना की प्रक्रिया संचालित होगी। इसके पश्चात 01 दिसंबर से आगामी 04 जनवरी तक जनगणना कार्मिकों द्वारा घर-घर जाकर जनसंख्या गणना का कार्य किया जाएगा। वहीं 05 जनवरी से आगामी 09 जनवरी तक पुनरीक्षण कार्य संपादित किया जाएगा। जनपद में जनगणना की तैयारियों एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं के संबंध में उन्होंने बताया कि प्रथम चरण का कार्य सफलता पूर्वक पूर्ण कर लिया गया है। जनपद में कुल 130 फील्ड ट्रेनर्स एवं 03 मास्टर ट्रेनर्स तैनात किए गए हैं। जनगणना कार्य के लिए कुल 19 चार्ज गठित किए गए हैं। जनपद में 06 तहसीलें, 1,455 राजस्व ग्राम हैं, जिनमें 1,382 आबाद एवं 73 गैर आबाद ग्राम शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 03 नगरपालिका परिषद एवं 10 नगर पंचायतों सहित कुल 13 नगरीय निकाय हैं। उन्होंने बताया कि जनपद की कुल अनुमानित जनसंख्या 47,56,648 है। जनगणना कार्य को संपादित कराने के लिए 6,822 प्रगणकों एवं 1,021 सुपरवाइजरों की तैनाती की गई है। जनपद में कुल 7,840 एन्यूमरेशन ब्लॉक, ईबी निर्धारित किए गए हैं, जिनके माध्यम से जनगणना का कार्य व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना केवल जनसंख्या की गणना भर नहीं है, बल्कि यह देश एवं प्रदेश के भविष्य की विकास योजनाओं, संसाधनों के बेहतर वितरण और जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का महत्वपूर्ण आधार है। सटीक आंकड़ों से शासन को वास्तविक जरूरतों के अनुरूप नीतियां एवं योजनाएं बनाने में मदद मिलेगी। जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से विशेष अपील किया कि वे 16 से 30 नवंबर के बीच स्वगणना की सुविधा का अधिकाधिक लाभ उठाएं और अपनी जानकारी स्वयं सही-सही दर्ज करें।

बच्चों की मुस्कान और उनका सर्वांगीण विकास ही विद्यालय की प्राथमिकताः अरविंद श्रीवास्तव

- राइजिंग चाइल्ड स्कूल में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस, बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मचाई धूम

समृद्धि न्यूज़



रायबरेली। बाल दिवस के अवसर पर शहर के प्रभुटाउन स्थित राइजिंग चाइल्ड स्कूल में बच्चों के मनोरंजन एवं उत्साहवर्धन के लिए विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ प्रतिभाग किया। विद्यालय परिसर में दिनभर हर्षोल्लास का माहौल रहा। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव ने सभी बच्चों को बाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चे देश का उज्ज्वल भविष्य हैं। प्रत्येक बच्चे में कोई न कोई विशेष प्रतिभा छिपी होती है। विद्यालय के प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव, एडवोकेट ने बच्चों को उपहार भेंट कर बाल दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बच्चों की खुशी और उनका सर्वांगीण विकास ही विद्यालय के सबसे बड़ी उपलब्धि है, उन्होंने कहा कि बचपन जीवन का सबसे अनमोल समय होता है। बच्चों को बेहतर शिक्षा, संस्कार और सकारात्मक वातावरण देना हम सभी की जिम्मेदारी है। आज के बच्चे ही कल के सशक्त, शिक्षित और जिम्मेदार नागरिक बनेंगे। उन्होंने बच्चों से खूब मन लगाकर पढ़ने, अपने सपनों को पूरा करने और जीवन में निरंतर आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के मनोरंजन के लिए अनेक आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की गईं। बच्चों ने बम-बम बोले, नन्हा मुन्ना राही हूं, बच्चे मन के सच्चे और कर हर मैदान फतेह जैसे लोकप्रिय गीतों पर शानदार समूह नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।

छह उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल

समृद्धि न्यूज़ महराजगंज, जनहित एवं प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने छह उपनिरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। एसपी द्वारा जारी आदेश के तहत सभी स्थानांतरण तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं।स्थानांतरण सूची के अनुसार, चौकी प्रभारी कस्बा पनियरा के पद पर तैनात उपनिरीक्षक पंकज यादव को चौकी प्रभारी धानी, थाना बृजमनगंज बनाया गया है। वहीं, भगवानपुर चौकी प्रभारी अजय कुमार को सोनौली चौकी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सोनौली चौकी प्रभारी नरेन्द्र पटेल को भगवानपुर चौकी प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसी क्रम में पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक कृष्ण देव को चौकी प्रभारी नगर, थाना कोतवाली बनाया गया है, जबकि नगर चौकी प्रभारी विजय गौड़ को थाना कोतवाली भेजा गया है। वहीं, थाना फरेंदा में तैनात उपनिरीक्षक सौरभ कुमार को चौकी प्रभारी मिठौरा, थाना सिंदुरिया की जिम्मेदारी दी गई है।पुलिस अधीक्षक के इस फेरबदल को जिले में पुलिसिंग व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाने और प्रशासनिक कार्यों में बेहतर समन्वय स्थापित करने की दिशा में उठाया गया कदम माना जा रहा है।

थाना समाधान दिवस में 47 शिकायतें प्राप्त

समृद्धि न्यूज़ महराजगंज, जनपद के सभी थानों पर शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस एवं राजस्व विभाग केअधिकारियों ने संयुक्त रूप से फरियादियों की समस्याएं सुनीं। जिले में कुल 47 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें पांच का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी ने भूमि विवाद से जुड़े मामलों में पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर दोनों पक्षों की मौजूदगी में निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ताओं को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए विभिन्न कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। सभी प्रकरणों का त्वरित और न्यायपूर्ण निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

रोजगार मेले में चयनित अभ्यर्थियों को सलोन विधायक ने वितरित किए नियुक्ति पत्र

समृद्धि न्यूज़



रायबरेली। उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अन्तर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा स्व. दलबहादुर कोरी राजकीय पॉलीटेक्निक, गोपालपुर डीह के परिसर में एक दिवसीय विधानसभा स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में कुल 23 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें 1062 अभ्यर्थियों ने रोजगार प्राप्त करने के उद्देश्य से प्रतिभाग किया। इनमें से लगभग 476 अभ्यर्थियों का विभिन्न कम्पनियों द्वारा प्राथमिक रूप से चयन किया गया। शेष कुछ कम्पनियों के परिणाम अभी लंबित हैं। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा सलोन के विधायक अशोक कुमार द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किए। रोजगार मेले में महादेव हनुमान विजय प्लेसमेंट सर्विस, ब्राइट फ्यूचर, अम्बर इण्टरप्राइजेज, टाटा मोटर्स, न्यू हॉलैण्ड सहित विभिन्न प्रतिष्ठित कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग कर अभ्यर्थियों का साक्षात्कार एवं चयन किया। इस अवसर पर जिला सेवायोजन अधिकारी डॉ० दिनकर कुमार, प्रबन्धक अखिल कुमार शुक्ला तथा स्व० दलबहादुर कोरी राजकीय पॉलीटेक्निक के प्रधानाचार्य शैलेन्द्र कुमार द्वारा रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाले अतिथियों, नियोजकों एवं अभ्यर्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन एस.एस. पाण्डेय एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के सर्वेश कुमार राय ने किया। रोजगार मेले के सफल आयोजन में जिला प्रबन्धक कौशल विकास मिशन राजीव सिंह तथा जिला सेवायोजन कार्यालय के जितेन्द्र सिंह कनौजिया, गुलरेज सुंहेल, धीरेन्द्र सिंह, रामेन्द्र कुमार पाण्डेय, अश्वनी कुमार, मो० जमीर, तनीषा श्रीवास्तव, सोनानी सोनकर, विजय कुमार, सुरेश चन्द्र, रामेन्द्र कुमार एवं महेन्द्र कुमार सहित स्व० दलबहादुर कोरी राजकीय पॉलीटेक्निक के प्रवक्ता वेदान्त मिश्रा, विजय मिश्रा एवं शुभांकर राज ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

इंदिरा मैराथन 19 को, तैयारी पूरी

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। सुप्रसिद्ध मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन खेल विभाग उत्तर प्रदेश एवं जिला प्रशासन की ओर से 19 नवम्बर को किया जा रहा है। इस बार हाफ मैराथन का भी आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न हिस्से से बड़ी संख्या में धावक भाग लेने आते हैं। यह जानकारी पत्रकारों से बातचीत में जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने दी। उन्होंने ने बताया कि प्रतियोगिता आनंद भवन से शुरू होकर मदन मोहन मालवीय स्टेडियम पर समाप्त होगी। मैराथन प्रतियोगिता के लिए 42.195 किमी एवं हाफ मैराथन प्रतियोगिता के लिए 21.097 किमी की दूरी निर्धारित की गयी है। मैराथन में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले धावक को दो लाख रुपये की धनराशि प्रदान की जायेगी। द्वितीय को एक लाख एवं तृतीय को पचहत्तर हजार रुपये की धनराशि दी जायेगी।

नवागत डीएम शिवशरणप्पा जी.एन. ने संभाला कार्यभार, जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन होगी प्राथमिकता

समृद्धि न्यूज़



महराजगंज, नवागत जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी.एन., आईएएस ने आज जिले के जिलाधिकारी के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया। कोषागार में प्रभारी जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उन्हें विधिवत पदभार ग्रहण कराया गया।कार्यभार संभालने के बाद नवागत जिलाधिकारी ने मीडिया से बातचीत करते हुए अपनी प्राथमिकताओं और कार्ययोजना से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना और उनका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल रहेगा। योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों को मिले, इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आम जनता की समस्याओं और जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराया जाएगा। जनता को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े, इसके लिए संबंधित अधिकारियों को जवाबदेह बनाया जाएगा। नवागत जिलाधिकारी ने जनगणना और विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को भी महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इन दोनों कार्यों को प्रभावी, व्यवस्थित और समयबद्ध तरीके से संपन्न कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकताओं में रहेगा। इसके लिए सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा।उन्होंने प्रशासनिक कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही पर जोर देते हुए स्पष्ट किया कि भ्रष्टाचार तथा शासकीय कार्यों में लापरवाही के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति अपनाई जाएगी। सरकारी कार्यों में उदासीनता या अनियमितता बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति सख्त रुख अपनाया जाएगा।

नवागत जिलाधिकारी ने स्पष्ट संकेत दिया कि जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए शासन की मंशा के अनुरूप योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाना और प्रशासन को अधिक जवाबदेह एवं संवेदनशील बनाना उनकी कार्यशैली का प्रमुख हिस्सा होगा।

एएसपी ने भिटौली क्षेत्र के छठ घाटों का किया निरीक्षण



समृद्धि न्यूज़

महराजगंज, छठ पूजा पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक महराजगंज सिद्धार्थ ने शनिवार को थाना भिटौली क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।अपर पुलिस अधीक्षक ने परसा खुर्द छठ घाट और लक्ष्मीपुर देउरवा छठ घाट पहुंचकर वहां की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाटों पर सुरक्षा प्रबंध, श्रद्धालुओं की आवाजाही, संभावित भीड़ और भीड़ नियंत्रण की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि छठ पूजा के दौरान पूरी सतर्कता बरती जाए और घाटों पर पुलिसकर्मी लगातार भ्रमणशील रहकर निगरानी करें।

शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने के आरोप में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

कुशीनगर। जनपद के खड्डा पुलिस ने शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने समेत अन्य आरोपों में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार खड्डा थाने में दर्ज मुकदमा संख्या 268/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 69, 89, 115(2), 352 तथा एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(2)(V) में अभियुक्त की तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में पुलिस टीम ने वांछित अभियुक्त दयानन्द यादव पुत्र लालबहादुर यादव, निवासी बरवा रतनपुर नौका टोला, थाना खड्डा को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उक्त अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष महेश चौबे, उपनिरीक्षक संतराज यादव, उपनिरीक्षक आशीष कुमार, कांस्टेबल गोविन्द सिंह एवं कांस्टेबल प्रमोद यादव शामिल रहे।

धान बिक्री के लिए पंजीयन कराने में किसानों को छूट रहा पसीना

समृद्धि न्यूज़



महाराजगंज, सरकारी क्रय केन्द्रों पर धान बेचने के लिए खाद्य एवं रसद विभाग के पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य है। ऑनलाइन पंजीयन कराने की प्रक्रिया में तमाम दिक्कतों के कारण किसानों को पसीना छूट रहा है ,किसान सहज जन सेवा केंद्र तथा तहसील का चक्कर लगाते लगाते थक जा रहे हैं । इन सब के बीच जिनका पंजीयन हो जा रहा है उन्हें राहत है। किसानों के तमाम भाग दौड़ के बीच जिले के मात्र 8566 किसानों का धान बिक्री के लिए अब तक पंजीयन होने की खबर है। उल्लेखनीय है कि तमाम किसानों का ऑनलाइन प्रक्रिया के दौरान पूरा रकबा नहीं सो कर रहा है वही तमाम किसानों का नाम मिसमैच दिख रहा है ।और प्रक्रिया में आगे बढ़ने पर भूमि सत्यापन की स्थिति लंबित होने पर संबंधित हल्का लेखपाल से सत्यापन कराने के लिए किसान दौड़ लगा रहे हैं। किसानों के अनुसार पंजीयन की जटिलता के कारण धान बिक्री के लिए खाद्य एवं रसद विभाग के पोर्टल पर पंजीयन कराना एक चुनौती बना हुआ है ।जिनका पंजीयन पूर्ण हो जा रहा है। वे किसान धान बिक्री के लिए प्रयासरत हैं। लेकिन जिनके कुछ कागजी कमी से लंबित रह जा रहा है वे पंजीयन कराने के लिए दौड़ लगा रहे हैं।

विधायक शहर उत्तरी हर्षवर्धन बाजपेई ने तीन दिवसीय प्रदर्शनी का किया शुभारम्भ

समृद्धि न्यूज़



प्रयागराज। विधायक शहर उत्तरी हर्षवर्धन बाजपेई के द्वारा शनिवार को शंकर विमान मंडपम (श्री बड़े हनुमान जी मंदिर के पास) छठ पर्व के अवसर पर सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों, जन कल्याणकारी योजनाओं, नीतियों व उपलब्धियों पर आधारित सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की लगायी गयी तीन दिवसीय प्रदर्शनी का फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी ने प्रदर्शनी में लगी विभिन्न चित्र दीर्घाओं का बारीकी से अवलोकन किया। प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए विधायक ने प्रदर्शनी की सराहना की तथा प्रदर्शनी को आमजन के लिए उपयोगी बताया। उन्होंने कहा की अधिक से अधिक लोग यहां आकर प्रदर्शनी का अवलोकन करे और योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठायें।

उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार में तेजी के साथ विकास के कार्य हो रहे है। योजनाओं के लाभ से मातृशक्ति स्वावलंबी बन रही है। विधायक ने छठ पर्व के महत्व के बारे में विस्तार से बताया।

निजी अस्पताल में मरीज और कर्मचारियों के बीच मारपीट

समृद्धि न्यूज़, प्रयागराज। धूमनगंज स्थित एक प्रसिद्ध निजी अस्पताल में मरीज और कर्मचारियों के बीच विवाद के बाद हंगामा होने का मामला सामने आया है। दोनों पक्षों में जमकर मारपीट भी हुई। वायरल वीडियो से जुड़े दावों के अनुसार, पहले दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद मामला गाली-गलौज और कथित मारपीट तक पहुंच गया। वीडियो में अस्पताल परिसर में अफरा-तफरी जैसी स्थिति दिखाई दे रही है। एक व्यक्ति द्वारा मरीज के साथ मारपीट किए जाने और मरीज के घायल होने का दावा भी किया जा रहा है। घटना का वीडियो सामने आने के बाद अस्पताल में मरीजों और तीमारदारों की सुरक्षा तथा कर्मचारियों के व्यवहार को लेकर सवाल उठने लगे हैं। मामले में अस्पताल प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज़



महराजगंज, जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पनियरा पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस टीम ने दुष्कर्म के मामले में वांछित एक 22 वर्षीय अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक महराजगंज शक्ति मोहन अवस्थी के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पनियरा पुलिस ने आकाश पुत्र राममिलन निवासी ग्राम मोहद्दीनपुर, थाना पनियरा को गिरफ्तार किया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना पनियरा में मु0अ0सं0 237/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 137(2), 87, 64(1) तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 5J(ii)/6 में मुकदमा दर्ज था। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त इस मामले में वांछित चल रहा था।

गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश करने के लिए भेज दिया।

इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक अनीश कुमार शर्मा, कांस्टेबल सुशील कुमार और कांस्टेबल मुकेश यादव शामिल रहे।

बच्चों ने केक काटकर मनाया चाचा नेहरू का जन्मदिन



समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ, कन्नौज। नगर में विशुनगढ़ रोड स्थित बचपन प्ले स्कूल एवं लिटिल स्टार विद्या निकेतन में नन्हे-मुन्नों ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिन को बच्चों का दिन के रूप में धूमधाम से मनाया।बच्चों ने नृत्य, कविता और खेलों के माध्यम से अपनी खुशी व्यक्त की।

कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने केक काटकर चाचा नेहरू को याद किया और खेल-कूद में जमकर मस्ती की। डायरेक्टर विवेक गुप्ता ने कहा पंडित जवाहरलाल नेहरू बच्चों से बेहद प्यार करते थे। आज का दिन हमें याद दिलाता है कि बच्चों का सही पालन-पोषण और शिक्षा राष्ट्र निर्माण की नींव है। हमारा प्रयास है कि हर बच्चा खुशहाल और आत्मविश्वासी बने। प्रिंसिपल रश्मि गुप्ता ने कहा बच्चों की मुस्कान और जोश देखकर लगता है कि चाचा नेहरू की भावना आज भी जीवित है। स्कूल परिवार बच्चों को नैतिक मूल्यों के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में बचपन प्ले स्कूल से अनु गुप्ता, कीर्ति शुक्ला, तान्या, आराध्या तथा लिटिल स्टार विद्या निकेतन से सेजल गुप्ता, शिवानी, कृति दुबे, आलिया, ज्योति आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

अधिवक्ता हत्याकांड में कांग्रेसी नेता की बेटी और पिता गिरफ्तार

- भारी मात्रा में असलहे और कारतूस बरामद
- पश्चिमी बाईपास से पिता तो इब्राहीमगंज से बेटी को पुलिस ने दबोचा

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। अधिवक्ता अनुज चतुर्वेदी हत्याकांड में कोतवाली पुलिस ने फरार चल रहे दो वांछित आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मुख्य आरोपित अमोल दीक्षित के पिता अवध बिहारी दीक्षित और बेटी उन्नति दीक्षित को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। आरोपित अवध बिहारी के कब्जे से अवैध असलहे और भारी मात्रा में कारतूस भी बरामद किए गए हैं। दीपावली की शाम अधिवक्ता अनुज चतुर्वेदी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मोहल्ला सुभाषनगर निवासी मृतक के भाई अंकित चतुर्वेदी पुत्र गणेशशंकर चतुर्वेदी ने कांग्रेस जिला महासचिव अमोल दीक्षित, उसके पिता अवधबिहारी दीक्षित और मां मुन्नी देवी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। कोतवाली पुलिस ने तीन दिन पहले मुख्य हत्याभियुक्त कांग्रेसी नेता अमोल दीक्षित और उसकी मां मुन्नी देवी को गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन उसका पिता अवध बिहारी दीक्षित पुलिस की पकड़ से दूर चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए कोतवाली पुलिस ने चारों तरफ जाल बिछा रखा था। आखिरकार शनिवार को पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लग गई।

प्रभारी निरीक्षक कपिल दुबे ने बताया कि फरार चल रहे अभियुक्त अवधबिहारी दीक्षित को पश्चिमी बाईपास के पास से रात करीब 12:48 बजे गिरफ्तार किया गया। वहीं अमोल दीक्षित की बेटी उन्नति दीक्षित को इब्राहीमगंज जीटी रोड से सुबह करीब 10:35 बजे हिरासत में लिया गया। कोतवाल ने बताया कि गिरफ्तार किए गए अवधबिहारी दीक्षित के कब्जे से बरामदगी में लाइसेंसी एकनाली बंदूक 12 बोर, 12 जिंदा कारतूस 12 बोर, एक अवैध तमंचा 315 बोर, 5 जिंदा कारतूस 315 बोर तथा 7.65 एमएम के 20 जिंदा कारतूस शामिल हैं। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर आर्म्स एक्ट की धाराएं भी बढ़ाई हैं। पुलिस ने दोनों आरोपितों को संबंधित धाराओं में कार्रवाई पूरी करने के बाद न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

कोतवाल कपिल दुबे के नेतृत्व में अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक सुरेश कुमार चतुर्वेदी, दारोगा विशेष कुमार, दारोगा मनुज कुमार, महिला उपनिरीक्षक दीपांजलि वर्मा, हेड कांस्टेबल सुखवीर सिंह, कांस्टेबल नीरज कुमार, कांस्टेबल नरेश गुर्जर, कांस्टेबल ओमकार सिंह, कांस्टेबल योगेश कुमार, कांस्टेबल जयदेव, महिला कांस्टेबल बबली धामा और महिला कांस्टेबल खुशबू शामिल रहीं।

बच्चों ने खेलकूद गतिविधियों में लिया हिस्सा



समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ, कन्नौज। गीतापुरम कॉलोनी स्थित ज्ञाना इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित बाल दिवस में बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों और इनडोर खेलों का आयोजन किया गया। नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

विद्यालय के निदेशक हिमांशु वर्मा ने चाचा नेहरू के बारे में जानकारी दी। शिक्षकों और स्टाफ ने बच्चों के साथ केक काटकर खुशियां साझा कीं। विद्यालय के एमडी रामानंद वर्मा ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य और समाज की अनमोल पूंजी हैं। उनके सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ खेलकूद, रचनात्मक गतिविधियां और अच्छे संस्कार जरूरी हैं। प्रधानाचार्य रूबी मिश्रा ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आपसी सहयोग, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच विकसित होती है। पढ़ाई के साथ मनोरंजन भी बच्चों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इस मौके पर सब डायरेक्टर शिवम वर्मा, कोऑर्डिनेटर रिचा दुबे, अंकिता दुबे, रोहित शाक्य, विनोद शाक्य सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

घुमंतू गौरव समागम में जुटेगा सर्व समाज,भाजपा प्रदेश अध्यक्ष करेंगे शिरकत



- बोर्डिंग ग्राउंड में सुबह 9:30 बजे से होगा आयोजन
- जनजातीय समाज की संस्कृति और गौरवशाली इतिहास पर होगी चर्चा

समृद्धि न्यूज

कन्नौज। जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर आज शहर के बोर्डिंग ग्राउंड में घुमंतू गौरव समागम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने बताया कि कार्यक्रम सुबह 9:30 बजे से शुरू होगा। इसमें घुमंतू समाज के साथ सर्व समाज के लोगों की भागीदारी रहेगी। समागम में जनजातीय और घुमंतू समाज के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति और सामाजिक उत्थान से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। आयोजन को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। शनिवार को मंत्री असीम अरुण ने कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाएं समय से पूरी करने और कार्यक्रम में आने वाले लोगों की सुविधा का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सहित जिले के सभी अधिकारी मौजूद रहे।

बाल दिवस पर बच्चों ने लगाए व्यंजनों के स्टाल



समृद्धि न्यूज


छिबरामऊ, कन्नौज। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस पर सुभाष अकादमी में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक राजेश सक्सेना ने फीता काटकर एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के स्टाल लगाए। पापड़ी, ढोकला, पानी के बताशे, भेलपुरी, कोल्ड कॉफी, चाय और केक सहित कई स्वादिष्ट व्यंजनों की दुकानें आकर्षण का केंद्र रहीं। मेले में पहुंचे अतिथियों और अभिभावकों ने बच्चों द्वारा तैयार व्यंजनों का आनंद लिया। कई लोग पसंदीदा व्यंजन पैक कराकर घर भी ले गए। शिक्षकों ने भी बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए व्यंजनों का स्वाद चखा। इस मौके पर सीईओ कार्तिकेय सक्सेना, प्रिया सक्सेना, निदेशिका कविता सक्सेना, प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार यादव सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

बाल दिवस पर बच्चों को पढ़ाया यातायात नियमों का पाठ, उपहार पाकर खिले चेहरे

- ट्रैफिक पुलिस ने दो स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

समृद्धि न्यूज



कन्नौज। बाल दिवस के अवसर पर यातायात पुलिस ने शनिवार को स्कूली बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी देकर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देश और क्षेत्राधिकारी यातायात शिल्पा वर्मा के पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात रवि शंकर त्रिपाठी के नेतृत्व में टीएसआई आफाक खान ने रोटरी शिक्षा सदन जूनियर हाईस्कूल पुलिस लाइन रोड और स्वामी भजनानंद इंटर कॉलेज मियागंज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

इस दौरान बच्चों को सड़क पार करने के सही तरीके, साइकिल चलाते समय दाएं-बाएं मुड़ने के संकेत और यातायात नियमों का पालन करने की जानकारी दी गई। टीएसआई आफाक खान ने कहा कि सड़क पर सावधानी ही सुरक्षा है। यहां गलती सुधारने का दूसरा मौका नहीं मिलता। उन्होंने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे का उदाहरण देते हुए बच्चों को तेज रफ्तार से होने वाले खतरों के प्रति आगाह किया और सुरक्षित गति से वाहन चलाने की सीख दी।

वहीं, बाल दिवस के उपलक्ष्य में रोटरी शिक्षा सदन के छोटे बच्चों को टीएसआई आफाक खान ने उपहार वितरित किए। उपहार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।

मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज में हर्षोल्लास से मनाया गया बाल दिवस

गुरसहायगंज (कन्नौज)। मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज गुरसहायगंज में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री चाचा नेहरू का जन्म दिवस बाल दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ बच्चों एवं समस्त अध्यापकों के साथ मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित किए गए और बच्चों को उनके जीवन, विचारों और बच्चों के प्रति प्रेम के बारे में बताया गया। विद्यालय के सहायक अध्यापक (अंग्रेजी) पुष्पेंद्र कुमार सिंह ने बाल दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं को देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के संबंध में विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि पंडित नेहरू बच्चों को देश का भविष्य मानते थे, इसलिए उनका जन्म दिवस बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है।

26 नवंबर की महारैली को सफल बनाने के लिए सत्ता परिवर्तन सभा आयोजित

- आजाद समाज पार्टी के पदाधिकारियों ने लखनऊ पहुंचने की अपील की।
- आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से बेदखल करेगी पार्टी।

समृद्धि न्यूज



कन्नौज। क्षेत्र के सीहपुर पचौर में आजाद समाज पार्टी के तत्वावधान में सत्ता परिवर्तन सभा का आयोजन किया गया। सभा का उद्देश्य 26 नवंबर को लखनऊ में आयोजित होने वाली बहुजन स्वराज संकल्प महारैली को सफल बनाना रहा। मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी छबिराम जाटव ने कहा कि बाबा साहब ने शिक्षित बनो, संगठित बनो और संघर्ष करो का मूल मंत्र दिया था। समाज को आगे बढ़ने के लिए सत्ता की ताकत को समझना होगा। दलित समाज 14 साल से अधिक समय से सत्ता से दूर है। अब आजाद समाज पार्टी पर भरोसा जताने का समय है।

जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने कहा कि संविधान दिवस पर लखनऊ में होने वाली महारैली में सभी लोग अधिक से अधिक संख्या में पहुंचें। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि दलितों, पिछड़ों और मुस्लिमों पर अत्याचार बढ़े हैं। महंगाई और बेरोजगारी से जनता परेशान है। आगामी विधानसभा चुनाव में आजाद समाज पार्टी भाजपा को सत्ता से बाहर करने का काम करेगी। इस दौरान पवन गौतम, पातीराम बौद्ध, पूजा गौतम, रामकुमार, पूनम गौतम, सुनील कुमार सहित पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बच्चों ने मचाई धूम, लगाए खानपान के स्टाल



समृद्धि न्यूज

छिबरामऊ, कन्नौज। नगर के एम चिश्ती पब्लिक एकेडमी में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों ने खानपान के अलग-अलग स्टाल भी लगाए, जहां लोगों ने खरीदारी कर विभिन्न व्यंजनों का लुत्फ उठाया। कार्यक्रम के दौरान देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिवस केक काटकर मनाया गया। विद्यालय के प्रबंधक जाहिद चिश्ती ने बताया कि भारत में वर्ष 1964 से 14 नवंबर को बाल दिवस मनाया जा रहा है। चाचा नेहरू बच्चों से बेहद प्रेम करते थे। उनके जन्मदिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और सर्वांगीण विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस मौके पर रुबीना, मरियम, अलीम, सलमा, सिफा, नेहा, अनवरी, दिलशाना, उमरा, सईद, रुखसार, सोनी और सहरीन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

बेटे की शादी का कार्ड बांटने जा रहे पिता की हादसे में मौत

छिबरामऊ, कन्नौज। ग्राम करमुल्लापुर क्षेत्र में सड़क हादसे में बेटे की शादी की खुशियां मातम में बदल गईं। रिश्तेदारों को शादी के कार्ड बांटने जा रहे राजमिस्त्री की ट्रैक्टर की टक्कर से मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार उनका भांजा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार फर्रुखाबाद जिले के कादरी गेट थाना क्षेत्र के ग्राम पपियापुर निवासी बृजेश पुत्र रामस्वरूप पेशे से राजमिस्त्री थे। शनिवार सुबह वह अपने 24 वर्षीय भांजे सोनू पुत्र महेश चंद्र निवासी टॉकिंग नगला, थाना बेवर, जिला मैनपुरी के साथ बाइक से बेटे अपुन की शादी का कार्ड बांटने निकले थे। दोनों बेवर होते हुए सिकंदरपुर क्षेत्र के ग्राम सिमरनपार रौतामई स्थित रिश्तेदारी में जा रहे थे।

बच्चे मन लगाकर करें पढ़ाईः एहतिशामुद्दीन

समृद्धि न्यूज



छिबरामऊ, कन्नौज। जेबीजी नेशनल हायर सेकेण्डरी स्कूल में आयोजित बाल दिवस में विद्यालय के प्रबन्धक एहतिशामुद्दीन ने कहा आज का दिन यह याद दिलाता है कि हमें मन लगाकर पढ़ना चाहिए, बड़ों का सम्मान करना चाहिए, सच बोलना चाहिए और अच्छे काम करना चाहिए।

प्रधानाचार्य चंदन सिद्धीकी ने कहा अगर बच्चों को सही शिक्षा, सही संस्कार और सही प्यार मिलेगा तो भारत दुनिया का सबसे महान देश बनेगा। बच्चों को सिर्फ किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि अच्छे संस्कार, ईमानदारी और देशभक्ति भी सिखानी चाहिए। इसके अलावा अध्यापक जीतू यादव , अनंत मिश्रा नेवी विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने फास्ट फूड, मटर-चाट, कुरकुरे, पापड़ी, कुरकुरे-चाट, टेस्टी समोसे और भेलपुरी की दुकानें लगाकर सामग्री को बेचा और आनन्द उठाया।

इस मौके पर साधना, आशिया, इरम, तनीषा, सलोनी, *सुमरा*, अमित, मंतशा, मानसी, जीतू, अनंत आदि अध्यापक मौजूद रहे।

सरस्वती विद्या मंदिर में धूमधाम से मनाया बाल दिवस

- नेहरू के जीवन और राष्ट्र निर्माण में योगदान पर विद्यार्थियों ने रखे विचार।
- सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन।

समृद्धि न्यूज



तिर्वा/कन्नौज। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शनिवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में हर्षोल्लास से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्रा और वरिष्ठ आचार्य अनंतराम ने पंडित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन कर किया।

इस मौके पर विद्यार्थियों ने हिंदी और अंग्रेजी में भाषण प्रस्तुत कर नेहरू के जीवन, व्यक्तित्व और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समारोह में चार चांद लगा दिए।

प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्रा ने कहा कि बाल दिवस बच्चों की प्रतिभा, जिज्ञासा और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने का अवसर है। बच्चे देश का भविष्य हैं।

उनमें अच्छे संस्कार, अनुशासन, परिश्रम और राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित करना सभी का दायित्व है। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का संचालन वीरेश, विजय और कक्षा 12 की छात्राओं ने किया। समापन पर सभी विद्यार्थियों को जलपान वितरित किया गया।

शाली से शादी की जिद में पानी की टंकी पर चढ़ा युवक

- तीन माह पहले पीपल के पेड़ पर चढ़कर भी कर चुका है हंगामा।
- पुलिस ने समझाकर नीचे उतारा।

समृद्धि न्यूज



कन्नौज। घर वाली धोखा दे गई, मेरी शाली से शादी कराओ,, चिल्लाते हुए 35 वर्षीय एक युवक पानी की ऊंची टंकी पर चढ़ गया। मामले की जानकारी पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कड़ी मशक्कत करते हुए समझा बुझाकर युवक को नीचे उतारा।

जानकारी के मुताबिक इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव पूराराय निवासी 35 वर्षीय बाबू पुत्र चंद्रपाल की पत्नी एक साल पूर्व घर से चली गई थी। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका था। पति बाबू के मुताबिक पत्नी की खोजबीन के दौरान पता चला था कि उसकी पत्नी उसको धोखा देकर किसी अन्य शख्स के साथ चली गई थी।

पत्नी की बरामदगी को लेकर बाबू पुलिस कार्यवाही चाहता था जिसको लेकर बीते 3 माह पूर्व भी वह एक पीपल के पेड़ पर चढ़ गया था।पुलिस कार्यवाही नहीं होने पर आत्महत्या की धमकी दे रहा था। रात्रि के समय उपरोक्त मंजर की सूचना पर मौके पर लगी भीड़ के बीच पहुंची पुलिस ने उपरोक्त युवक को कड़ी मशक्कत करके नीचे उतारा था। एक बार फिर बाबू के हंगामे से बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। पता चला कि बाबू इस बार अपनी शाली से शादी करने की जिद कर रहा था, और इस बार पानी की टंकी पर ऊंचाई पर चढ़ गया। बाबू टंकी पर चढ़कर यही चिल्ला रहा था कि, पत्नी धोखा दे गई, मेरी शाली से शादी कराओ, नहीं तो मैं पानी की टंकी से कूदकर जान दे दूंगा।

ग्रामीणों की भीड़ के बीच सूचना पर डायल 112 पुलिस और थाना प्रभारी विनोद कुमार के निर्देशन में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। आखिर एक बार फिर कड़ी मशक्कत करके पानी की टंकी पर चढ़े बाबू को पुलिस में समझा बुझाकर कर कार्यवाही का आश्वाशन देते हुए नीचे उतारा।

पुलिस सुपुर्दगी में भी बाबू उपरोक्त रट लगाए पत्नी धोखा दे गई, शाली से शादी कराओ कि जिद करता नजर आ रहा था। वहीं बाबू ने पूँछने पर बताया कि उसे राजपाल सक्सेना नामक युवक ने मारा है, इस कारण भी वह पानी की टंकी पर चढ़ है और पुलिस कार्यवाही चाहता है।





छठ पूजा की तैयारियों को लेकर डीएम ने पांचाल घाट का किया निरीक्षण

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

- घाट पर बैरीकेडिंग, सुरक्षा, प्रकाश, स्वच्छ पेयजल एवं महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने जनपद में छठ पूजा पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ पांचाल घाट का स्थलीय निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने घाट पर छठ पूजा पर श्रद्धालुओं एवं व्रतियों की सुविधा, सुरक्षा तथा भीड़ प्रबंधन के लिए की जाने वाली व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने निर्देशित किया कि छठ पूजा पर पांचाल घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं व्रतियों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए घाट पर पर्याप्त एवं मजबूत बैरीकेडिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे श्रद्धालु निर्धारित सुरक्षित स्थानों पर ही पूजा-अर्चना कर सकें। घाट पर सुरक्षा के सभी आवश्यक इंतजाम समय से पूर्ण कर लिए जाएं तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था अथवा अप्रिय घटना की संभावना को रोकने के लिए विशेष सतर्कता बरती जाए।उन्होंने निर्देश दिए कि व्रतियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए घाट पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे सुबह एवं शाम के समय पूजा-अर्चना के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।



पांचाल घाट का निरीक्षण करती डीएम

इसके साथ ही स्वच्छ पेयजल, पर्याप्त संख्या में शौचालय तथा महिलाओं की सुविधा एवं निजता को ध्यान में रखते हुए सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित चेंजिंग रूम की व्यवस्था कराई जाए। घाट एवं उसके आसपास साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था रखी जाए तथा नियमित रूप से सफाई कराते हुए कूड़ा निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए घाट पर प्रशिक्षित गोताखोरों की पर्याप्त संख्या में तैनाती करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि नदी में स्नान एवं पूजा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए आवश्यकतानुसार पुलिस बल की तैनाती के साथ ही घाट के संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाए। पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी आपसी समन्वय के साथ सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

उन्होंने भीड़ नियंत्रण एवं यातायात व्यवस्था को लेकर निर्देशित किया कि छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं के आवागमन को सुगम बनाए रखने के लिए यातायात की प्रभावी योजना तैयार की जाए। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए अपने-अपने दायित्वों का समय से निर्वहन करें तथा निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं छठ पूजा से पूर्व पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं स्वच्छता के संबंध में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट पारुल तरार, उप जिलाधिकारी सदर संजय कुमार, खण्ड विकास अधिकारी बढ़पुर योगेश पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी अविनाश चंद्र, परियोजना निदेशक राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण विश्वास मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

प्रा. विद्यालय में मनाया गया विश्व फाइलेरिया दिवस

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के नगर पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय में विश्व फाइलेरिया दिवस पर विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं को फाइलेरिया से बचाव की दवा का वितरण किया गया और बच्चों व शिक्षकों को इस बीमारी से बचाव के महत्वपूर्ण उपाय बताए गए। कार्यक्रम के दौरान आशा कार्यकत्रियों और एएनएम ने जानकारी दी कि फाइलेरिया उन्मूलन के तहत 13 नवंबर से 7 दिसंबर तक विशेष फाइलेरिया अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत घर-घर और विद्यालयों में लक्षित समूहों को दवाइयां खिलाई जा रही हैं। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक संजीव रंजन, सहायक अध्यापक प्रशांत कटियार, वसीम अख्तर, प्रज्ञानंद शाक्य, आशा कार्यकत्री साजिया बेगम तथा स्वास्थ्य केंद्र की एएनएम सहित समस्त विद्यालय स्टाफमौजूद रहा।

10.87 लाख रुपये का साइबर ठग गिरफ्तार


पुलिस हिरासत में आरोपी

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

राजेपुर पुलिस टीम ने साइबर ठगी के मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक एंड्रॉइड मोबाइल, एक सिम कार्ड और कुल 10,87,488 रुपये की साइबर ठगी का खुलासा किया है।

थानाध्यक्ष अजब सिंह ने बताया कि 12 नवंबर को प्रतिबिम्ब पोर्टल पर साइबर संबंधी शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ था। मुखबिर की सूचना पर संदिग्ध करन सिंह पुत्र श्याम सिंह निवासी-हरिहरपुर थाना राजेपुर को साइबर फ्रॉड संबंधी जांच हेतु थाना लाया गया। थाना राजेपुर की साइबर हेल्प डेस्क द्वारा गहनता से जांच करने पर अभियुक्त करन के 5 खातों में कुल 6 साइबर शिकायतों के माध्यम से 10,87,488 रुपये की फ्रॉड राशि होने की पुष्टि हुई। अभियुक्त के विरुद्ध थाना राजेपुर में धारा 318(4) बीएनएस तथा 66डी आईटी एक्ट पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। पूछताछ के दौरान अभियुक्त करन ने खुलासा किया कि वह अपने बैंक खाते खुलवाकर किराए पर देता था। इसके बाद ठग सीमेंट, गेहूं, चीनी, काजू, बादाम और कोल्ड ड्रिंक जैसे सामान सस्ते दामों में बेचने के फर्जी विज्ञापन और दस्तावेज अपलोड करते थे। जो लोग भी उनके झांसे में फंस जाते थे, उनसे पैसे इन्हीं खातों में डलवाए जाते थे और इस प्रकार साइबर ठगी को अंजाम दिया जाता था। कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अजब सिंह, सत्येन्द्र कुमार, हेड कांस्टेबल विश्वनाथ सिंह, कांस्टेबल वीरज और कांस्टेबल सौरभ सिंह शामिल रहे।

वामा खेलोत्सव में मेधावी बच्चों को किया गया सम्मानित


प्रशस्ति पत्र दिखाते विजेता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। बाल दिवस पर उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन वामा सारथी द्वारा आयोजित वामा खेलोत्सव का समापन हुआ। प्रतियोगिता में विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले पुलिस परिवार के प्रतिभावान बच्चों को पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बच्चों की खेल प्रतिभा और उनकी शानदार उपलब्धियों की खुले मन से सराहना की। उन्होंने कहा कि खेल हमारे जीवन में अनुशासन, एकाग्रता और आगे बढ़ने की प्रेरणा लाते हैं। बच्चों का यह उत्साह और प्रदर्शन पूरे पुलिस परिवार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया और उन्हें खेलकूद के साथ-साथ शिक्षा व अन्य क्षेत्रों में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अन्य पुलिस अधिकारियों और परिजनों ने भी बच्चों की इस सफलता पर खुशी जाहिर की और बच्चों का मनोबल बढ़ाया।

प्रा.वि. नगला झब्बू सिंह में मना बाल दिवस

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।



कार्यक्रम में मौजूद बच्चे

नगर के प्राथमिक विद्यालय नगला झब्बू सिंह में शनिवार को बाल दिवस अत्यंत हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेल प्रतियोगिताओं और एक रंगारंग बाल मेले का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर अपनी कला और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों से हुआ। इस दौरान आर्यन और गजेंद्र ने बाल दिवस के महत्व पर शानदार भाषण दिए। मोनी और संध्या ने अपने बेहतरीन भरतनाट्यम नृत्य से सभी का मन मोह लिया। बच्चों के बीच नींबू दौड़, बैलून रेस, ऊंची कूद और दौड़ जैसी विभिन्न रोमांचक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में उत्कर्ष, नन्ही, संध्या, नित्या, नीशू और प्रिंस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। मुख्य आकर्षण बाल मेला रहा, जहां बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का अद्भुत नमूना पेश किया। बच्चों ने विभिन्न प्रकार के विज्ञान व कला मॉडल बनाये। इसके साथ ही बच्चों द्वारा लगाए गए लजीज खाने-पीने के स्टॉल्स ने आगंतुकों और ग्रामीणों का खूब मन मोहा। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय परिवार की ओर से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक रामबरन, प्रतिभा, आकाश और अखिलेश सहित विद्यालय के अन्य शिक्षकगण और लोग मौजूद रहे।

बाइक व साइकिल की भिड़ंत में बुजुर्ग समेत दो घायल

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। गेहूं पिसाने जा रहे एक बुजुर्ग साइकिल सवार और तेज रफ्तार बाइक सवार के बीच हुई जोरदार टक्कर में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रसीदाबाद बल्लभ निवासी दिनेशचन्द्र दीक्षित 60 वर्ष पुत्र आज्ञाराम अपनी साइकिल पर गेहूं लादकर आटा चक्की पर पिसाने जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे तेज रफ्तार बाइक सवार रामनन्दन 41 वर्ष पुत्र रमेश चन्द्र निवासी दुदेमई सलेमपुर की साइकिल से आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। स्थानीय लोगों ने 108 एम्बुलेंस को सूचना दी और दोनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भिजवाया, जहां चिकित्सकों की देखरेख में उनका इलाज चल रहा है।

आज से होगा रोमांचक क्रिकेट महाकुंभ

एसएनएम इंटर कॉलेज ग्राउंड पर सजेगा दूसरा ज्ञान कप अंतरराज्यीय टूर्नामेंट

समृद्धि न्यूज,कायमगंज।

नगर के एसएनएम इंटर कॉलेज ग्राउंड पर रविवार से दूसरे अंतरराज्यीय ज्ञान कप क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज होने जा रहा है। टूर्नामेंट में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर और जयपुर की कुल 8 दिग्गज टीमें खिताब के लिए आपस में भिड़ेंगी। भाग लेने वाली टीमें जम्मू-कश्मीर, जयपुर, लखनऊ, फिरोजाबाद, अमरोहा, गाजियाबाद, अलीगढ़ और कानपुर होंगी। रविवार सुबह 10 बजे समाजसेवी सत्य प्रकाश अग्रवाल प्रतियोगिता का उद्घाटन करेंगे। पहला मुकाबला उद्घाटन के तुरंत बाद गाजियाबाद और लखनऊ की टीमों के बीच खेला जाएगा। सभी मुकाबले 20-20 ओवर के होंगे। टूर्नामेंट का खिताबी मुकाबला 22 नवंबर को खेला जाएगा। आयोजन को पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। मैदान पर थर्ड अंपायर की मौजूदगी रहेगी, ताकि किसी भी विवाद का त्वरित निपटारा किया जा सके। इसके साथ ही, सभी मैचों के सीधे प्रसारण की भी व्यवस्था की गई है, जिससे दर्शक घर बैठे भी मैच का आनंद ले सकें। मैदान पर अंपायरिंग की जिम्मेदारी कानपुर क्रिकेट एसोसिएशन के अनुभवी अंपायर राजेश सिंह और सौरभ जायसवाल संभालेंगे। अतिथियों के लिए भव्य पवेलियन, मीडिया कर्मियों के लिए प्रेस दीर्घा और खेल प्रेमियों के बैठने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। ज्ञान डेयरी प्रोडक्ट्स की ओर से सभी भाग लेने वाले खिलाड़ियों को विशेष क्रिकेट किट प्रदान की जाएगी। खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए आयोजन समिति ने भारी-भरकम नकद पुरस्कारों की घोषणा की है। विजेता टीम को एक लाख रुपये और ट्रॉफी दी जायेगी। उपविजेता टीम को इक्यावन हजार रुपये और ट्रॉफी दी जायेगी। मैन ऑफ द सीरीज 21,000 है। मैन ऑफद मैच प्रत्येक मैच 5,000 रहेगी। इस आयोजन को लेकर स्थानीय युवाओं और खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। आयोजकों का मानना है कि इस राष्ट्रीय स्तर के मंच से क्षेत्र की उभरती हुई खेल प्रतिभाओं को अपनी कला दिखाने और आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर मिलेगा।

हरिनाम संकीर्तन महाकुंभः दीपों से जगमगाया माँ गंगा का आंचल

- गूंजे राधा-माधव के भजन, भाव-नृत्य से वृंदावन धाम बना नारायण आश्रम

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।


भजन प्रस्तुत करते गायक

पंचालघाट गंगा तट स्थित नारायण आश्रम में चल रहे तीन दिवसीय श्री हरिनाम संकीर्तन के अंतर्गत द्वितीय दिवस दिव्य उत्सव एवं नौका विहार कार्यक्रम का आयोजन अत्यंत भव्यता के साथ संपन्न हुआ। माँ गंगा के आंचल में दीप-दान और दीपमालिका की गई। जिससे पूरा घाट जगमगा उठा। गंगा मैया धीरे-धीरे बहे.... भजनों की गूंज के बीच संतों और भक्तों ने माँ गंगा के आंचल को दीपों से सजाया। समारोह में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकारों सुनील मलिक एवं सुर्भीट मलिक ने राधा-माधव के चरणों के दास बनो.... हर-हर संकीर्तन के महाकुंभ में चंदन करो.... जैसे मनमोहक भजनों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। वैष्णवाचार्य डॉ0 मनमोहन गोस्वामी ने कहा कि श्रीमद्भागवत में भगवान श्रीकृष्ण एवं श्री राधाजी की लीलाओं का विशेष महत्व है। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार श्रावण मास में सावन के महीने में उत्सव पर भगवत चर्चा और राधामाधव के संकीर्तन द्वारा जीव की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने सभी कलाकारों का सद्भावना के साथ स्वागत किया। गायक अखिल महरोत्रा, जगदीश साधक, गिरिराज जोगिया, प्रमोद, भगवतकांत दास और जितेन्द्र शर्मा आदि ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। मुख्य संरक्षक वैष्णवाचार्य डॉ0 मनमोहन गोस्वामी, डॉ0 मुकेश मध्वक्ता, सुरेन्द्र सफ्फड़, श्याम टंडन, अशोक वर्मा, गोपाल टंडन, ज्योति शंकर, कौस्तुभ अग्रवाल, अखिलेश महरोत्रा, श्रीनाथ पाठक, आशीष उपाध्याय और सुखदेव शर्मा ने सावन गीत, कजरी, वर्षा गीत और ब्रज क्षेत्र के वृंदावन धाम की महिमा से जुड़े गीतों व भाव-नृत्य के माध्यम से श्रद्धालुओं को आनंदित किया। जिससे नारायण आश्रम मानो वृंदावन धाम बन गया। महाकुंभ में मीडिया प्रभारी अंजुम दुबे, मयंक सक्सेना, नीरज रस्तोगी, विकास रस्तोगी, विनोद अग्निहोत्री, डॉ0 वैभव वर्मा, गोपाल टंडन, श्याम टंडन, अशोक वर्मा, संजय वर्मा, मनमोहन, श्याम महरोत्रा, अतुल गुप्ता, विपिन वर्मा, बबलू सारस्वत और सुनील वर्मा आदि सदस्यों ने आगंतुकों का स्वागत किया। कार्यक्रम का समापन ठाकुरजी के भव्य-दिव्य दर्शन, महाआरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

कंपिल जैन तीर्थ में बनेगा 32 कमरों का अत्याधुनिक भव्य गेस्ट हाउस

- अहमदाबाद से सीधी ट्रेन की भी जगी उम्मीद

समृद्धि न्यूज,कंपिल।

पावन नगरी स्थित श्री विमलनाथ स्वामी जैन श्वेतांबर तीर्थ के विकास और विस्तार में जल्द ही एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। देश-विदेश से यहां दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए तीर्थ परिसर में 32 कमरों के एक अत्याधुनिक व भव्य गेस्ट हाउस का निर्माण कराया जाएगा। इसके बनने से दूर-दराज से आने वाले तीर्थयात्रियों को ठहरने के लिए बेहतर आवासीय सुविधाएं मिल सकेंगी। शनिवार को तीर्थ दर्शन के लिए पहुंचे गुजरात अहमदाबाद के प्रसिद्ध उद्योगपति समाजसेवी एवं चार्टर्ड फार्मा लॉजिस्टिक्स लिमिटेड के संस्थापक हर्ष ललितभाई गांधी ने अपने निजी प्रयास से इसके निर्माण की घोषणा की।

तीर्थ आगमन पर उन्होंने भगवान विमलनाथ स्वामी की नयनाभिराम प्रतिमा के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान उद्योगपति के साथ गुजरात से आए तमाम तीर्थयात्रियों ने सीधी रेल सेवा न होने की समस्या उठाई। श्रद्धालुओं ने गुहार लगाई कि यदि अहमदाबाद से कंपिल के लिए कोई सीधी ट्रेन संचालित हो जाए, तो दर्शन के इच्छुक हजारों यात्री जो आवागमन के अभाव में नहीं आ पाते, वे भी आसानी से पावन नगरी के दर्शन कर सकेंगे। इस पर समाजसेवी हर्ष गांधी ने आश्वस्त किया कि वे अहमदाबाद पहुंचकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करेंगे और कंपिल के लिए सीधी ट्रेन चलवाने की पुरजोर मांग रखेंगे। तीर्थ के ट्रस्टी व मंत्री पुखराज डागा ने उद्योगपति को कंपिल की प्राचीनता और गौरवशाली धार्मिक इतिहास से अवगत कराया।


हर्ष ललितभाई गांधी का स्वागत करते पुखराज डागा

उन्होंने बताया कि यह जैन धर्म के 13वें तीर्थंकर भगवान विमलनाथ स्वामी की जन्मस्थली है, जहां उनके चार कल्याणक च्यवन, जन्म, दीक्षा व केवल ज्ञान हुए। प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव के समवसरण की प्रथम धर्म देशना, भगवान महावीर के तीन बार आगमन व उपदेश के साथ ही भगवान नेमीनाथ और पार्श्वनाथ के चरण भी इस धरा पर पड़े हैं। शत्रुंजय तीर्थ का उद्धार करने वाले जावड़ शाह सेठ, कुंड कोलिक, आयुर्वेद ग्रंथ चरक संहिता के रचयिता महर्षि चरक तथा दो चक्रवर्ती सम्राट हरिषेण व ब्रह्मदत्त इसी भूमि से हुए हैं। इसके अतिरिक्त, महाभारत काल में राजा द्रुपद की राजधानी रही। इस नगरी में ही यज्ञ से महासती द्रौपदी का जन्म और स्वयंवर हुआ था, जिससे इसे द्रौपदी का मायका भी कहा जाता है। तीर्थ का यह अद्भुत वैभव जानकर हर्ष गांधी अभिभूत हो उठे और उन्होंने तीर्थ के विकास में संरक्षक सत्यप्रकाश अग्रवाल के सराहनीय योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया।

तीर्थ प्रबंधन की ओर से ट्रस्टी पुखराज डागा ने समाजसेवी हर्ष गांधी को माला, पगड़ी व तीर्थ का स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर ऋषभ गुप्ता, चिराग पारख, हिमांशु श्रीवास्तव, जीशान अफरीदी व सनी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

गैस सिलेंडर में आग लगने से पिता-पुत्री झुलसे

समृद्धि न्यूज,कायमगंज।

कोतवाली क्षेत्र के गांव छोटी खजुरिया में घर में गैस सिलेंडर पर पानी गर्म करने के दौरान अचानक पाइप में आग लग गई, जिसकी चपेट में आने से पिता और उनकी 15 वर्षीय बेटी गंभीर रूप से झुलस गए।

जानकारी के अनुसार गांव निवासी 52 वर्षीय भूपेन्द्र सिंह पुत्र चेतराम शुक्रवार सुबह घर में गैस सिलेंडर पर पानी गर्म करने के लिए पहुंचे थे। जैसे ही उन्होंने माचिस जलाई, सिलेंडर के पाइप में अचानक आग भड़क उठी। आग इतनी तेज थी कि भूपेन्द्र सिंह को संभलने का मौका तक नहीं मिला और वे उसकी चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गए। पिता की चीख-पुकार सुनकर उनकी छोटी बेटी सदावती 15 वर्ष दौड़कर मौके पर पहुंची। अपने पिता को सुरक्षित बचाने के प्रयास में वह भी आग की भीषण चपेट में आ गई और गंभीर रूप से झुलस गई। घर में अचानक मची चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर दौड़े और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना के तुरंत बाद परिजनों ने दोनों घायलों को आनन-फानन में सीएचसी पहुंचाया।


अस्पताल में भर्ती बच्ची

16 से 29 नवम्बर तक चलेगा स्व-गणना का महाअभियान

- हर दिन की होगी अलग थीम, डीएम ने की तैयारियों की समीक्षा
- अधिकारियों व कर्मचारियों को पहले खुद स्व-गणना करने के दिए निर्देश
- गांव से लेकर शहर तक खुलेंगे हेल्प डेस्क, जनसेवा केंद्र भी करेंगे डिजिटल सहायता

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर की अध्यक्षता में भारत की जनगणना-2027 के द्वितीय चरण के अंतर्गत स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) कार्यक्रम को सम्पन्न कराने तथा जनपद में व्यापक जन-जागरूकता अभियान संचालित करने के संबंध में बैठक आयोजित की गई। डीएम ने निर्देशित किया कि जनपद के समस्त विभागाध्यक्ष एवं कार्यालयाध्यक्ष स्वयं स्व-गणना की प्रक्रिया पूर्ण करें तथा अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी स्व-गणना के लिए प्रेरित करें। इसके साथ ही आमजन को स्व-गणना के महत्व एवं इसकी प्रक्रिया के संबंध में जागरूक किया जाए। डीएम ने बताया कि अभियान के अंतर्गत 16 नवम्बर से 29 नवम्बर तक 14 दिनों के लिए दिनवार विशेष थीम निर्धारित की गई है। 16 नवम्बर को राजस्व एवं प्रशासन दिवस, 17 नवम्बर को स्थानीय शासन एवं ग्रामीण विकास दिवस, 18 नवम्बर को युवा एवं खेल तथा सामुदायिक संस्थान एवं मीडिया दिवस, 19 नवम्बर को जनपद में निवासरत पद्म पुरस्कार से सम्मानित व्यक्तियों एवं आवासीय कल्याण समितियों के लिए जागरूकता दिवस तथा 20 नवम्बर को न्यायिक दिवस के रूप में अभियान संचालित किया जाएगा। 21 नवम्बर को वर्दीधारी बल दिवस, 22 नवम्बर को केंद्र सरकार के कार्यालय एवं वित्त दिवस, 23 नवम्बर को शिक्षा दिवस, 24 नवम्बर को स्वास्थ्य दिवस, 25 नवम्बर को उद्योग एवं परिवहन दिवस, 26 नवम्बर को महिला एवं स्वयं सहायता समूह दिवस, 27 नवम्बर को डिजिटल सुविधा सहायता एवं विशेष आवश्यकता दिवस, 28 नवम्बर को कार्यस्थल से घर पर रहकर कार्य करने वाले कार्मिकों का दिवस तथा 29 नवम्बर को प्राइड दिवस के रूप में जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। सभी सरकारी कार्यालयों, शिक्षण संस्थानों, विद्यालयों, महाविद्यालयों, औद्योगिक संस्थानों, स्वास्थ्य इकाइयों, बैंकों, रेलवे, डाकघरों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों, बाजारों, परिवहन संस्थानों, पुलिस एवं अन्य वर्दीधारी बलों में कार्यरत कार्मिकों तथा विभिन्न सामाजिक एवं सामुदायिक संगठनों को इस अभियान से जोड़ा जाए। समस्त विकास खंडों, ग्राम पंचायतों एवं नगरीय निकायों में व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाए।


बैठक लेती डीएम मौजूद अधिकारीगण

उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों एवं शहरी वार्डों में भी सहायता केंद्र स्थापित कराए जाएं। जिससे डिजिटल माध्यम का उपयोग करने में असमर्थ व्यक्तियों को स्व-गणना करने में आवश्यक सहायता मिल सके। जनसेवा केंद्रों के माध्यम से भी लोगों को तकनीकी सहायता उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी, समस्त उप जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने विभाग से संबंधित गतिविधियों का प्रभावी संचालन कराने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी राजीव कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी श्याम कुमार तिवारी, समस्त उप जिलाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बाल दिवस पर सेण्ट पॉल्स ब्राईटन स्कूल में मेले का आयोजन

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

बाल दिवस पर सेण्ट पॉल्स ब्राइटन एकेडमी स्कूल में बाल मेले एवं लकी ड्रॉ का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। रंगारंग गतिविधियों, मनोरंजक प्रतियोगिताओं और आकर्षक पुरस्कारों से सजे आयोजन ने बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेर दी। कार्यक्रम का शुभारंभ पादरी रेवरेंड स्टीफन मसीह ने प्रभु यीशु मसीह की प्रार्थना के साथ किया। निदेशक रोजिशन विश्वासी, प्रबंधिका रोहतानी विश्वासी, उपनिदेशक रियोन मार्क विश्वासी एवं प्रधानाचार्य डॉ0 अवधेश यादव ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। निदेशक रोजिशन विश्वासी ने चाचा नेहरू के जीवन, विचारों एवं बच्चों के प्रति उनके विशेष स्नेह पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उन्हें बेहतर शिक्षा, अच्छे संस्कार एवं उचित मार्गदर्शन प्रदान करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा पहचानने, रचनात्मक सोच विकसित करने तथा आत्मविश्वास और अनुशासन के साथ जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। अतिथियों ने फीता काटकर बाल मेले का विधिवत उद्घाटन किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों, पेय पदार्थों एवं मनोरंजक गतिविधियों के स्टॉल लगाए। विद्यार्थियों को खरीददारी, लेन-देन, टीमवर्क, आपसी सहयोग एवं प्रबंधन जैसे व्यावहारिक कौशल सीखने का अवसर मिला। प्री-प्राइमरी

लकी ड्रॉ में बच्चों ने जीते ईनाम



प्रतियोगिता में मौजूद विजेता बच्चे व अन्य

विंग ने नन्हे-मुन्ने बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें बॉल को बास्केट में डालना, फ्रॉग रेस, कोन बैलेंसिंग रेस एवं म्यूजिकल चेयर प्रमुख आकर्षण रहीं। संचालन प्री-प्राइमरी कोऑर्डिनेटर ज्योतिका मसीह, पीटीआई संजीव कुमार सिंह तथा शिक्षिकाओं कामिनी, सोनिका, अक्षिता, संध्या, संगीता, प्रियंका, ऋचा शुक्ला एवं दीपिका ने किया। लकी ड्रॉ में अदिति सिंह ने प्रथम पुरस्कार के रूप में साइकिल जीती। द्वितीय पुरस्कार के रूप में ट्रॉली बैग आदित्य राठौर, तृतीय पुरस्कार के रूप में अल्ट्रा मल्टी कैटल शिवानी, चतुर्थ पुरस्कार के रूप में मिक्सर ग्राइंडर अंश सिंह तथा पंचम पुरस्कार के रूप में कुकर जानवी चौहान ने जीता। वहीं छठा पुरस्कार पंखा दिव्या माथुर को प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त आकृति पाल, देवांश प्रताप, अभिजीत, आरव राठौर एवं अनन्या ने भी आकर्षक पुरस्कार जीते। संचालन शिक्षिका वैशाली पीटर, विजय यादव एवं विकास कुमार ने किया। शिक्षक अभिषेक सिंह, अखिलेश कुमार एवं बिंदु द्विवेदी, अतुल पाठक मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ0 अवधेश यादव ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

सर सैयद स्कालरशिप प्रतियोगिता में विजेताओं को दिये गये पुरुस्कार

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।


प्रशस्ति पत्र के साथ विजेता विद्यार्थी

एजूकेशनल मूवमेंट सोसायटी द्वारा 20 सितम्बर को आयोजित सर सैयद अहमद स्कालरशिप के प्रतियोगियों को नकद स्कालरशिप, ट्राफी, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजित सर सैयद अहमद भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं में साहिबा नाज़ प्रथम, सदफ को द्वितीय, तायवा को तृतीय व वरीशा व आयशा का सांत्वना पुरस्कार मिला। इसी प्रकार छात्रों में अयान अंसारी को प्रथम, अदनान अली को द्वितीय, आजम को तृतीय पुरस्कारों से नवाजा गया। अरनफअली को सांत्वना पुरस्कार प्राप्त हुआ। सोसायटी के सचिव सैयद रिजवान अली ने बताया कि 20 सितम्बर को आयोजित लिखित परीक्षा जिले के छः केन्द्रों पर आयोजित की गई थी। जिसमें करीब 500 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया था। स्कालरशिप परीक्षा में 60 बच्चों को स्कालरशिप दी गई। आयोजित भाषण प्रतियोगिता में 20 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। भाषण प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका खालिद रऊफ खान, सुहेल अहमद फारूकी, अजमा अज़ीज़, मो0 नासिर अली व असगर हुसैन ने निभाई। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं व उनके अभिभावक उपस्थित रहे। इस मौके पर हाजी मुजफ्फर हुसैन रहमानी, अनीस अहमद खान, मो0 आकिल खान, जब्बार हसन, हाजी इसरार हुसैन, मो0 अलीम व सोसायटी के पदाधिकारीगण तसब्बर हुसैन, अनवर जमाल, खुर्शीद आलम खान, तौसीफ़ अली, ज़ीशान अंसारी, बिलाल अली, आदिल खां व मोहम्मद फैजान मौजूद रहे।

जनपद में होगा इंडिया स्किल कॉम्पिटिशन का आयोजन

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तत्वावधान में जनपद में इंडिया स्किल कॉम्पिटिशन का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य जिले के युवाओं को विभिन्न कौशलों में अपनी प्रतिभा व दक्षता प्रदर्शित करने का अवसर देना और उन्हें राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए प्रोत्साहित करना है। जिला समन्वयक राजवीर सिंह कौशल विकास मिशन ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन 16 नवंबर से 15 दिसंबर तक राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई में किया जाएगा। प्रतियोगिता में जनपद के कुल 4201 पंजीकृत छात्र-छात्राएं हिस्सा लेंगे। प्रतिभागी इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल, क्लाउड कंप्यूटिंग, फैशन टेक्नोलॉजी, ऑटोमोबाइल टेक्नोलॉजी आदि कुल 63 विभिन्न कौशल विधाओं में अपनी तकनीकी दक्षता, रचनात्मकता, कार्यकुशलता और व्यावहारिक ज्ञान का शानदार प्रदर्शन करेंगे। जिला समन्वयक ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं युवाओं के कौशल को एक नई पहचान देने के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास और रोजगारपरक क्षमताओं को बढ़ाने में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने जनपद के सभी 4201 पंजीकृत प्रतिभागियों से इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर और उत्साहपूर्वक भाग लेने की अपील की है।

4201 प्रतिभागी दिखाएंगे हुनर

23वें मानस सम्मेलन में गूंजी श्रीराम कथा, राम नाम की महिमा का हुआ बखान


प्रवचन करती सुमन रामायणी मौजूद भक्तगण

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

नगर में आयोजित 23वें मानस सम्मेलन के दौरान मानस मर्मज्ञों और विद्वानों ने श्रीरामचरितमानस की चौपाइयों की सुंदर व्याख्या कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। सम्मेलन में हमीरपुर से पधारे मानस भूषण श्री अरिमर्दन शास्त्री ने मानस की चौपाइयों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जिन प्राणियों को श्रीराम कथा सुनने का सौभाग्य मिलता है, वे बड़े भाग्यशाली होते हैं और उनके जीवन में सदैव सुख बना रहता है। इसके विपरीत जो कथा से वंचित रहते हैं, वे निराशावादी होकर दुख और कष्ट भोगते हैं। उन्होंने कहा कि व्यासपीठ और श्रीराम कथा के प्रति पूर्ण आस्था व विश्वास रखते हुए कथा का श्रवण, मनन और जीवन में आचरण करना चाहिए। बाँदा से आए मानस रामायणी सुमन ने सुमधुर भजनों के साथ अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में परब्रह्म श्रीराम की उपासना सर्वोपरि है। गोस्वामी तुलसीदास ने मानव जीवन जीने का सही मार्ग दिखाया है। श्रीराम के नाम की महिमा और उनका स्मरण जीव का कल्याण करता है तथा भगवान श्रीराम भवसागर से पार लगाते हैं। उन्होंने बताया कि रामकथा रूपी नौका जीवन जीने की कला सिखाती है। समारोह में मानस विद्वान सर्वेश शुक्ल, कुमारी साधना रामायणी आदि विद्वानों ने श्रीरामचरितमानस की चौपाइयों के माध्यम से भरत चरित्र, शिव-पार्वती संवाद द्वारा राम कथा, जीवन की सद्गति तथा परिवार और समाज में संस्कार देने के सरल उपायों की विस्तृत व्याख्या की। कार्यक्रम का समापन श्रीराम दरबार के भव्य एवं दिव्य दर्शन और महाआरती के साथ हुआ। सम्मेलन संयोजक भरत सिंह ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए स्वागत किया। इस अवसर पर निर्मला सिंह, शारदा कनौजिया और सौराना दुबे ने आरती उतारी। वहीं राहुल कनौजिया, संजय गुप्ता, मनीष गुप्ता, राजेश निराला और अमित गुप्ता आदि ने श्रीराम भक्तों का स्वागत किया। संचालन ब्रजकिशोर सिंह किशोर ने किया और सभी श्रद्धालुओं से सम्मेलन में समय पर पधारने का अनुरोध किया।

रखा बा.इं.कॉ. में मनाया गया जनजातीय गौरव दिवस


बिरसा मुंडा के चित्र पर पुष्प अर्पित करती प्रधानाचार्या

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। रखा बालिका इंटर कॉलेज में जनजातीय गौरव दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या डॉ0 नीतू मसीह ने भगवान बिरसा मुंडा एवं अन्य जनजातीय महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित करके किया। इस अवसर पर समस्त अध्यापिकाओं ने भी पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं के लिए निबंध लेखन, चित्रकला, नाटक, नृत्य एवं क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्या डॉ0 नीतू मसीह ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष, योगदान एवं उनके महान कार्यों के बारे में छात्राओं को विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति एवं परंपराओं के महत्व से भी छात्राओं को परिचित कराया। कार्यक्रम को और आकर्षक बनाने के लिए विद्यालय में फल एवं खाद्य पदार्थों के स्टॉल भी लगाए गए, जिनका सभी ने आनंद लिया। इस प्रकार विद्यालय में जनजातीय गौरव दिवस ज्ञानवर्धक एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया।

बाल दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन


कार्यक्रम में मौजूद विद्यालय स्टाफ व बच्चे

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

बाल दिवस पर गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंधक प्रमोद कुमार अग्रवाल, प्रधानाचार्य डॉ0 लकी चावला एवं उप प्रधानाचार्या डॉ0 अंजू सिंह ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्पण के साथ किया। कक्षा 8 की छात्रा ध्रमी यादव ने बाल दिवस के महत्व पर प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन करते हुए विभिन्न सांस्कृतिक एवं मनोरंजक प्रस्तुतियाँ दीं। सदनवार एकल नृत्य एवं एकल गायन प्रतियोगिताओं, नन्हे-मुन्ने बच्चों के मनमोहक नृत्य, टैलेंट हंट के अंतर्गत गीत, योग, युगल नृत्य, ताइक्वांडो प्रदर्शन, कविता एवं भाषण ने सभी का मन मोह लिया। इसके अतिरिक्त प्री-प्राइमरी के नन्हें सितारों एवं कक्षा 1 से 5 तक के जूनियर विद्यार्थियों ने प्रस्तुत फैशन-शो विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। ब्लू हाउस द्वारा प्रस्तुत अंग्रेजी नाटक ने एकता और विविधता का सुंदर संदेश दिया। शिक्षा के महत्व पर आधारित नुक्कड़ नाटक ने भी दर्शकों को जागरूक किया। विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। प्रतिभागी विद्यार्थियों को उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। प्रबंधक प्रमोद कुमार अग्रवाल ने विचारों से विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। प्रधानाचार्य डॉ0 लकी चावला ने अपने संदेश में बच्चों को अपनी प्रतिभा पहचानने, निरंतर सीखने तथा जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का समापन उप-प्रधानाचार्या डॉ0 अंजू सिंह ने प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। संपूर्ण आयोजन आनंद, उमंग और उत्साह से परिपूर्ण रहा। आयोजन ने बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ बाल दिवस को यादगार बनाने का सुंदर अवसर प्रदान किया।

एसडीएम ने कॉलेज में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

समृद्धि न्यूज,अमृतपुर।

- 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके छात्र-छात्राओं को दिलाया मतदाता बनने का संदेश
- भरवाए गए 100 से अधिक फार्म-6



विद्यार्थियों को जागरुक करती एसडीएम

लोकतंत्र की असली ताकत जागरूक मतदाता हैं और देश के भविष्य की दिशा तय करने में युवाओं की भूमिका सबसे अहम है। इसी सोच के साथ उपजिलाधिकारी अमृतपुर श्वेता साहू ने मतदाता जागरूकता को लेकर सराहनीय पहल करते हुए दयानंद इंटर कॉलेज में विशेष अभियान चलाया।

उन्होंने कॉलेज पहुंचकर 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया और पात्र युवाओं से जल्द से जल्द फार्म-6 भरने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान एसडीएम श्वेता साहू ने कहा कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए जरूरी है कि कोई भी पात्र युवा मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि वे स्वयं मतदाता बनें और अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करें।

एसडीएम की सक्रिय पहल का असर भी मौके पर दिखाई दिया। अभियान के दौरान 100 से अधिक फार्म-6 तत्काल भरवाए गए। इससे नए युवा मतदाताओं को मतदाता सूची से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई। मतदान के प्रति विद्यार्थियों में रुचि और जागरूकता बढ़ाने के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया और मतदान के महत्व, लोकतांत्रिक व्यवस्था तथा नागरिक कर्तव्यों पर अपने विचार व्यक्त किए। उपजिलाधिकारी श्वेता साहू ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को विधानसभा स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। इससे प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ लोकतांत्रिक गतिविधियों से जुड़ने का मौका मिलेगा।

एसडीएम ने कहा कि जिन युवक-युवतियों की आयु 18 वर्ष पूरी हो चुकी है, वे बिना देर किए अपना फार्म-6 भरकर मतदाता सूची में नाम दर्ज कराएं।

थाना समाधान दिवस पर सीओ ने सुनीं समस्यायें


समस्यायें सुनते सीओ मौजूद थानाध्यक्ष

समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।

- 10 में से 3 प्रार्थना पत्रों का हुआ मौके पर निस्तारण

शासन के मंशानुरूप थाना प्रांगण में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने पुलिस बल और राजस्व कर्मियों के साथ संयुक्त रूप से जनता की समस्याएं सुनीं। समाधान दिवस में मुख्य रूप से भूमि विवाद और राजस्व विभाग से जुड़ी शिकायतें सामने आईं। समाधान दिवस के दौरान राजस्व से जुड़े कुल 10 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने तत्परता दिखाते हुए मौके पर पहुंचकर 3 प्रार्थना पत्रों का तुरंत निस्तारण कर दिया। शेष बचे 7 प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक ने राजस्व कर्मियों की अलग-अलग टीमें गठित कर दी हैं और संबंधित अधीनस्थों को जल्द से जल्द मामलों को सुलझाने के कड़े निर्देश दिए हैं।

क्षेत्राधिकारी सीओ मोहम्मदाबाद आलोक कुमार भी थाने पहुंचे और उन्होंने थाना प्रभारी के साथ मिलकर फरियादियों की समस्याएं सुनीं तथा उनकी शिकायतों को गंभीरता से लिया। इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार, कस्बा इंचार्ज दरोगा गीतम सिंह, राजस्व निरीक्षक नरेश कुमार और लेखपाल निखिल मिश्रा व अश्वनी कुमार समेत कई अन्य पुलिस व प्रशासनिक कर्मचारी मौजूद रहे।

इस्लामिया जूनियर हाईस्कूल में मनाया गया बाल दिवस


बच्चों को पुरुस्कार देते प्रबंधक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। हाथीखाना स्थित इस्लामिया जूनियर हाईस्कूल में शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। विद्यालय के प्रबंधक सैयद रिजवान अली ने बच्चों और स्कूल स्टाफके साथ मिलकर चाचा नेहरू को याद किया। प्रबंधक सैयद रिजवान अली ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू को बच्चों से बेहद लगाव था, इसी स्नेह के कारण बच्चे उन्हें प्यार से चाचा नेहरू कहकर पुकारते थे। उन्होंने बच्चों को नेहरू के आदर्शों पर चलने और मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। बाल दिवस पर प्रबंधन की ओर से सभी छात्र-छात्राओं को उपहार और खाने-पीने की सामग्री वितरित की गई, जिसे पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम में सुहेल अहमद फारूकी, खुर्शीद अहमद खान, तौसीफ़अली, हाफिज सलमान, तैय्यब खान, शकील अहमद सहित शिक्षिकाएं इरम, हुमैरा, तंजीला, सीबा और समस्त विद्यालय स्टाफमौजूद रहा।

बाल दिवस पर सजे व्यंजनों के स्टॉल विज्ञान प्रदर्शनी में दिखी छात्रों की प्रतिभा

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।


बच्चों द्वारा लगाये गये स्टाल को देखते डायरेक्टर

एसबी पब्लिक स्कूल याकूतगंज में शनिवार को बाल दिवस का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और व्यावहारिक कौशल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फूड स्टॉल प्रतियोगिता एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डायरेक्टर डॉ0 विवेक सिंह यादव ने सभी स्टॉल्स एवं विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन कर किया। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का उज्ज्वल भविष्य हैं और किताबी ज्ञान के साथ-साथ ऐसी रचनात्मक व व्यावहारिक गतिविधियां उनमें आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करती हैं। विद्यालय के चारों हाउस-येलो, रेड, ब्लू और ग्रीन हाउस के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्रों ने अपने-अपने स्टॉल्स को आकर्षक ढंग से सजाकर विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों की प्रस्तुति की और क्रय-विक्रय के माध्यम से अपने प्रबंधन व व्यापारिक कौशल का परिचय दिया। वहीं, विज्ञान प्रदर्शनी में बाल वैज्ञानिकों ने एक से बढ़कर एक नवाचारी मॉडल और प्रयोग प्रस्तुत कर अपनी वैज्ञानिक सोच से सभी को प्रभावित किया। व्यंजनों की गुणवत्ता, सजावट, प्रस्तुति और प्रबंधन के आधार पर निर्णायक मंडल द्वारा स्टॉल प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए गए। प्रथम स्थान पर येलो हाउस हाउस हेड नीलेश रहे। द्वितीय स्थान पर रेड हाउस हाउस हेड राहुल रहे। तृतीय स्थान पर ब्लू हाउस हाउस हेड मुस्कान कश्यप रही।

रेडक्रॉस सोसाइटी ने मनाया विश्व मधुमेह दिवस

- जागरुक कर संतुलित आहार लेने के बताये गये उपाय

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।


योग करते विद्यार्थी

भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला शाखा की ओर से विश्व मधुमेह दिवस पर एएनएमटीसी सेंटर में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस और छात्राओं को मधुमेह के प्रति जागरूक करना तथा योग एवं संतुलित आहार के माध्यम से इसके प्रभावी प्रबंधन के उपाय बताना था।

योगाचार्य अमित सक्सेना योग थैरेपिस्ट एवं आहार विशेषज्ञ ने उपस्थित छात्राओं को अनुलोम-विलोम, कपालभाति, मंडूकासन, वज्रासन और धनुरासन जैसे महत्वपूर्ण योगासनों का अभ्यास कराया। विशेषज्ञों ने बताया कि नियमित योग और प्राणायाम से शरीर में इंसुलिन की कार्यक्षमता बढ़ती है, जिससे रक्त शर्करा को प्राकृतिक रूप से नियंत्रित रखने में मदद मिलती है। प्राकृतिक औषधियों और आहार पर प्रकाश डालते हुए करेला, जामुन, मेथी, आंवला, गिलोय और विजयसार का नियमित उपयोग व परहेज तली-भुनी और मीठी चीजों से पूरी तरह दूरी बनाये। दिनचर्या में समय पर भोजन करना और नियमित रूप से अपनी रक्त शर्करा की जांच कराना है। इस मौके पर शीश मेहरोत्रा, डॉ0 नावेद अलीम, योगाचार्य अमित सक्सेना, श्वेता भट्ट, किरण देवी, आरती देवी आदि मौजूद रहे।

अच्छे संस्कार और सकारात्मक विचार ही श्रेष्ठ भारत की नींवः पूनम बहन

- राजयोग मेडिटेशन के जरिए बच्चों को सिखाए एकाग्रता बढ़ाने के गुर

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।



बाल दिवस पर मौजूद शिक्षक व शिक्षिकायें

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय जटवारा जदीद अंगूरी बाग द्वारा डॉ. बीआर अंबेडकर आदर्श पब्लिक स्कूल नरकसा में बीके पूनम बहन ने कहा हर बच्चा एक पवित्र शांत और शक्तिशाली आत्मा है, यदि बचपन से ही बच्चों को अच्छे संस्कार और सकारात्मक विचार दिए जाएं तो वह एक सुंदर समाज और श्रेष्ठ भारत का निर्माण कर सकते हैं। बच्चों के जीवन में शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्य, अच्छे संस्कारों और सकारात्मक सोच का महत्व जरूरी है। प्रधानाध्यापक देव कुमार शर्मा ने कहा बाल दिवस हमें यह संदेश देता है कि बच्चे देश का भविष्य हैं बच्चों को केवल अच्छी शिक्षा ही नहीं, बल्कि अच्छे संस्कार की भावना भी देना चाहिए। 14 नवंबर भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन है, उन्हें बच्चों से बहुत प्यार था बच्चे उन्हें प्यार से चाचा नेहरू का कर पुकारते थे। रामोतार कुशवाहा ने कहा कि आज के बच्चे कल के श्रेष्ठ नागरिक बनेंगे, यदि बच्चों को बचपन से ही आध्यात्मिक ज्ञान और श्रेष्ठ संस्कारों का खजाना दिया जाए, तो उनका जीवन खुशहाल और सफल बन सकता है। इस मौके पर अजीत, प्रांशु, हेमलता, बालवीर आदि टीचर्स मौजूद रहे।

बच्चों ने चाचा नेहरु के जन्मदिन पर लगाये व्यंजनों के स्टाल


व्यंजनों का स्टाल लगाये छात्रायें

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। शकुन्तला देवी बालिका इण्टर कालेज में बाल दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि प्रबंधक मोनिका अग्रवाल ने पं0 जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस दौरान बच्चों को विभिन्न खेल खिलाये गये। जिसमें 100 मीटर दौड़, म्यूजिकल चेयर रेस, चम्मच रेस, बैलून रेस, लेमन रेस आदि का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त बच्चों ने अपने-अपने खाने पीने के स्टॉल भी लगाये। बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विजेताओं को मेडल पहनाकर पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य सुतीक्षण श्रीवास्तव ने छात्राओं को बताया कि जवाहरलाल नेहरू को बच्चे चाचा कहकर बुलाते थे, उन्हें बच्चों से बेहद स्नेह था और उन्हें बच्चों के साथ समय बिताना बहुत अच्छा लगता था। इस दौरान शिक्षक व शिक्षिकाओं ने भी बच्चों को अपने उद्बोधन के द्वारा नेहरू के बारे में बताया। इस अवसर पर सन्तोष शर्मा, ममता सिंह, शिल्की मिश्रा, लक्ष्मी गंगवार, विकास श्रीवास्तव, अमित कुमार, कमला गंगवार, शायना खान, सुरभि श्रीवास्तव, लालाराम राजपूत, शशांक शुक्ला मौजूद रहे।

19 नवंबर से घर-घर पहुंचेगी भाजपा, 16 दिसंबर तक चलेगा मतदाता जोड़ों अभियान

बूथ स्तर पर पूरी ताकत से जुटें कार्यकर्ता, पांचों विधानसभा सीटों पर जीत का लक्ष्य : बृजभूषण सिंह

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।



पंडित राम नरेश त्रिपाठी सभागार में शनिवार को भाजपा की जिला कार्यसमिति बैठक हुई। जिला प्रभारी बृजभूषण सिंह ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर पूरी ताकत से जुटने और जिले की पांचों विधानसभा सीटों पर जीत का लक्ष्य लेकर काम करने का आह्वान किया।

उन्होंने बताया कि भाजपा 19 नवंबर से 16 दिसंबर तक मतदाता जोड़ो अभियान चलाएगी। इसके तहत पार्टी पदाधिकारी घर-घर जाकर नए और छूटे हुए पात्र मतदाताओं का पंजीकरण कराएंगे। 22 से 24 नवंबर तक विशेष अभियान चलेगा। महिला मोर्चा 28 से 30 नवंबर और युवा मोर्चा एक से तीन दिसंबर तक विशेष अभियान चलाकर महिलाओं तथा पहली बार मतदान करने वाले युवाओं को जोड़ेंगे।

बृजभूषण सिंह ने कहा कि योगी सरकार में उत्तर प्रदेश विकास और कानून व्यवस्था के क्षेत्र में नई पहचान बना रहा है। प्रदेश कानून के शासन का मॉडल बना है। जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने कार्यकर्ताओं से मतदाता सूची लेकर घर-घर पहुंचने और किसी भी पात्र व्यक्ति को मतदाता बनने से वंचित न रहने देने की अपील की।जिला मीडिया प्रमुख विजय सिंह रघुवंशी ने बताया कि बैठक में नवनियुक्त प्रदेश एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। 19 से 21 नवंबर तक विधानसभा स्तर पर बैठकें आयोजित होंगी। इस मौके पर एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, राज प्रसाद उपाध्याय, पूर्व मंत्री ओम प्रकाश पांडेय सहित जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

घर के अंदर फंदे से लटकता मिला किशोरी का शव परिवार में मचा कोहराम

सुलतानपुर। कूरेभार थाना क्षेत्र के देवकली सरैया गांव में शनिवार को 14 वर्षीय किशोरी का शव घर के कमरे में पंखे के सहारे दुपट्टे से बने फंदे पर लटकता मिला। घटना के समय घर पर परिजन मौजूद नहीं थे। जानकारी मिलते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई और गांव में हड़कंप मच गया। गांव निवासी राजकुमार की पुत्री सोनी की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत से परिवार में मातम छा गया। मृतका के पिता दूसरे प्रदेश में मजदूरी करते हैं। परिवार में दो बड़े भाई और एक छोटी बहन है। मां संगीता का रो-रोकर बुरा हाल है।सूचना पर थाना प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू की। पुलिस घटना के कारणों की जांच कर रही है।

क्षेत्रीय विज्ञान, गणित एवं संस्कृति महोत्सव में काशी नगरीय प्रांत बना चैंपियन

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।



सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ज्ञान कुंज, विवेकानंद नगर में आयोजित विद्या भारती पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय विज्ञान, गणित एवं संस्कृति महोत्सव का शनिवार को समापन हुआ। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में काशी नगरीय प्रांत ने विज्ञान और संस्कृति बोध परियोजना में प्रथम स्थान हासिल कर चैंपियनशिप अपने नाम की, जबकि वैदिक गणित में गोरक्ष प्रांत विजेता रहा। समापन समारोह के विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने विद्यार्थियों को कक्षा की पढ़ाई गंभीरता और मनोयोग से करने की सीख दी। मुख्य अतिथि क्षेत्र सह संगठन मंत्री डॉ. राम मनोहर ने कहा कि विद्या भारती की प्रतियोगिताओं में हार का कोई स्थान नहीं, यहां जीतने या सीखने की परंपरा है। क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व माध्यमिक शिक्षा सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने कहा कि नवाचार से व्यापक दृष्टिकोण विकसित होता है। विज्ञान वर्ग में गोरक्ष नगरीय प्रांत द्वितीय और अवध नगरीय तृतीय रहा। वैदिक गणित में अवध नगरीय द्वितीय तथा काशी नगरीय तृतीय स्थान पर रहा। संस्कृति बोध परियोजना में गोरक्ष नगरीय द्वितीय और अवध नगरीय तृतीय रहा। विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। विज्ञान एवं गणित की विजेता टीमें 26 नवंबर को गोरखपुर और संस्कृति बोध परियोजना की टीम 22 नवंबर को कुरुक्षेत्र में अखिल भारतीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रमुख बांके बिहारी पांडेय, संतोष सिंह, जियालाल, विभाग प्रचारक श्रीप्रकाश, प्रदेश निरीक्षक शेषधर द्विवेदी, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार सिंह, विद्यालय प्रबंधक डॉ. पवन सिंह और प्रधानाचार्य राकेश मणि त्रिपाठी सहित 49 जनपदों के प्रतिभागी मौजूद रहे।

जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

समृद्धि न्यूज़, कुंडा-प्रतापगढ़।

संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत हो गई। कुंडा कोतवाली क्षेत्र के करीमनगर चौसा गांव निवासी विक्रम गौतम 26 वर्ष पुत्र बाबूलाल गौतम संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खाने से जानकारी पर परिजनों में हड़कंप मच गया। इलाज के लिए परिजन अस्पताल ले जा रहे थे, रास्ते में उसकी सांसे थम गई। सीएचसी कुंडा पहुंचने पर देखते ही डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। शव के घर पहुंचने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक का अंतिम दाह संस्कार कर दिया गया।

अबोध बच्चे को अगवा करने वाली महिला खरीददार के साथ गिरफ्तार

- कादीपुर थाना क्षेत्र से जुड़ा मामला

समृद्धि न्यूज़, सुल्तानपुर।



कादीपुर थाना क्षेत्र में बस स्टैंड पर 01 वर्षीय भाई के साथ बैठी बहन को बहला फुसलाकर बच्चे को अगवा करने वाली महिला को खरीदार के संग पुलिस ने बरामद कर लिया।साथ ही महिला द्वारा बच्चे को बेचने में प्राप्त 50 हजार रुपया भी पुलिस ने बरामद कर लिया।

शनिवार को एसपी विनीत जायसवाल ने पुलिस लाइन सभागार में प्रेस वार्ता कर बताया कि बीते 07 नवंबर को रुबीना पत्नी रोशन निवासी ककोरगहना थाना सराय ख्वाजा जौनपुर ने कादीपुर पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने अपने एक वर्षीय बेटे तौफीक़ को 08 वर्षीय बेटी के पास कादीपुर बस स्टैंड पर छोड़कर पानी लेने गई थी।तभी एक अज्ञात महिला द्वारा बच्चे को बच्चे को दुलारते हुए लेकर फरार हो गई।सूचना पर कादीपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर 05 टीमों का गठन किया।सीओ कादीपुर विनय गौतम के नेतृत्व में गठित टीमों द्वारा कस्बे के सीसीटीवी कैमरो आदि की पड़ताल की गई।घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीमों द्वारा लगातार मेहनत करते हुए आरोपी बच्चा तस्कर महिला ऊषा पत्नी सीताराम निवासी सराय कल्याण थाना कादीपुर को हिरासत में लिया।पूछताछ के दौरान उसने बच्चे के अपहरण की बात कबूली।कादीपुर पुलिस ने आरोपी महिला की निशानदेही पर मगरावा से जितेंद्र पुत्र सोमई निवासी कादीपुर खुर्द को बच्चे सहित गिरफ्तार किया।गिरफ्तार आरोपी जितेंद्र ने बताया कि ऊषा ने बच्चे को चुरा कर उससे 50 हजार रुपए में बेच दिया था।और वह बच्चे को लेकर मुंबई बेचने के इरादे से गया था लेकिन सौदा न होने के कारण वापस लौट आया।पुलिस ने महिला से बच्चे को बेचने वाली रकम 50 हजार रुपए भी बरामद किए।गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक दीपेंद्र विक्रम सिंह,सगीर अहमद,राज कुमार शुक्ला,अमित कुमार मिश्रा,वेद प्रकाश यादव, पवनजीत यादव व महिला आरक्षी खुशबू गुप्ता शामिल रही।गिरफ्तारी टीम को एसपी ने 25 हजार रुपए इनाम की घोषणा की।

बाल दिवस पर महर्षि विद्या मंदिर में खेल प्रतियोगिताओं की धूम

सुलतानपुर। बाल दिवस के अवसर पर महर्षि विद्या मंदिर में खेल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक गुरु पूजा से हुई। प्रधानाचार्य जेएन उपाध्याय ने चाचा नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बच्चों को उनके जीवन और विचारों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। छात्रा रिया तिवारी और आस्था तिवारी ने भी नेहरू जी के जीवन पर विचार व्यक्त किए। आयोजन में सब जूनियर वर्ग के बच्चों ने पर्यावरण पार्क में पिकनिक का आनंद लिया,



जबकि जूनियर और सीनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने कबड्डी सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग किया। सीनियर बालक कबड्डी में नारायण सदन विजेता और व्यास सदन उपविजेता रहा। जूनियर बालिका वर्ग में वशिष्ठ सदन विजेता तथा व्यास सदन उपविजेता बना। सब जूनियर वर्ग में कक्षा पांच ए विजेता और पांच बी उपविजेता रहा। बुक रेस में भास्कर प्रथम, अर्नव द्वितीय और ध्रुव तृतीय रहे। अंत में बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया।

खबरें एक नजर में

24 घंटे में तीन गुमशुदा बच्चे सकुशल बरामद कादीपुर पुलिस ने परिजनों को सौंपा

सुलतानपुर। कादीपुर थाना क्षेत्र के रायबीगो गांव से लापता हुए तीन बच्चों को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर लिया। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद तीनों बच्चों को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। कादीपुर थाना क्षेत्र के रायबीगो निवासी दिव्य प्रकाश मिश्रा ने शुक्रवार को अपने तीन बच्चों के घर से लापता होने की सूचना पुलिस को दी थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। मामले की गंभीरता को देखते गठित टीमों ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र की मदद से तलाश शुरू की। पुलिस के अथक प्रयासों से मुकदमा दर्ज होने के 24 घंटे के भीतर तीनों बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया गया।बरामद बच्चों में सूर्यमणि (15), शेषमणि (13) और चन्द्रमणि (11) शामिल हैं। उपनिरीक्षक आनंद बाजपेई, मुख्य आरक्षी राजकुमार शुक्ला, मुख्य आरक्षी अमित कुमार मिश्रा और आरक्षी रोहित सिंह शामिल रहे।

19 नवंबर तक उठा लें अनुदानित गेहूं बीज वरना निरस्त होगा आवंटन

प्रतापगढ़। रबी अभियान के अंतर्गत जनपद में किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर प्रमाणित गेहूं बीज का वितरण तेजी से किया जा रहा है। जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि कृषि विभाग को कुल 14,219 कुंतल बीज वितरण का लक्ष्य मिला है, जिसके सापेक्ष अब तक 7,216 कुंतल बीज की बुकिंग हो चुकी है। पोर्टल के माध्यम से 6,595 कुंतल बीज के लिए चयनित किसानों को एसएमएस द्वारा सूचित कर दिया गया है। उन्होंने निर्देश दिया कि चयनित किसान संबंधित राजकीय कृषि बीज भंडार पर जाकर बायोमैट्रिक सत्यापन के जरिए अपना बीज प्राप्त कर लें। यदि 19 नवंबर 2026 तक बीज का उठान नहीं किया गया, तो संबंधित किसान का आवंटन स्वतः निरस्त कर प्रतीक्षा सूची के किसानों को प्राथमिकता के आधार पर बीज उपलब्ध करा दिया जाएगा। लक्ष्य पूरा होते ही पोर्टल पर बुकिंग भी बंद हो जाएगी। जिला कृषि अधिकारी ने कहा कि जिनकी बुकिंग नहीं हो पाई है, वे अधिकृत निजी विक्रेताओं से भी प्रमाणित बीज खरीद सकते हैं। किसी भी समस्या के समाधान के लिए विभागीय कंट्रोल रूम नंबर 7839882339 पर संपर्क किया जा सकता है। साथ ही उन्होंने किसानों से अधिक उत्पादन के लिए वैज्ञानिक विधि से बुवाई करने की अपील की है।

पूरे रामदेव में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन

संडवा चंद्रिका-प्रतापगढ़। विकास खंड संडवा चण्डिका के पूरे रामदेव, रायचंद्रपुर में शनिवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान दीपक सिंह के तत्वावधान में आयोजित मेले में मुख्य अतिथि ई. जेबी सिंह तथा विशिष्ट अतिथि युवा ग्राम प्रधान दीपक सिंह रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ई. जेबी सिंह 247 विधान सभा क्षेत्र के भावी प्रत्यासी विधायक ने गौमाता की पूजा-अर्चना कर माला पहनाई और तिलक लगाया। उन्होंने कहा कि गौमाता की सेवा करना प्रत्येक मनुष्य का धर्म है। इससे बढ़कर कोई दूसरी सेवा नहीं हो सकती। मेले में संडवा चण्डिका के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार कनौजिया, किठावर के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश तथा पशु प्रसार अधिकारी डॉ. सूर्यभानु बरनवाल ने क्षेत्र से आए पशुपालकों के पशुओं का निःशुल्क उपचार किया। साथ ही पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण, गर्भाधान, कीटनाशक दवा वितरण एवं पशुओं को स्वस्थ रखने के संबंध में आवश्यक जानकारी और परामर्श दिया। इस अवसर पर सुरेश बहादुर सिंह, शिवकुमार सिंह, अर्जुन सिंह बाबा, राजेंद्र सिंह, सूरज सिंह, अमित सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में पशुपालक एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

थाना दिवस में शिकायत लेकर पहुंचे 10 फरियादी, पांच का त्वरित निस्तारण



कुंडा-प्रतापगढ़। थाना दिवस के अवसर पर मानिकपुर थाना में प्रभारी पंकज कुमार राय की अधक्षता में थाना दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्व विभाग के 4, पुलिस विभाग के 6 फरियादी अपनी-अपनी की समस्याएं लेकर थाना दिवस में पहुंचे। इंस्पेक्टर पंकज राय अपने मातहतों के साथ जन समस्याएं सुनते हुए निस्तारण का आश्वासन दिया है, कि शासन के मंशा के अनुरूप जन समस्याओं का तुरंत निस्तारण किया जा रहा है। पांच समस्याओं का तत्काल मौके पर समाधान कर दिया गया। इस मौके पर इंस्पेक्टर पंकज कुमार राय, राजस्व निरीक्षक नकुल शुक्ल, लेखपाल खुशहाल सिंह, मृत्युंजय कुमार,संजीव साहू व सौरभ सोनकर समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत, पति गंभीर

- हलियापुर में रामबाग ढाबे के पास हुआ हादसा, रिश्तेदारी में जा रहे थे दंपती

बल्दीराय/सुलतानपुर। हलियापुर थाना क्षेत्र में अयोध्या-रायबरेली मार्ग पर एनएच-330ए स्थित रामबाग ढाबे के पास शनिवार शाम करीब पांच बजे स्कॉर्पियो और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, अमेठी जनपद के पंवारी गांव निवासी शिवकुमार जायसवाल (54) अपनी पत्नी कमलेश जायसवाल (52) के साथ बाइक से हलियापुर में रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। रामबाग ढाबे के पास सामने से आ रही स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। महिला के सिर में गंभीर चोट लगने से काफी खून बह गया।सूचना पर पहुंची हलियापुर पुलिस और एंबुलेंस के पहुंचने से पहले ग्रामीणों ने निजी वाहन से दोनों को कुमारगंज स्थित सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने कमलेश जायसवाल को मृत घोषित कर दिया। पति की हालत गंभीर बनी हुई है। थानाध्यक्ष अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि स्कॉर्पियो को कब्जे में लेकर मामले की जांच की जा रही है।

वामा खेलोत्सव के विजेता बच्चों को प्रशस्ति-पत्र देकर किया सम्मानित

समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।



पुलिस लाइन सभागार में शनिवार को वामा सारथी उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में प्रथम वामा खेलोत्सव-2026 का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता वामा सारथी की जिला अध्यक्षा तन्वी जायसवाल एवं उपाध्यक्षा राजश्री ने की। स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रशस्ति-पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिताओं में जागृत शुक्ला, आर्या, अविरल, रत्ना सिंह कुशवाहा, अरनव, कौशतुक, विदित नारायण मौर्य, दीपांशु, अनमोल, नैन्सी पटेल, प्रातेश यादव, संस्कृति, रुद्र, जतिन, संस्कार, हिमांशु और रत्नेश प्रकाश सिंह कुशवाहा ने विभिन्न स्पर्धाओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अध्यक्षा तन्वी जायसवाल ने बच्चों की प्रतिभा और खेल कौशल की सराहना करते हुए उन्हें आगे भी खेलों में प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया। समारोह में पुलिस परिवार के सदस्य, अभिभावक और पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

नशे की हालत में ट्रेन से टकराकर गंभीर रूप से घायल

कुंडा-प्रतापगढ़। नशे की हालत में रेलवे लाइन के किनारे घूम रहा युवक धक्के से घायल हो गया। गंभीर हालत में प्रयागराज अस्पताल में इलाज चल रहा है। हथिगवां थाना क्षेत्र के नया पुरवा सराय कीरत गांव निवासी रमेशकुमार पटेल 41 वर्ष पुत्र शिव शंकर पटेल शुक्रवार की रात्रि में शराब के नशे में धान के खलिहान में सटक रहा था। नशे की हालत में वह खलिहान से निकलकर भद्री रेलवे स्टेशन के करीब भोरा का पुरवा के सामने रेलवे ट्रैक के पास बैठा था। किसी दौरान कोई ट्रेन आ गई। उसके धक्के से रमेश कुमार दूर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। अचेत अवस्था में लहूलुहान होकर वहीं पड़ा हुआ था। किसी व्यक्ति ने पुलिस को सूचना देकर बताया। सूचना पर पहुंची हथिगवां पुलिस ने घायल यवक को इलाज के लिए सीएचसी कुंडा में ले जाकर अज्ञात के रूप में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज रेफर कर दिया गया। कांस्टेबल मनजीत खरवार घायल युवक को ले जाकर भर्ती कराया। बाद में परिजनों को जानकारी हुई, तो पत्नी गुड़िया देवी समेत परिवार के अन्य लोग अस्पताल पहुंचे। जहां उसका गंभीर हालत में इलाज चल रहा है।

समाज शेखर को कौशाम्बी करारी में सांसद ने किया सम्मानित

समृद्धि न्यूज़, कुंडा-प्रतापगढ़।



कौशाम्बी जनपद के करारी इण्टर कॉलेज में विद्यालय व वसेरा संस्थान द्वारा बाल दिवस पर आयोजित ग्रामीण लोक गीत महोत्सव में प्रतापगढ़ के सामाजिक कार्यकर्ता समाज शेखर को मुख्य अतिथि सांसद कौशाम्बी पुष्पेन्द्र सरोज द्वारा बाल मित्र सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। समाज शेखर को यह सम्मान समाज सेवा, बच्चों के हित में किए जा रहे कार्यों और लोक संस्कृति के संरक्षण में उनके योगदान के लिए दिया गया। सम्मान समारोह में उन्हें अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। इस अवसर पर आयोजित लोक उत्सव में बच्चों ने लोक गीत, लोक नृत्य व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षक, अभिभावक व गणमान्य नागरिक सहित श्रृंगवेरपुर धाम के अध्यक्ष बाल कृष्ण पांडेय व पूर्व जिला सूचना अधिकारी जे एन यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

युवा नीति संवाद संपन्न

900 से अधिक युवाओं ने की सशक्त भागीदारी शिक्षा, रोजगार व कौशल विकास पर मंथन

समृद्धि न्यूज़, गड़वारा-प्रतापगढ़।

होप संस्था पॉलिटिकल के तत्वावधान में नगर पंचायत गड़वारा के रामलीला मैदान में युवा नीति संवाद-उत्तर प्रदेश का भव्य आयोजन किया गया। चर्चा, विचार-विमर्श और विकास की थीम पर आधारित इस महासंवाद में प्रतापगढ़ के 900 से अधिक युवाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य उत्तम प्रदेश को सर्वोत्तम प्रदेश बनाना और युवाओं को नीति-निर्माण में सक्रिय भागीदार बनाना रहा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रवक्ता व होप संस्था के संस्थापक डॉ. दिग्विजय सिंह, किरोड़ीमल कॉलेज के प्राध्यापक डॉ. अनंत प्रकाश, डॉ. प्रभांशु ओझा, विभाग प्रचारक ओमप्रकाश, पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी, किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष सोनू सिंह और समाज सेवक नवीन सिंह ने शिरकत की। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि युवा केवल सरकारी योजनाओं के लाभार्थी तक सीमित न रहें, बल्कि नीति-निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। डॉ. अनंत प्रकाश ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने के लिए युवाओं को प्रेरित किया। किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष सोनू सिंह ने कहा कि प्रदेश में कानून के राज और अपराध नियंत्रण से युवाओं के लिए शिक्षा व रोजगार का अनुकूल वातावरण बना है। प्रवक्ता डॉ. प्रभांशु ओझा ने कहा कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना और राज्य युवा आयोग के गठन से ग्रामीण क्षेत्रों के युवा भी यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षाएं पास कर रहे हैं। उन्होंने प्रतापगढ़ के सपूत स्वामी करपात्री जी महाराज का स्मरण करते हुए युवाओं को आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में जुटने का आह्वान किया। आयोजकों ने आश्वस्त किया कि इस संवाद से प्राप्त महत्वपूर्ण सुझावों को शासन तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में आशुतोष यादव, उत्सव कुमार राय, आर्यन, हिमांशु द्विवेदी और आदित्यनाथ तिवारी का विशेष सहयोग रहा।

हर्षोल्लास से मनाया गया बाल दिवस, मां सीता एकेडमी में सजी बाल मेले की रौनक

- बच्चों ने चाचा नेहरू को दी श्रद्धांजलि, स्टॉलों पर व्यंजनों का उठाया लुत्फ

समृद्धि न्यूज़, प्रतापगढ़।





जिले के रानीगंज तहसील अंतर्गत राजापुर स्थित मां सीता एकेडमी में शुक्रवार को बाल दिवस का पर्व बेहद धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रबंधक त्रिलोचन मिश्रा द्वारा देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू (चाचा नेहरू) के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इस दौरान समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों ने भी नेहरू जी को नमन किया। शिक्षकों ने बच्चों को बाल दिवस के इतिहास और इसके महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चाचा नेहरू का बच्चों के प्रति अगाध प्रेम था, यही वजह है कि उनके जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में सेलिब्रेट किया जाता है। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक आकर्षक बाल मेले का आयोजन किया गया, जहां बच्चों ने विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगाए। प्रिंसिपल ने छात्र-छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि हर बच्चा अपने आप में अद्वितीय और सर्वश्रेष्ठ है, इसलिए अपनी तुलना किसी से न करें। अंत में शिक्षकों और बच्चों ने मिलकर मेले की खुशियों का भरपूर आनंद लिया।

